अध्यात्मवाद या प्रत्ययवाद दर्शन की वह वैचारिक प्रणाली है जो आत्मा, मन, चैतन्य या प्रत्यय को विश्व की मूलभूत सत्ता या तत्व मानती है। यहां माना जाता है कि समस्त भौतिक पदार्थ का मूल मनस या आत्मा है। इसमें यह माना जाता है कि आत्म तत्व जड़ तत्व का किसी न किसी रूप में आधार है। अध्यात्मवाद जड़वाद का विपरीत सिद्धांत है। जड़वाद में जड़ या भौतिक तत्व को इस संसार का मूल कारण माना जाता है एवं जड़ की स्वतंत्रता सत्ता को स्वीकार करता है।

केवल प्रत्यय जगत को मानकर बर्कले ने लॉक के द्वैतवाद को खत्म कर दिया। वह अंतर्बोध को आत्मज्ञान व सामान्यों के ज्ञान का साधन मानता है। इस प्रकार हमारा ज्ञान मात्र अनुभव सापेक्ष प्रत्यय तक ही सीमित नही है। हमारा ज्ञान बौद्धिक होने के साथ ही पारमार्थिक भी है। ह्यूम अनुभववाद को तार्किक पराकाष्ठा पर पहुंचते हैं और क्योंकि तत्व मीमांसा का हमें

अनुभव नहीं होता अतः उन्होंने तत्व मीमांसीय सत्ता जैसे आत्मा, ईश्वर, द्रव्य इत्यादि की सत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगाया।

इकाई - 8 द्रव्य की समस्या

8.1 उद्देश्य

8.2 प्रस्तावना

8.3 द्रव्य की समस्या के समाधान से संबंधित प्रमुख दृष्टिकोण

8.3.1 बहुतत्ववाद

8.3.2 द्वितत्ववाद

8.3.3 एकतत्ववाद

8.3.1 बहुतत्ववाद के 4 रूप

8.3.1.1 यूनानी बहुतत्ववाद

8.3.1.2 आध्यात्मिक बहुतत्ववाद

8.3.1.3 व्यवहारवादी बहुतत्ववाद

8.3.1.4 नव्य वस्तु स्वातंत्रवादी बहुतत्ववाद

8.3.1.5 बहुतत्ववाद की समीक्षा

8.3.2 द्वितत्ववाद

8.3.2.1 द्वितत्ववाद की समीक्षा

8.3.3 एकतत्ववाद

8.3.3.1 स्पिनोजा का द्रव्य सिद्धांत

8.3.3.2 हेगल का मूर्त एकतत्ववाद

8.3.3.3 एकतत्ववाद की समीक्षा

8.4 सारांश

8.5 बोध प्रश्न

8.6 उपयोगी पुस्तक एवं संदर्भ ग्रंथ

----------0000----------

8.1 उद्देश्य

आदि काल से ही दार्शनिकों के बीच यह एक प्रमुख विषय चर्चा का रहा है कि यह विश्व किस परम तत्व से बना है। विश्व का 'मूल तत्व' क्या है या वह आधारभूत सत्ता क्या है जिससे संसार निर्मित हुआ है। मूल तत्व या आधारभूत सत्ता की खोज दर्शन की जिस शाखा के अंतर्गत किया जाता है उसे 'सत्ता मिमांसा' (Ontology) की संज्ञा दी जाती है। इस इकाई के अध्ययन के पश्चात हम सत्ता मिमांसा से संबंधित प्रमुख पाश्चात्य विचारधाराओं से परिचित हो सकेंगे।

8.2 प्रस्तावना

सर्वप्रथम यहां यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम 'विश्व मिमांसा' (cosmology) व 'सत्ता मिमांसा' का अंतर समझते हुए आगे बढ़े।

जब हम इस विचार-विमर्श में सम्मिलित होते हैं कि किस प्रक्रिया द्वारा इस संसार का विकास हुआ है और किन स्तरों से आगे बढ़ते हुए संसार अपने इस वर्तमान स्थिति/ अवस्था तक विकसित हुआ है। तब हम 'विश्व मिमांसा' के क्षेत्र में है। इससे पृथक जब हम इस तरह की समस्या पर विमर्श करते हैं कि संसार किस एक मूल तत्व से बना है या फिर अनेक तो इस तरह के विमर्श को 'सत्ता मिमांसा' (Ontology) कहा जाएगा।

इस इकाई में हम 'सत्ता मिमांसा' से संबंधित समस्या 'द्रव्य की समस्या' पर विचार करेंगे।

8.3 द्रव्य की समस्या

सृष्टि का परम तत्व या सृष्टि का अंतिम तत्व क्या है या ये कितने हैं इस समस्या के समाधान हेतु दार्शनिक मुख्य रूप से तीन दृष्टिकोण में वर्गीकृत किया जाते हैं :

8.3.1 बहुतत्ववाद Pluralism अर्थात सृष्टि में अनेक मूलतत्व है।

8.3.2 द्वितत्ववाद Dualism सृष्टि के दो आधारभूत तत्व है। अंतिम तत्व केवल दो है।

8.3.3 एकतत्ववाद (Monism) जिसके अनुसार सृष्टि का आधारभूत तत्व केवल एक हैं।

8.3.1 बहुतत्ववाद (Pluralism)

इस सिद्धांत के अनुसार संसार अनगिनत स्वतंत्र सत्ताओं का यांत्रिक समूह है। सृष्टि की विविधताओं की व्याख्या एक या दो तत्व से नहीं की जा सकती। संसार के मूल में अनेक तत्व है -

बहुतत्ववाद के रूप - मुख्य रूप से ये चार प्रकार के होते हैं -

1. यूनानी बहुतत्ववाद (Greek Pluralism)
2. आध्यात्मिक बहुतत्ववाद (Spiritualistic Pluralism)
3. व्यवहारवादी बहुतत्ववाद (Pragmatic Pluralism)
4. नव्य- वस्तुस्वातंत्र्यवादी बहुतत्ववाद (Neo-realistic Pluralism)

8.3.1.1 यूनानी बहुतत्ववाद

यूनानी दर्शन में सर्वप्रथम इम्पीडोकल्स (Empedocles) ने सृष्टि के चार मूल तत्व अग्नि, वायु, जल तथा पृथ्वी माना। इसके पश्चात डेमोक्रेट्स (Democritus) ने बताया कि विश्व का अंतिम तत्व असंख्य भौतिक परमाणु (Material Atoms) है जो सदा गतिशील रहते हैं। गतिशीलता इनका स्वभाव है। जब ये परमाणु विभिन्न

मात्राओं में परस्पर मिश्रित होते हैं तो सृष्टि के विविध पदार्थों को जन्म देते हैं। परमाणुओं की गति यांत्रिक नियमों से नियंत्रित होती है। परमाणुओं का कोई प्रयोजन नहीं है। विकास क्रम के विभिन्न स्तरों से गुजरते हुए ये भौतिक परमाणु चेतना को उत्पन्न करते हैं।

एपीक्यूरस का मानना है कि सृष्टि का न तो कोई सृजन होता है न ही विनाश, यह सब परमाणुओं की क्रीड़ा मात्र है। यह क्रीडा प्रयोजन रहित है। ये परमाणु रिक्त देश में घूमते रहते हैं। संसार की व्याख्या केवल यांत्रिक नियमों के आधार पर की जा सकती है। एपिक्यूरस के अनुसार चित्त या आत्मा पूर्णतः भौतिक है और पुद्गल अचित्त (Matter) से बना है। देह के नष्ट होते ही वह भी समाप्त हो जाती है।

8.3.1.2 आध्यात्मिक बहुतत्ववाद

जर्मन दार्शनिक लाइब्निट्ज को पाश्चात्य दर्शन में आध्यात्मिक बहुतत्ववाद का जनक कहा जा सकता है। उनके अनुसार विश्व का अंतिम तत्व आध्यात्मिक परमाणु है जो की चिद् बिंदु (Monads) है।

(a) चिद् बिंदुओं का स्वरूप

भौतिक वस्तुओं से भिन्न चिद् बिंदु अविस्तृत चेतन अणु है जो आत्म क्रियाशील (self active) है। ये तत्वमिमांसीय (Metaphysical point) हैं। चिद् बिंदु अनादि - अनंत व नित्य है। ये निरवयव, अविभाज्य व चेतन हैं।

(b) चिद् बिन्दुओ के प्रकार

चिद् बिंदुओं में केवल परिमाणात्मक भेद है। संसार में दृश्यमान विविधताएं इनके परिमाणात्मक भेद के कारण है। इनमें कोई गुणात्मक भेद नहीं होता। चैतन्य के परिमाणात्मक स्वरुप भेद के अनुरूप चिद् बिंदुओं की पांच श्रेणियां है -

(i) प्रथम श्रेणी में तथाकथित जड़ तत्व आते हैं, इसमें चैतन्य सुप्तरुप या मूर्च्छित रूप में विद्यमान रहता है।

(ii) द्वितीय श्रेणी में वनस्पति जगत आता है जिसमें चैतन्य स्वप्न जैसी अवस्था में स्थित रहता है। यहां प्राण का स्पंदन सूक्ष्म रूप में होता है।

(iii) तृतीय श्रेणी में पशु जगत का स्तर आता है। यहाँ चिद् बिंदु चेतन चिद् बिंदु होते हैं। यह स्पष्ट संवेदन व क्षीण ज्ञान का स्तर है। यहाँ चैतन्य जागृत होता है।

(iv) चतुर्थ श्रेणी मानव जगत का स्तर है। यहाँ चैतन्य स्वचैतन्य या चिद् बिंदु स्वचेतन चिद् बन जाते हैं।

(v) पांचवीं श्रेणी यह स्पष्टम एवं पूर्ण ज्ञान का स्तर है। इसमें केवल एक परम चिद् बिंदु है। इसे लाइब्निट्ज- ने ईश्वर कहा है। यह अन्य चिद् बिंदुओं की सृष्टि करता है।

संसार के जीव चिद् बिंदुओं के समूह है। शरीर में चिद् बिंदुओं के समूह में एक चिद् बिंदु मुख्य होता है जिसे जीव धारी की आत्मा कहा जाता है। आत्मा स्वचेतन व जागृत चिद् बिंदु है और अन्य चिद् बिंदुओं का समूह जो सुप्तावस्था में होते हैं जीवधारी का शरीर है।

प्रत्येक चिद् बिंदु दूसरे सामान्य चिद् बिंदु से निरपेक्ष हैं। प्रत्येक चिद् बिंदु मात्र परमात्मा पर ही निर्भर है। प्रत्येक चिद् बिंदु बंद कमरे के समान होता है जिसमें कोई खिड़की नहीं होती अर्थात अन्य चिद् बिंदुओं से किसी प्रकार का आदान-प्रदान या अन्य कोई संबंध नहीं होता।

पूर्व स्थापित सामंजस्य (Pre established harmony)

प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि यदि प्रत्येक चिदणु स्वतंत्र या निरपेक्ष है तो मनस या शरीर के संबंध की व्याख्या कैसे की जा सकती है?

लाइब्निट्ज इसका समाधान देते हुए कहते हैं कि यह सत्य है कि चिदणु एक दूसरे से निरपेक्ष है फिर भी ईश्वर ने उन्हें एक तंत्र में बांध रखा है जिसे 'पूर्व स्थापित सामंजस्य'कहा जाता है। जिस प्रकार एक घड़ीसाज दो घड़ियाँ बनाकर उनमें एक प्रकार की व्यवस्था कर देता है कि वे दोनों एक समय बताती हैं। वैसे ही ईश्वर

मनस व शरीर का सृजन करते समय ऐसी व्यवस्था कर देता है कि एक में कोई क्रिया हो तो उसके प्रतिक्रिया दूसरे में अवश्य दिखाई पड़ती है।

चिद् बिंदुओं में ब्रह्मांड का प्रतिनिधित्व है चिद् बिंदुओं में जो चित्त शक्ति है उसमें संपूर्ण विश्व का भूत, वर्तमान व भविष्य सूक्ष्म रूप से विद्यमान रहता है। चिद् बिंदु के क्रमिक विकास के साथ चैतन्य की अभिवृद्धि होती है। उसका ज्ञान अधिक स्पष्ट हो जाता है और वह विश्व को अधिकाधिक प्रतिबिंबित करने लगता है।

8.3.1 -3 व्यवहारवादी बहुतत्ववाद

अमेरिकी दार्शनिक विलियन जेम्स ने हीगेल के निरपेक्ष सत्तावाद (absolutism) पर प्रतिक्रिया स्वरूप कहा है कि यह विश्व एक ही निरपेक्ष सत्ता या तत्व का प्रकाश नहीं है। विश्व के मूल में अनेक तत्व हैं जिनसे इसका निर्माण हुआ है। इस विश्व में अनेक प्रकार की स्वतंत्र सत्ताएं हैं। यह विश्व एकात्मक न होकर अनेकात्मक है। जेम्स के अनुसार यह विश्व बंद ब्रह्मांड (Block Universe) नहीं है जहां पर सब कुछ ईश्वर द्वारा पहले से निर्धारित कर दिया गया है। जेम्स के अनुसार विश्व स्वतंत्रत, अनिर्धारित व विविधताओं से परिपूर्ण है। परिवर्तनशीलता ही विश्व का स्वभाव है। जीव स्वतंत्र है और स्वयं अपने भाग्य का निर्माता है। ईश्वर महान चेतन सत्ता है परंतु अनंत सत्ता नहीं जो समस्त विश्व की घटनाओं को नियंत्रित करें।

जेम्स के अनुसार यदि हम हीगेल के निरपेक्ष सत्तावाद को मानें तो हम निराशावाद व भाग्यवाद (Fatalism) से घिर जाएंगे और अकर्मण्य, प्रमादी व निरुत्साही बन जाएंगे। क्योंकि हीगेल के अनुसार सभी वस्तुएं व घटनाएं निरपेक्ष सत्ता का बाह्य प्रकाश या बाह्य रूप है, वे पूर्णरूपेण उस निरपेक्ष सत्ता पर अवलंबित हैं। जीव की समस्त क्रियाएं उस सत्ता द्वारा ही नियंत्रित होती है।

हीगेल के विपरीत जेम्स दर्शन में सच्ची स्वतंत्रता को स्वीकार करते हैं। प्रत्येक मनुष्य अपना लक्ष्य और अपना शुभ चुनने के लिए स्वतंत्र है।

8.3.1.4 नव्य-वस्तुस्वातंत्र्यवादी बहुतत्ववाद

नव्य वस्तुस्वातंत्र्यवादी बहुतत्ववाद भी हीगल के निरपेक्ष सत्तावाद की प्रतिक्रिया स्वरूप विकसित हुआ। यह विश्व की विविधता के बजाय विचार एवं मूल्य की विविधता व विलक्षणता पर बल देता है। मानसिक घटनाएं भी भौतिक घटनाओं जितनी ही सत्य होती हैं। जैसे विभिन्न तार्किक सिद्धांत और विविध मूल्य बाह्य वस्तुओं की भांति देश - काल में स्थित नहीं है फिर भी वह सत् (subsistent) अवश्य हैं। संसार का स्वरूप यांत्रिक न होकर प्रयोजनात्मक है। अतः नई-नई आवश्यकताओं के अनुरूप नई-नई वस्तुओं और मूल्यों की सृष्टि स्वाभाविक रूप से होती है। इनके अनुसार बाह्य वस्तुओं की सत्ता मनस पर निर्भर नहीं है बल्कि मनस ही बाह्य वस्तुओं की सत्ता पर आश्रित है।

विभिन्न बहुतत्ववाद की मूलभूत विशेषताएं

1) विश्व की वस्तुओं में आंतरिक संबंधों का आभाव जगत की विविधताओं को सिद्ध करता है जैसे एक वस्तु के नष्ट हो जाने से दूसरी वस्तु के स्वरूप पर फर्क नहीं पड़ता।

2) हम अपने प्रत्यक्ष अनुभव से यह पाते हैं कि विश्व अनेकात्मक है केवल बौद्धिक आधार पर इस विविधात्मक विश्व की व्याख्या मात्र एकतत्व द्वारा नहीं की जा सकती।

3) यदि बुद्धि से विचार करें तो भी संसार में अनेकता ही दृष्टिगत होती है। जैसे - भौतिक पदार्थ और मानसिक घटनाओं को एक ही नहीं कहा जा सकता।

4) विश्व में सदैव नवीन घटनाएं होती रहती हैं। नवीन वस्तुओं और मूल्यों की उत्पत्ति होती रहती है। अतः विश्व की व्यवस्था पूर्व निर्धारित नहीं है।

5) विश्व में केवल भौतिक पदार्थ सत्य नहीं है बल्कि विचार और मूल भी सत्य है।

6) मनुष्य अपने भाग्य का स्वयं निर्माता है क्योंकि उसे कम करने की स्वतंत्रता प्राप्त है।

8.3.1.5 बहुतत्ववाद की समीक्षा

यह सिद्धांत जनसाधारण को सरलता से समझ आ जाता है। परंतु इस सिद्धांत में कुछ दार्शनिक कठिनाइयां हैं -

1) बहुतत्ववादी विश्व की अनेकतत्वता को अनुभव के द्वारा सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। परंतु ध्यान से देखें तो हम पाएंगे कि जहां एक ओर हमारा अनुभव विश्व की विविधता, अनेकात्मकता का दर्शन करता है, वहीं दूसरी ओर हमें विश्व की एकात्मकता सादृश्यता का भी अनुभव कराता है। सृष्टि की अनेकता के पीछे निहित एकता के पक्ष पर ध्यान देने से संपूर्ण विश्व धीरे-धीरे हमें एकरूपता से युक्त दिखने लगता है।

2) विज्ञान के नियम सार्वभौमिक होते हैं। बौद्धिक विचार अनुभव से कहीं अधिक जगत की एकात्मकता की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करता है। ज्ञान विज्ञान का आधार सृष्टि की एकरूपता का सिद्धांत है अन्यथा यह संभव न हो पाता।

3) बहुतत्ववाद वस्तुओं में बाह्य संबंध स्वीकार करता है। अब यदि पदार्थ एक दूसरे से पूर्ण स्वतंत्र व निरपेक्ष है तो उनमें संबंध की स्थापना कर पाना भी संभव न होगा।

यदि हम संसार की वस्तुओं को ध्यान से देखे तो हम पाते हैं कि विभिन्न वस्तुएं एक दूसरे को विशेष प्रकार से प्रभावित करती है। इनमें विशेष प्रकार का आंतरिक संबंध होता है, जैसे पेट्रोल से अग्नि प्रज्वलित हो जाती है तो वहीं जल से बुझ जाती है। इस उदाहरण से यह स्पष्ट है कि विभिन्न पदार्थ आंतरिक रूप से सम्बद्ध हैं। पदार्थ एक दूसरे से स्वतंत्र या निरपेक्ष नहीं है। पदार्थ की आंतरिक संबद्धता से विश्व की एकात्मकता का ज्ञान होता है।

4) बहुतत्ववादी व द्वितत्ववादी दोनों मनस और शरीर के पारस्परिक संबंध की समस्या का उपयुक्त समाधान नहीं कर पाते क्योंकि उनके अनुसार मनस और शरीर एक दूसरे से भिन्न है और तर्कशास्त्र कहता है कि जब तक दो वस्तुओं में कुछ

समानता न हो तब तक उनके मध्य क्रिया प्रतिक्रिया संभव नहीं है। इसी कारण से लाइब्निट्ज और डेकार्ट के समाधानों में अनेक तार्किक दोष मिलते हैं।

5) यद्यपि विश्व में विविधता है, विलक्षणता है तथापि साथ ही साथ वस्तुओं और जीवधारियों में सुव्यवस्था, सहयोग और तारतम्य भी है। बहुतत्ववाद के आगे विश्व में व्याप्त इस व्यवस्था की व्याख्या का प्रश्न चुनौती के रूप में खड़ा हो जाता है कि जब विश्व में अनेक स्वतंत्र व निरपेक्ष तत्व है तो यह व्यवस्था कैसे संभव होती है?

यूनानी परमाणुवादी विश्व का अंतिम तत्व असंख्य परमाणुओं को मानते हैं जो अचेतन है, परंतु ये परस्पर मिलकर किस प्रकार से एक सुव्यवस्थित सृष्टि की रचना करते हैं यह स्पष्ट नहीं हो पाता है।

आध्यात्मिक बहुतत्ववादी लाइब्नीत्ज विश्व में व्याप्त सुव्यवस्था की व्याख्या 'पूर्व स्थापित सामंजस्य' सिद्धांत द्वारा करने का प्रयास करते हैं। उनके अनुसार एक चिदणु में क्रिया के द्वारा दूसरे चिदणु में प्रतिक्रिया होने का कारण चिदणुओं का परस्परिक संबंध नहीं बल्कि ईश्वर द्वारा स्थापित 'पूर्व सामंजस्य' है। लाइब्नीत्ज के इस सिद्धांत से चिदणुओं के स्वतंत्रता बाधित होती है क्योंकि तब ये चिदणु ईश्वर के हाथ की कठपुतली मात्र बन जाते हैं। वहीं लाइब्नीत्ज चिदणुओं को स्वतंत्र ही मानते हैं। ऐसी स्थिति में दोनों विरोधाभासी व्याख्या को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

व्यवहारवादी बहुतत्ववादी भी वस्तुओं व जीवों की स्वतंत्रता पर बल देते हैं जिससे विश्व की व्यवस्था और सामंजस्य की समुचित व्याख्या या समाधान यहां भी प्राप्त नहीं हो पाता।

6) बहुतत्ववादी सिद्धांत अनेक स्वतंत्र केंद्रीय सत्ताएं मानते हैं जिससे स्वाभाविक रूप से इन सिद्धांतों में ईश्वर की केंद्रीय सत्ता लुप्त हो जाती है। यूनानी बहुतत्ववाद ईश्वर जैसे किसी केंद्रीय सत्ता को स्वीकार नहीं कर पाता। लाइब्नीत्ज अपने बहुतत्ववाद में ईश्वर को स्थान देते हैं किंतु वह उनके चिदणुओ (स्वतंत्र तत्वों) में से एक चिदणु मात्र बन कर रह जाता है। निश्चय ही ऐसा ईश्वर - ईश्वर कहलाने के

पात्र नहीं रह जाता। व्यवहारवादी बहुतत्ववादी अमेरिकी दार्शनिक विलियम जेम्स जीवों के कर्म स्वातंत्र्य को सुरक्षित रखने के लिए ईश्वर को अनेक चेतन सत्ताओं में से एक महान चेतन सत्ता मात्र माना है। इस प्रकार यहां भी ईश्वर के ईश्वरत्व को सीमित कर दिया जाता है।

इस प्रकार नव्य वस्तुस्वातंत्र्यवादी ईश्वर को मूल्यों की समष्टि मात्र मानते हैं। ऐसी स्थिति में यह ईश्वर धर्मनिष्ठ जनसामान्य के लिए जगत सृष्टा या जगात पलक ईश्वर का रूप नहीं ले पाएगा।

8.3.2 द्वितत्ववाद (Dualism)

हम अपने चारों ओर ध्यान से देखें हैं तो हम पाते हैं कि हम दोनों तरह के तत्वों का अनुभव करते हैं, एक जो जड़ है और दूसरा जो चेतन है। चेतन प्राणियों में इच्छा, संकल्प, भावना, संवेग, कल्पनाएं, विचार आदि होते हैं। वहीं अचेतन या जड़ में संवेग, संकल्प, भावना, ज्ञान या चेतना का अभाव होता है। द्वितत्ववादियों के अनुसार जड़ एवं चेतना ब्रह्मांड के आधारभूत तत्व है जो पृथक-पृथक है इन्हें एक दूसरे के रूप में नहीं परिणत किया जा सकता।

1. प्लेटो -

पाश्चात्य जगत में सर्वप्रथम द्वितत्ववाद का समर्थन यूनानी दार्शनिक प्लेटो के दर्शन में मिलता है। उनके अनुसार सृष्टि के दो परमतत्व है - "शिवम" या शुभ का प्रत्यय और दूसरा पुद्गल (Matter)

शुभ सार्वभौम प्रत्यय है। विभु एवं चेतन तत्व है। दूसरी ओर पुद्गल इसके विपरीत अचेतन एवं भौतिक है, अनित्य है, अपूर्ण है। शिव नित्य एवं पूर्ण है।

2. अरस्तु -

अरस्तु के अनुसार सृष्टि के दो मूल तत्व हैं (1) पुद्गल (द्रव्य) और (2) आकार (Form) । पुद्गल विशिष्ट व सीमित है जबकि आकार सार्वभौम व विचार रूप है।

3. डेकार्ट

फ्रांसीसी दार्शनिक डेकार्ट संसार के दो परमतत्वों को मानते हैं - अचित्त एवं चित्त दोनों को वह द्रव्य कहते हैं। उनके अनुसार "द्रव्य वह है जिसकी स्वतंत्र सत्ता हो अपने अस्तित्व के लिए अन्य तत्व या सत्ता पर निर्भर नहीं रहता"। और डेकार्ट अपनी ज्ञान मिमांसा में यह पाते हैं कि ऐसी सत्ता केवल दो प्रकार की होती है (यद्यपि वे तीन द्रव्य मानते हैं परंतु सत्ता का प्रकार दो ही होता है)। ये दो प्रकार की सत्ताएं है - अचित्त एवं चित्त। इन द्रव्यों के गुण भिन्न है। अचित्त का गुण 'विस्तार' है तो वहीं चित्त का गुण 'विचार' है। अचित्त स्थान घेरता है जबकि चित्त स्थान नहीं घेरता। चित्त विभु (सर्वव्यापक) व चैतन्य है। चित्त अविभाज्य है। अचित्त विभाज्य है। यहाँ प्रश्न उठता है कि जब चित्त व अचित्त विरोधी तत्व है तो इनमें संबंध कैसे स्थापित होता है? इसका उत्तर डेकार्ट अंतर्क्रियावाद (Interactionism) के सिद्धांत द्वारा देते हैं। उनके अनुसार मस्तिष्क के मध्य में स्थित पीनियल ग्रंथि (Gland) द्वारा दोनों के मध्य क्रिया प्रतिक्रिया संभव होती है।

भाषा के स्तर पर यदि हम देखें तो हम पाते हैं कि भाषा के स्तर पर भौतिक पदार्थ तथा मानसिक घटनाओं का विभाजन रहता है। हम जिन शब्दों का प्रयोग भौतिक पदार्थों के लिए करते हैं उनसे भिन्न शब्दों का प्रयोग मानसिक घटनाओं के लिए करते हैं। अतः भाषा के स्तर पर हम कहीं न कहीं द्वितत्ववाद को स्वीकार करते हैं।

सामान्य अनुभव में भी हम पाते हैं कि भौतिक पदार्थों के लक्षण व मानसिक क्रियाओं के लक्षण परस्पर भिन्न होते हैं। भौतिक तत्वों व घटनाओं का हम अपनी पांच ज्ञानेंद्रियों द्वारा प्रत्यक्ष कर लेते हैं किंतु मानसिक घटनाओं का इंद्रिय प्रत्यक्ष नहीं होता। इनका केवल अंतर्दर्शन (Introspection) द्वारा अनुभव किया जाता है।

हम यदि मानसिक तत्वों को न स्वीकार करें तो स्मृति व स्वप्न आदि की संभावना भी नहीं रह जाएगी क्योंकि दोनों (स्मृति व स्वप्न) भौतिक पदार्थों से बिल्कुल पृथक होते हैं।

अनेक दर्शनिकों व वैज्ञानिकों ने अचित्त एवं चित्त तत्व को एक दूसरे में घटित करने का प्रयास किया है किंतु उनका प्रयास सफल नहीं रहा। जिससे भी यह प्रमाणित होता है कि अचित्त व चित्त एक दूसरे से पूर्णता स्वतंत्र परम तत्व है।

8.3.2.1 द्वितत्ववाद की समीक्षा

द्वितत्ववाद के जड़ एवं चेतन पूर्ण स्वतंत्रत और विरोधी गुण वाले हैं। तब प्रश्न यह उठता है कि इनका परस्पर सामंजस्य या सहयोग कैसे हो जाता है और वह कैसे परस्पर मिलकर इस विश्व की व्यवस्था में सहयोगी हो जाते हैं?

यूनानी दार्शनिक प्लेटो के अनुसार शुभ के प्रत्यय की छाप जड़ पर पड़ती है तो जगत का विकास होता है परंतु शुभ का प्रत्यय और पुद्गल विरोधी तत्व हैं। उनमें कोई समान गुण है ही नहीं तो वह एक दूसरे की छाप को कैसे ग्रहण कर पाते हैं?

डेकार्ट ने शरीर व मनस के संबंध की समस्या का समाधान मस्तिष्क में स्थित पीनियल ग्रंथि द्वारा करने का प्रयास किया परंतु डेकार्ट एक ओर मनस या चित्त को अभौतिक और विस्ताररहित तत्व बताते हैं और दूसरी और उसे एक स्थल पर विद्यमान मानते हैं। यदि शरीर और मनस क्रिया - प्रतिक्रिया करते हैं तो उनके मूलभूत स्वरूप में कुछ समानता होनी आवश्यक है। परस्पर विरोधी होने पर यह संभव नहीं लगता। वर्तमान समय में विज्ञान में शक्ति संरक्षण के नियम (Law of Conservation) को स्वीकार किया जाता है। यदि शरीर चित्त पर क्रिया करता है तो भौतिक शक्ति का ह्रास होगा और मानसिक शक्ति की अभिवृद्धि होगी। वहीं दूसरी ओर जब चित्त शरीर पर क्रिया करता है तो मानसिक शक्ति का ह्रास होगा और शारीरिक शक्ति की अभिवृद्धि। इस प्रकार से इन परिवर्तनों में शारीरिक शक्ति का कुछ अंश मानसिक शक्ति का रूप धारण कर लेता है और मानसिक शक्ति का कुछ हिस्सा शारीरिक शक्ति का रूप ग्रहण कर लेता है। डेकार्ट चूँकि शक्ति के एकतत्व को इस रूप में स्वीकार नहीं करते अतः वे शक्ति संरक्षण के नियम को स्वीकार नहीं करते हैं।

● शरीर एवं चित्त के बीच संबंध की व्याख्या करते हुए गिलीनेक्स (Geulincx) एवं मेलब्रांश (Malebranche) ने यथावसरवाद (Occasionalism) का सहारा लिया है, जिसके अनुसार जब चित्त में भावना, संकल्प, ज्ञान के रूप में कोई परिवर्तन या क्रिया होती है तो ईश्वर उसी के अनुरूप शरीर में परिवर्तन उत्पन्न करता है और जब शरीर में परिवर्तन या क्रिया होती है तो ईश्वर चित्त में इस प्रकार की संवेदनाएं (Sensations) उत्पन्न कर देता है।

परंतु इस प्रकार का विचार दार्शनिकों की कल्पना प्रतीत होता है, प्रामाणिक नहीं लगता।

● ज्ञानमिमांसीय दृष्टिकोण से द्वितत्ववाद के सम्मुख कठिनाई उत्पन्न होती है कि यदि चित्त एवं अचित्त एक दूसरे से स्वतंत्र तत्व है तो चित्त को अचित्त या भौतिक पदार्थ का ज्ञान कैसे होता है? और यह तो सत्य है कि चित्त को अचित्त का ज्ञान होता है। यह प्रत्यक्ष अनुभव से सिद्ध होता है, किंतु द्वितत्ववादी दार्शनिक इस ज्ञानमिमांसीय समस्या का कोई समाधान नहीं कर पाते।

8.3.3 एकतत्ववाद (Monism)

जब हम संसार के विभिन्न वस्तुओं के मूल स्वरूप के विषय में गंभीरता से विचार करना प्रारंभ करते हैं तो एक सत्य जो झलकने लगता है कि सृष्टि की अनेकता के पीछे सदैव एकता छिपी रहती है। मिट्टी के विभिन्न पात्रों को देखकर हम आसानी से यह अनुमान कर लेते हैं कि इन सब पात्रों के पीछे एक ही द्रव्य अर्थात मिट्टी ही है। विभिन्न मशीनों, उपकरणों को देखकर हम तुरंत समझ जाते हैं कि यह सब एक ही धातु 'लौह' से बने हैं। इसी प्रकार संसार के विभिन्न वस्तुओं के विषय में हम इस निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं कि ये वस्तुएं किसी एक मूल द्रव्य के ही परिवर्तित रूप हैं। अनेक विचारक एकतत्ववाद सिद्धांत का प्रतिपादन करते हैं जिसका मूल विचार एक ही है कि समग्र विश्व का मूल तत्व या परम तत्व एक ही है। सृस्टि की विविधताएं इसी एक तत्व की अभिव्यक्ति है या फिर एकता में

अनेकता का भ्रम है। विश्व के समस्त चेतन अचेतन सभी इस मूल तत्व का ही एक रूप है।

8.3.3.1 स्पिनोजा का द्रव्य सिद्धान्त

स्पिनोजा डेकार्ट के द्वैतवाद की आलोचना करके अपने एकतत्ववाद को स्थापित करते हैं। डेकार्ट ने कहा था कि द्रव्य वह है जिसकी स्वतंत्र सत्ता हो, जिसे अपने अस्तित्व के लिए किसी अन्य पर निर्भर नही रहना पड़ता, परंतु साथ ही डेकार्ट ने पुद्गल एवं मनस या चित्त एवं अचित्त दो द्रव्य के स्वतंत्र अस्तित्व को स्वीकार किया, साथ ही परम द्रव्य के रूप में ईश्वर को स्वीकार कर लिया। उनका मानना था कि चित्त और अचित्त सापेक्ष द्रव्य हैं, जबकि ईश्वर निरपेक्ष द्रव्य है। स्पिनोजा डेकार्ट के इन विचारों पर वदतोव्याघात का दोष दिखाते है क्योंकि द्रव्य या तत्व स्वतंत्र होने के कारण सापेक्ष नही हो सकते। द्रव्य को स्वतंत्र मानकर फिर उन्हें सापेक्ष कहना अनुचित है।

स्पिनोजा के अनुसार ईश्वर ही एकमात्र द्रव्य हो सकता है क्योंकि वह ही एकमात्र निरपेक्ष तत्व है। चित्त एवं अचित्त स्वयं द्रव्य नही अपितु परम द्रव्य ईश्वर के ही दो गुण हैं। ईश्वर सभी गुण का एकमात्र आधार या अधिष्ठान है। संसार की सभी चीज उस पर आश्रित है किंतु वह स्वआश्रित है।

द्रव्य की परिभाषा देते हुए स्पिनोजा कहते हैं "द्रव्य वह है जिसकी स्वतंत्र सत्ता हो। उसके अस्तित्व एवं ज्ञान के लिए किसी दूसरी वस्तु के अस्तित्व या ज्ञान की आवश्यकता न हो अर्थात जो स्वतः ही स्थित है और अपने ही द्वारा समझा जा सकता है जिसे समझने के लिए किसी दूसरे तत्व को समझने की आवश्यकता नहीं है।"

अब यदि द्रव्य पूर्णतया स्वतंत्र सत्ता हो तो यह अनंत सत्ता भी होगी क्योंकि तभी यह स्वतंत्र सत्ता कही जा सकेगी। सीमित सत्ता को स्वतंत्र नहीं कहा जा सकता। इसके साथ-साथ यह भी स्वीकार करना पड़ेगा की यह सत्ता केवल एक ही है क्योंकि एक से अधिक सत्ता होने पर यह दूसरी सत्ता से सीमित हो जाएगी। यह स्वयं अपना

कारण है या स्वयंभू है। यदि इसकी उत्पत्ति दूसरे तत्व/ सत्ता से मानी जाए तो प्रथमता दो तत्व हो जाएंगे दूसरा द्रव्य स्वतंत्र न होकर दूसरे पर आश्रित हो जाएगा। द्रव्य वैय्यक्तिकता (Individuality) तथा व्यक्तित्व (Personality) से परे है क्योंकि यह दोनों निर्धारण (Determination) के कारण है जबकि स्पिनोजा मानते हैं कि 'प्रत्येक निर्धारण निषेधात्मक होता है' "All determination is negation"

गुण -

स्पिनोजा के अनुसार द्रव्य (ईश्वर) के अनंत गुण (Attributes) है। गुण क्या है? स्पिनोजा के अनुसार "गुण से मेरा अभिप्राय उस तत्व (विशेषताओं) से है जिसे बुद्धि द्रव्य का मूल स्वरूप समझती है।" इस परिभाषा से दो प्रकार की व्याख्या संभव है। यदि हम 'बुद्धि समझती है' इस अंश पर बल दें तो आत्मनिष्ठ व्याख्या (subjective interpretation) संभव है और यदि 'द्रव्य का मूल स्वरूप' अंश पर बल देते हैं तो इस सिद्धांत की 'वस्तुनिष्ठ व्याख्या (objective interpretation) प्रस्तुत की जा सकती है।

आत्मनिष्ठ व्याख्या के अनुसार गुण वस्तुतः द्रव्य में विद्यमान नहीं है। यह हमारी बुद्धि है जो उन्हें द्रव्य में विद्यमान समझती है। वस्तुनिष्ठ व्याख्या के अनुसार गुण वस्तुतः द्रव्य के स्वरूप हैं। वे हमारे बुद्धि की समझ पर आधारित नहीं है।

अब यदि हम प्रथम व्याख्या को मानें तो हमें ईश्वर या परम द्रव्य को निर्गुण कहना होगा। क्योंकि ईश्वर में जो गुण हमको दिखते हैं वे हमारी बुद्धि के कारण दिखाई देते हैं वह वास्तविक नहीं है।

यदि गुण की दूसरी व्याख्या को स्वीकार किया जाये तो यह मानना होगा की गुण बुद्धि द्वारा द्रव्य पर आरोपित या कल्पित नही है बल्कि द्रव्य के वास्तविक धर्म हैं। हमारी कल्पना शक्ति इनका आविष्कार नहीं कर सकती। इनकी वस्तुनिष्ठ सत्ता है। इस व्याख्या को स्वीकार करने पर ईश्वर सगुण हो जाएगा। गुणों की इन विरोधी व्याख्या के चलते स्पिनोजा का दर्शन अनेक विरोधी नाम से अभिहित किया

जाता है। स्पिनोजा के अनुसार यद्यपि द्रव्य या ईश्वर अनेक गुणों से युक्त है फिर भी इनमें से केवल दो गुण विचार एवं विस्तार मुख्य है। विचार एवं विस्तार दोनों एक ही सार्वभौमिक सत्ता के प्रकाश हैं और दोनों का स्तर समान है।

विकार (Modes)

स्पिनोजा के अनुसार विश्व के समस्त पदार्थ द्रव्य के विकार (Modes) हैं। विकार द्रव्य के गुणों के परिवर्तित रूप (Modification) हैं। विकार वह है जो द्रव्य में स्थित होता है। विकार की धारणा केवल द्रव्य के गुणों के परिवर्तित रूप में ही की जा सकती है। स्वतंत्र रूप में विकार का कोई अस्तित्व नहीं है और न ही इसकी कोई धारणा (Conception) की जा सकती है। विकार वह है जो अन्य वस्तुओं में हो या अन्य वस्तुओं के द्वारा समझा जा सके। विकार की कोई स्वतंत्र सत्ता नहीं होती। इसका संबंध द्रव्य से वैसा ही है जैसा की तरंगों का संबंध समुद्र से है। बिना तरंगों का समुद्र हो सकता है किंतु बिना समुद्र के तरंगे संभव नही हो सकती। विश्व की विशिष्ट वस्तुओं को विकार कहा जा सकता है। विशिष्ट वस्तुएं सीमित हैं और ईश्वर या परम द्रव्य असीमित है।

विचार के पर्याय हैं - बुद्धि एवं संकल्प

विस्तार के पर्याय हैं - गति और स्थिति

ईश्वर व प्रकृति

स्पिनोजा अपने ग्रंथ एथिक्स (Ethics) में कहते हैं कि सब कुछ ईश्वर है और सब कुछ उसी में विद्यमान तथा गतिमान है। केवल निमित्तेश्वरवादियों के विपरीत वह यह मानता है कि ईश्वर संसार से परे न होकर संसार में व्यापक है। संसार ईश्वर के अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं है। वह ईश्वर भाव में खोए हुए व्यक्ति थे जो सर्वत्र ईश्वर ही ईश्वर देखते थे। उन्हें सारा संसार ही ईश्वरमय दृष्ट होता था। स्पिनोजा के इस शाश्वत, निरपेक्ष, असीम, अनंत, अविभाज्य, स्वतंत्र सार्वभौमिक द्रव्य को मौलिक भाषा में प्रकृति एवं धार्मिक भाषा में ईश्वर कहते हैं। द्रव्य, प्रकृति

एवं ईश्वर एक ही है। ईश्वर इस जगत में है और जगत ईश्वर में। वही समस्त वस्तुओं का मूल स्रोत है। दोनों एक रूप है। उनमें कारण कार्य का भेद नहीं है। ईश्वर कारण प्रकृति (Natura Naturans) है, साथ ही वह समस्त वस्तुओं का योग 'कार्य प्रकृति' (Natura Naturata) भी है।

स्पिनोजा अद्वैतवादी है। ईश्वर व जगत दोनों यथार्थ है। प्राकृतिक नियम ईश्वर के नियम हैं और उनमें परिवर्तन नहीं किये जा सकते। इस प्रकार वह ईश्वरीय नियतिवाद को मानता है।

स्पिनोजा के अनुसार ईश्वर में मानवों की भांति इच्छा, संकल्प, दया, क्षमा, प्रेम, कृपा आदि कोई गुण नहीं है। वह निर्विकार व निराकार है। उसकी इस मान्यता के कारण यहूदी समाज उससे रुष्ट हो गया और उसे नास्तिक की संज्ञा दी।

वस्तुतः स्पिनोजा ने ईश्वर में मानवीय गुणों का निषेध करके उसे मानवीय सीमाओं तथा दुर्बलताओं से मुक्त रखा जिससे धर्म को अधिक ठोस आधार मिले।

शरीर एवं मन का संबंध

स्पिनोजा मानते हैं की चित्त और अचित्त एक ही परमतत्व 'द्रव्य के दो गुण हैं। यह दोनों परस्पर भिन्न होते हुए भी विरोधी नहीं है। क्योंकि दोनों एक ही प्रकाश की दो किरणों की भांति हैं, रश्मियो की भांति हैं या एक ही धुरी के दो पहिये हैं। संसार की प्रत्येक वस्तु दैहिक एवं मानसिक दोनों होती है। कोई घटना एक दृष्टिकोण से दैहिक कहलाती है तो दूसरे दृष्टिकोण से मानसिक। शारीरिक एवं मानसिक क्रियाएं एक दूसरे का कारण नहीं वरन दोनों समानांतर (Parallel) हैं।

नियतत्ववाद (Determinism)

स्पिनोजा के अनुसार संसार की घटनाएं, वस्तुएं, क्रियाएं नियंत्रित रहती हैं। जिस प्रकार गणित के नियमों में निश्चितता व अपरिवर्तनीयता है, उसी प्रकार जगत के सभी घटनाओं में नियंत्रितता (Determinacy) होती है।

स्पिनोजा इच्छा स्वातंत्र्य को न तो मानव में स्वीकार करते हैं न ही ईश्वर में। सभी घटनाएं नियति - नियमों से बद्ध है। ऐसी स्थिति में उसी क्रिया को स्वतंत्र कहा जा सकता है जो किसी वस्तु के स्वयं के स्वरूप से संचालित हो। यदि मनुष्य का व्यवहार उसके आत्मस्फुरित भावना से ही संचालित हो तो इसे स्वतंत्र व्यवहार कहा जाएगा। अतः स्वतंत्र व्यवहार वह है जो स्व + तंत्र अर्थात अपनी प्रकृति के व्यवहार या आत्मनियंत्रितता (Self Determined) व्यवहार को प्रदर्शित करे। आत्मस्फुरित भावना वह है जो मानव से आत्म सत्ता के तत्वों से निर्देशित हो। उसी भावना को आत्म सत्ता के तत्व से निर्धारित होना समझा जाएगा जो स्पष्ट हो और चूँकि स्पष्ट, परिस्पष्ट भावना बुद्धि से ही प्राप्त हो सकती है, इसलिए स्पिनोजा का मानना है की बौद्धिक जीवन ही स्वतंत्र जीवन है। इसी बौद्धिक जीवन को ईश्वरीय बौद्धिक प्रेम (Intellectual Love of God) कहा जाता है। बौद्धिक प्रेम दिखाता है कि सभी घटनाएं एकात्मक सत्ता ईश्वर से ही संचालित होती हैं। जो व्यक्ति वस्तुओं और घटनाओं को ईश्वरीय समझ कर उनके अनुसार स्पष्ट भावना से काम करता है वही स्वतंत्र या मुक्त व्यक्ति है।

इसके विपरीत जब व्यक्ति राग, द्वेष आदि भावों के वश में आकर कोई काम करता है तो वह बाह्य वस्तुओं के प्रभाव में होकर काम कर रहा है और यदि कोई बाह्य कारणों से नियंत्रित हो तो वह अपनी सत्ता के अनुसार काम नहीं करता। ऐसे व्यक्तियों की गति उस तिनके के समान मानी जाती है जो नदी की लहरों में वायु या लहरों आदि के प्रभाव से इधर-उधर बहता रहता है। ऐसे व्यक्ति स्वतंत्र न होकर अपने भावों के दास हैं।

अतः स्वतंत्र वही है जो बाह्य - संचालित न होकर आत्मनियंत्रित है। यदि मनुष्य अपने तत्व से संचालित होना चाहता है तो उसे बुद्धिगम्य भावनाओं या परिस्पष्ट भावनाओं के अनुसार काम करना होगा। यदि हमारे मन में कोई भाव उठे और हम उसे बुद्धि द्वारा समझ लें तो वह भाव, मात्र भाव न रहकर बौद्धिक भावना बन जाता है। भाव को जानने के लिए हमें उस भाव के पीछे के कारण - कार्य श्रृंखला को समझाना पड़ेगा। इसका स्पष्ट तरीका होगा कि किसी घटना को

समस्त विश्व के दृष्टिकोण से समझना आवश्यक है। सार्वभौम दृष्टिकोण से देखने पर हम यह समझ सकते हैं कि सभी घटनाएं ईश्वर से नियंत्रित है। जब हम यह समझ जाते हैं कि सभी घटनाएं ईश्वर की लीला है। तो किसी से ईर्ष्या, द्वेष का कोई सवाल ही नहीं रह जाता,तब भले बुरे का कोई भेद प्रासंगिक नहीं रह जाता। अच्छा तो यही होगा कि हम ईश्वर की पूर्णता में भागी हों।

स्पिनोजा का एकतत्ववाद न भौतिक एकतत्ववाद है न आध्यात्मिक एकतत्ववाद है क्योंकि उनका परमतत्व 'द्रव्य अपने मूल रूप में न आध्यात्मिक है न भौतिक। वह एक तटस्थ सत्ता (Natural Reality) है। भौतिकता तथा आध्यात्मिकता 'द्रव्य के दो पक्ष मात्र हैं।

8.3.3.2 हेगल का मूर्त एकतत्ववाद (Concrete Monism)

हेगल का मानना है कि एक तत्व एवं अनेक तत्व दोनों सत्य है और दोनों अनुभव के विषय हैं। यह दोनों एक ही परमतत्व के दो पक्ष हैं। जिस प्रकार ज्ञाता और ज्ञेय ज्ञान की प्रक्रिया में परस्पर विरोधी न होकर एक दूसरे के पूरक है, वैसे ही सीमित एवं असीमित, सापेक्ष तथा निरपेक्ष आदि भी विरोधी न होकर एक दूसरे के पूरक है। हेगल के अनुसार निरपेक्ष चैतन्य (Absolute consciousness) वह मूर्त सत्ता (Concrete Reality) है जिसमें समस्त विरोधी प्रत्यय का समन्वय हो जाता है। सृष्टि इसी निरपेक्ष चैतन्य या परमतत्व की बाह्य अभिव्यक्ति है। सृष्टि की विकास प्रक्रिया द्वारा परमतत्व अपने स्वरूप का साक्षात्कार कर लेता है। परमतत्व विकास के विभिन्न स्तरों के द्वारा धीरे-धीरे स्वचेतना (Self consciousness) प्राप्त कर लेता है। परमतत्व प्रकृति (Nature) में स्वयं की अभिव्यक्तियों के द्वारा विकसित होता है एवं स्वचेतन को प्राप्त करता है। यह ठीक उसी प्रकार से होता है जैसे मनस अपनी ही विचार प्रक्रियाओं एवं अनुभूतियों के माध्यम से समृद्ध (Enriched) होता है और अधिकाधिक स्वचेतना को प्राप्त होता है।

हेगल के अनुसार परमतत्व जहां एक ओर अनेक तत्व की सृष्टि करता है वहीं साथ ही अनेक तत्व में इस प्रकार संबध स्थापित करता है कि सभी भेद या भिन्नताएं समन्वित हो जाती हैं।

इस प्रकार एकतत्ववाद के उपर्युक्त विवेचन में हम पाते हैं कि स्पिनोजा का एकतत्वबाद अपने तटस्थ रूप में प्राप्त होता है जबकि हेगल के दर्शन में आध्यात्मिक रूप में।

इन दोनों रूपों के अतिरिक्त एकतत्ववाद के अन्य स्वरूप भी हैं। जैसे - प्रकृतिवाद भी एकतत्ववाद को मानता है जिसमें प्रकृति को ही एकमात्र सत्ता माना जाता है। इसी प्रकार जड़तत्ववाद के अनुसार संपूर्ण विश्व के चर-अचर पदार्थ एक ही जड़ तत्व से उद्भूत हुए हैं। वर्तमान समय में वैज्ञानिकों ने विश्व का मूल आधार (ऊर्जा) को मना है। उनके अनुसार संसार की सभी वस्तुएं एवं चेतन प्राणी इसी मूल ऊर्जा के परिवर्तित रूप मात्र है। इस प्रकार के भौतिकवादी भी एकतत्ववादी ही कहलाएंगे।

8.3.3.3 समीक्षा : एकतत्ववाद की समीक्षा

1) स्पिनोजा के एकतत्ववाद में यह दिखाया गया है कि परमतत्व, द्रव्य या ईश्वर विश्वव्यापी सत्ता है। इस सिद्धांत में विश्व में होने वाले परिवर्तनों की व्याख्या संभव नहीं है क्योंकि ईश्वर को विश्वव्यापक मानने पर ईश्वर एवं संसार में तदाम्यता स्वीकार करना पड़ता है। तब संसार की परिवर्तनशीलता ईश्वर की परिवर्तनशीलता माननी होगी। अब यदि ईश्वर को परिवर्तनशील मान लिया जाए तो ईश्वर, ईश्वर कैसे रहेगा? क्योंकि ईश्वर की परिभाषा दी गई है -

“त्रिकालाबाधित अपरिवर्तनीय सत्ता”अतः ईश्वर को परिवर्तनशील एवं विकारी मानना ईश्वर के ईश्वरत्व को ही खत्म कर देता है।

2) हीगल के एकतत्ववाद में भी जगत की परिवर्तनशीलता की व्याख्या की कठिनाई उत्पन्न होती है। हीगल सृष्टि प्रक्रिया को परमतत्व (Absolute) या निरपेक्ष

चैतन्य की बाह्य अभिव्यक्ति कहते हैं। यह बाह्य अभिव्यक्ति परिवर्तनों व विविधताओं से युक्त है। चूँकि सृष्टि ईश्वर की वास्तविक अभिव्यक्ति है। अतः सृष्टि के परिवर्तन ईश्वर के वास्तविक परिवर्तन है। इस प्रकार इस सिद्धांत में भी ईश्वर की परिवर्तनशीलता सिद्ध होती है। अब यदि ईश्वर परिवर्तनशील या विकारयुक्त सिद्ध हो जाए तो क्या उसे निरपेक्ष या परम सत्ता कहा जा सकता है? नहीं।

3) हीगल के दर्शन पर एक आपत्ति यह भी है कि एक ओर तो वह परमतत्व को निरपेक्ष सत्ता मानते हैं और दूसरी और यह भी मानते हैं कि यह परमतत्व या ईश्वर सृष्टि की विकास प्रक्रिया के माध्यम से स्वचेतना को प्राप्त करता है या आत्म साक्षात्कार करता है। इसका तो यह अर्थ निकलता है कि ईश्वर को अपने स्वरूप के वास्तविक अनुभूति के लिए सृष्टि रचना की अपेक्षा है और इस प्रकार की अपेक्षा की आवश्यकता ईश्वर को निरपेक्ष तत्व नहीं रह जाने देता।

4) आलोचकों का आक्षेप है कि एकतत्ववादी दर्शन में नैतिकता की कोई संभावना नहीं रह जाती क्योंकि सभी चर - अचर पदार्थ एक ही परम तत्व के प्रकाश या अभिव्यक्ति हैं, इन पदार्थों की जब कोई अपनी स्वतंत्रता ही नहीं है, कोई वैय्यक्तिकता (Individuality) ही नहीं है तो नैतिकता का प्रश्न ही नहीं उठाता।

परंतु ध्यान से देखने पर हम पाते हैं कि स्पिनोजा के अनुसार प्राणी में इच्छा स्वातंत्र्य (Freedom of Will) होती है और जहां इच्छा स्वातंत्र्य है, वहां नैतिकता एवं नैतिक मूल्यों की सार्थकता स्पष्ट है।

8.4 सारांश

विश्व की विविधता को देखकर कुछ दार्शनिक मानते हैं कि यह वृहद, व्यापक विश्व 'अनेक'मूल तत्वों से मिलकर बना है। यदि हम चेतन व अचेतन इन दो सत्ताओं के वर्गीकरण पर ध्यान दे तो हमें यह मानना पड़ेगा कि संसार मूलतः इन 'दो तत्वों की ही रचना है। इसके अतिरिक्त यदि हम इस विविधता से भरे संसार पर बारीकी से चिंतन करें तो ऐसा प्रतीत होता है कि संसार की अनेकों वस्तुएं कहीं ना कहीं एक ही वस्तु के विभिन्न रूप हैं। इस आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा

सकता है कि जगत की अनेकता के पीछे 'एकता ही मूल कारण है अर्थात चित्त व अचित्त सभी एक ही तत्व के अलग-अलग रूप है।

8.5 बोध प्रश्न

1 एकतत्ववाद की विवेचना कीजिए।

2 द्वितत्ववाद की विवेचना कीजिए।

3 बहुतत्ववाद की विवेचना कीजिए।

4 तत्वमिमांसा के विभिन्न मतों का तुलनात्मक विवेचन कीजिए।

8.6 उपयोगी पुस्तके एवं संदर्भ ग्रंथ

1. पाश्चात्य दर्शन का उद्भव और विकास - डॉ हरिशंकर उपाध्याय, अनुशीलन प्रकाशन, प्रयागराज ।

2. पाश्चात्य दर्शन - चंद्रधर शर्मा, मोतीलाल बनारसी दास, नई दिल्ली ।

3. पाश्चात्य दर्शन का समीक्षात्मक इतिहास - या० मसीह, मोतीलाल बनारसी दास, नई दिल्ली ।

4. पाश्चात्य दर्शन का इतिहास - डॉ० दया कृष्ण, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर।

5. पाश्चात्य दर्शन का समीक्षात्मक विश्लेषण - डी० आर० जाटव, मलिक एण्ड कंपनी, जयपुर।

MAPH 102 (N)

खण्ड 3

इकाई : 9 मन और शरीर संबंध की समस्या

इकाई की रूपरेखा

9.0 उद्देश्य

9.1 प्रस्तावना

9.2 मन और शरीर संबंध

9.3 अंतर्क्रियावाद

9.3.1 समीक्षा

9.4 यथावसरवाद

9.4.1 समीक्षा

9.5 समानांतरवाद

9.5.1 माइंड स्टफ सिद्धांत

9.5.2 द्विस्वरूप सिद्धान्त

9.5.3 तटस्थ एकतत्ववाद

9.5.4 समांनांतरवाद की समीक्षा

9.6 पूर्वस्थापित सामंजस्य का सिद्धांत

9.6.1 समीक्षा

9.7 अध्यात्मवाद /मनसवाद

9.7.1 समीक्षा

9.8 नव्योत्क्रान्तिवाद

9.8.1 समीक्षा

9.9 उपोत्पादनवाद

9.9.1 समीक्षा

9.10 सारांश

9.11 बोध प्रश्न

9.12 उपयोगी पुस्तकें

----------000----------

9.0 उद्देश्य

आधुनिक यूरोपीय दर्शन के समक्ष आत्म और शरीर के बीच संबंध को समझने की समस्या महत्वपूर्ण रही है। अपनी तत्व मिमांसा के प्रतिपादन को न्यायसंगत दिखाने के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि हम चित्त एवं अचित्त के स्वरूप को एवं उनके बीच क्या कोई संबंध हो सकता है या वह संबंध कैसा है? इन स्वाभाविक से प्रश्नों का समाधान देते हुए आगे बढें।

डेकार्ट के 'द्वैतवाद' को मन - शरीर संबंध को समझने के लिए 'अधिकृत सिद्धांत' (Official Theory) के रूप में स्वीकार किया गया है। आगे हम स्पिनोजा, लाइब्नीन्ज एवं साथ ही कुछ अन्य दार्शनिकों के सिद्धांतों को समझने का प्रयास करेंगे और देखेंगे कि यह सिद्धांत कहां तक युक्त संगत हैं।

प्रस्तावना 9.1 -

शरीर एवं मन की क्रियाओं के बीच गहन संबंध है। प्रायः हम पाते हैं कि जितनी भी शारीरिक क्रियाएं हम करते हैं उसके पीछे कहीं न कहीं हमारी इच्छाएं एवं संकल्प उत्तरदायी होते हैं जो कि अपरोक्ष या परोक्ष रूप में शारीरिक क्रियाओं को संचालित करते हैं या नियंत्रित करते हैं।

दुःख, सुख, घृणा, प्रेम, स्नेह, क्रोध, लोभ आदि भाव या उद्वेग मनुष्य के संवहनीय तंत्र को प्रभावित करते हैं, शारीरिक संरचना के अंदरूनी क्रियाओं को और हार्मोन इत्यादि को प्रभावित कर देते हैं। निराशा व अवसाद, अनेक शारीरिक

समस्याओं को उभार कर शारीरिक दक्षता को कम करके मानव व्यक्तित्व को जर्जर या भंगुर बना देते हैं। मानसिक या भावनात्मक आघात मनुष्य को शारीरिक रूप से अक्षम कर देने या नकारात्मक रूप से प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

वहीं दूसरी ओर शरीर स्वस्थ एवं निरोग है तो हमारा मस्तिष्क दक्षता से एवं प्रखर होकर अपनी क्रियाओं को संपन्न करता है। शरीर थका हुआ या बीमार हो तो मस्तिष्क की दक्षता कुप्रभावित हो जाती है।

9.2 मन और शरीर संबंध -

शरीर एवं मन के इस संबंध को समझने एवं इनके पारस्परिक प्रभावों को समझने के क्रम में विभिन्न दार्शनिकों ने भिन्न-भिन्न सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है।

9.3 अंतर्क्रियावाद (Interactionism) -

फ्रांसीसी दार्शनिक डेकार्ट द्वैतवादी विचारक थे जिनके अनुसार अचित्त (Matter) एवं चित्त दो विपरीत धर्मों वाले मूल तत्व हैं। अचित्त विस्तारवान एवं अचेतन तत्व है जबकि मन या चित्त अविस्तृत एवं चेतन तत्व हैं।

चित्त या मनस सोद्देश्य कार्य करता है जबकि अचित्त यंत्रवत कार्य करता है। इस प्रकार दोनों भिन्न प्रकृति के हैं अब इन दोनों भिन्न प्रकार के तत्वों में संबंध को कैसे समझा जा सकता है? यह डेकार्ट के लिए चुनौती थी। डेकार्ट इसका समाधान देते हुए बताते हैं कि चित्त एवं शरीर या चित्त एवं अचित्त में संबंध मस्तिष्क के बीच स्थित पीनियल ग्रंथि के द्वारा स्थापित होता है। पीनियल ग्रंथि मनस या चित्त का आधार है जिसके द्वारा चित्त एवं शरीर एक दूसरे पर क्रिया प्रतिक्रिया करते हैं। डेकार्ट के अनुसार शरीर मन पर संवेदनाओं (sensations) के रूप में कार्य करता है जबकि मन शरीर पर संकल्पों (volitions) के रूप में कार्य करता है। शरीर एवं मन के इस अंतर्क्रिया (Inter-action) को अंतर्क्रियावाद (Interactionism) कहा जाता है।

9.3.1 समीक्षा

इस सिद्धांत की आलोचना में सर्वप्रमुख यह है कि अचित्त और मनस विरुद्धधर्मी द्रव्य है तो इनमें परस्पर क्रिया प्रतिक्रिया कैसे संभव है? क्योंकि क्रिया प्रतिक्रिया के लिए गुणात्मक सादृश्य होना जरूरी हो जाता है जबकि चित्त एवं शरीर परस्पर भिन्न गुणों वाले द्रव्य है। दूसरी समस्या यह है कि चित्त एक अविस्तृत एवं निराकार तत्व है, वह शरीर (जो कि भौतिक तत्व है) के किसी विशेष बिंदु या स्थल पर कैसे (स्थित) हो सकता है। डेकार्ट के उपरोक्त तर्क पर आपत्ति जताते हुए कहा गया कि यदि आत्मा और शरीर की मिलनशय्या पिनियल ग्रंथि शारीरिक है तो इसे विस्तार युक्त मानना पड़ेगा ऐसे में वह विस्तार रहित आत्मा का मिलन केंद्र कैसे माना जा सकता है?

गिलबर्ट राइल ने डेकार्ट के इस द्वैतवाद का खण्डन करते हुए इसे व्यंग्यात्मक शैली में 'मशीन में प्रेत' सिद्धांत कहा है। रॉइल इसके पीछे 'कोटि दोष' को वजह मानते हैं।

भौतिक घटनाएं यांत्रिक कारणों द्वारा संचालित होती है परंतु मानसिक घटनाएं कारण द्वारा नहीं अपितु प्रयोजन द्वारा संचालित होती हैं अतः भौतिक एवं मानसिक घटनाओं की व्याख्या के लिए एक ही प्रकार की कारणता का प्रयोग करना कोटि दोष है । शरीर जो कि भौतिक तत्व है में अभौतिक तत्व आत्मा को मानना कोटि दोष है। मशीन के अंदर बंद 'प्रेत' (आत्मा) मशीन के बाहर की दुनिया को कैसे जान पाता है। इस तरह के प्रश्नों का उत्तर डेकार्ट अपने सिद्धांत के माध्यम से नहीं दे पाते हैं।

तीसरी समस्या यह है कि क्रिया - प्रतिक्रिया का यह सिद्धांत 'शक्ति संरक्षण के नियम' के विपरीत है। क्रिया - प्रतिक्रियावाद के अनुसार शरीर की संवेदन शक्ति ही मानसिक शक्ति के रूप में परिवर्तित होती है और चित्त की संकल्प शक्ति या

मानसिक शक्ति ही शरीर संचालन की भौतिक शक्ति के रूप में परिवर्तित होती है। इस प्रकार पहली स्थिति में भौतिक शक्ति का क्षय होता है और दूसरी स्थिति में भौतिक शक्ति में वृद्धि होती है। 'शक्ति संरक्षण नियम' यदि सत्य है तो हमे मानना होगा कि एक प्रकार की भौतिक शक्ति दूसरे प्रकार की भौतिक शक्ति में बदल सकती है किंतु विश्व में 'भौतिक शक्ति' का कुल परिमाण एक ही रहेगा। परंतु यदि भौतिक शक्ति को मानसिक शक्ति के रूप में परिवर्तित माना जाए और मानसिक शक्ति को भौतिक शक्ति के रूप में परिवर्तित माना जाए तो उस स्थिति में भौतिक शक्ति का कुल परिमाण न्यून या अधिक होगा होता रहेगा जो शक्ति संरक्षण के नियम के विपरीत है या असंगत है।

9.4 यथावसरवाद (Occasionalism) -

डेकार्ट के अनुयायी ग्युलिनैक्स (Geulinex) एवं मेलब्रान्स (Malebranche) ने अंतर्क्रियावाद की कमियों को दूर करने के प्रयास में यथावसरवाद का प्रतिपादन किया। यथावसरवाद के अनुसार शरीर एवं मन विपरीतधर्मी होने के कारण परस्पर क्रिया प्रतिक्रिया नहीं कर सकते तथापि दोनों में एक तरह की संवादिता (correspondence) है जिसका कारण" ईश्वर "है। शरीर या मन में किसी एक में परिवर्तन होने पर ईश्वर उसी प्रकार का परिवर्तन दूसरे में भी उपस्थित कर देता है। शरीर में जैसे ही कोई परिवर्तन होता है तो उसी के अनुरूप ईश्वर मनस में संवेदना पैदा कर देते हैं। इसी प्रकार जब मनस में कोई संकल्प या इच्छा उत्पन्न होती है तब उसी के संवाद में ईश्वर शरीर को गत्यात्मक कर देते हैं।

9.4.1 समीक्षा

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से शरीर एवं मनस के संबंध का यह सिद्धांत अनुपयुक्त है। शरीर एवं मन में पल-पल होने वाली क्रिया प्रतिक्रिया या पारस्परिक परिवर्तनों के लिए ईश्वर को उत्तरदायी या जिम्मेदार कारण बता देना युक्ति संगत नहीं लगता क्योंकि ऐसा होने पर ईश्वर एक यंत्र की भांति हो जाएगा।

9.5 समानांतरवाद (Parallelism) -

बुद्धिवादी स्पिनोजा ने शरीर एवं मनस को मूलतः भिन्न तत्व मानते हुए उनमें अंतर्क्रिया होना असंभव माना और समानांतरवाद का प्रतिपादन किया। समानांतरवाद के अनुसार शरीर तथा मन दो भिन्न स्वतंत्र तत्व/द्रव्य नहीं हैं बल्कि द्रव्य (substance) केवल एक है और वह है ईश्वर। चित्त एवं अचित्त परम द्रव्य ईश्वर के दो समानांतर गुण (attributes) हैं। चित्त एवं अचित्त को ईश्वर के अभ्यांतर एवं बाह्य पक्ष के रूप में समझा जा सकता है। ईश्वर को (या द्रव्य को) भौतिक या मनसिक नहीं माना जा सकता। परंतु भौतिक एवं मानसिक घटनाओं में यह समानांतर रूप से प्रतीत होता है। अचित् की विशेषता है विस्तार या प्रसार और चित्त की विशेषता है विचार।

संसार में विस्तार (प्रसार) की हर एक इकाई के समानांतर विचार की भी इकाई है। इसी प्रकार हर विचार की इकाई के समानांतर विस्तार की इकाई है। शरीर के हर परिवर्तन के अनुरूप मनस में परिवर्तन होता है और मनस के हर एक परिवर्तन के अनुरुप शरीर में परिवर्तन होता है। इस प्रकार दोनों में अनुरूपता या संवादिता का संबंध है। स्पिनोजा के अनुसार द्रव्य तो एक ही है जो कभी चिंतनशील द्रव्य तो कभी प्रसारित (विस्तारित) द्रव्य के रूप में संबोधित किया जाता है। यह अलग-अलग द्रव्य न होकर एक ही मूल द्रव्य (ईश्वर) के दो गुण हैं।

स्पिनोजा के समानांतरवाद का अमेरिकन हर्बर्ट स्पेंसर ने समर्थन किया है परंतु उनका मानना है कि भौतिक एवं मानसिक घटनाओं में प्रतीत होने वाला परम द्रव्य या 'मूल द्रव्य' 'अज्ञेय' है। परमद्रव्य न मानसिक है न भौतिक किंतु वह अचित्त एवं मन के माध्यम से व्यक्त होता है।

9.5.1 माइंड स्टफ सिद्धांत (Mind stuff Theory) -

क्लिफोर्ड (Clifford) नामक विचारक माइंड स्टफ सिद्धांत (Mind Stuff Theory) प्रतिपादित करते हुए कहते हैं कि शरीर या अचित् तत्व (Matter Stuff) के प्रत्येक

परमाणु के अनुरूप एवं उससे संबद्ध चित्त तत्व (मनस तत्व) का परमाणु होता है। जब भौतिक (अचित्त) परमाणु से मिलकर शरीर की रचना होती है तो साथ ही साथ उन भौतिक परमाणुओं के अनुरूप चित्त तत्व (मनस तत्व) के परमाणु से मिलकर चित्त या मनस की संरचना होती है। इसी कारण से मानसिक एवं शारीरिक क्रियाओं में संबद्धता पाई जाती है।

9.5.2 द्विस्वरूप सिद्धान्त Double aspect Theory) -

वारेन् (Warren) नामक विचारक के अनुसार मानसिक क्रियाएं एवं स्नायुविक प्रक्रियाएं ये दोनों मिलकर घटनाओं का एक क्रम बनाती हैं। यह दोनों एक ही वस्तु के दो स्वरूप हैं। मानसिक क्रियाएं आंतरिक होती हैं तो वहीं स्नायुविक क्रियाएं बाह्य रूप कही जा सकती हैं ।

9.5.3 तटस्थ एकतत्ववाद (Neutral Monism) -

शरीर - मन संबंध को समझने के लिए नव्य -वस्तुस्वतंत्रवादी दार्शनिक तटस्थ एकतत्ववाद का सहारा लेते हैं इसके अनुसार अलग-अलग संदर्भों एवं संबंधों में एक ही तटस्थ तत्व भौतिक एवं मानसिक रूप में दृष्ट होता है वस्तुतः यह तत्व न तो भौतिक है न ही मानसिक।

9.5.4 स्पिनोजा के समांनांतरवाद की समीक्षा

यदि समानान्तरवाद को स्वीकार किया जाए तो इसमें हम सर्वचित्तवाद पर पहुंच जाते हैं जो आधुनिक विज्ञान के विपरीत है। स्पिनोजा के इस सिद्धांत से यह निष्कर्ष निकलता है कि जहां विस्तार है वहां विचार भी है और जहां विचार है वहां विस्तार भी है परंतु विज्ञान यह बताता है कि चेतन अत्यंत जटिल स्नायुमंडल से संबंधित है न कि अचित्य या जड़ (पुद्गल) से

समानांतरवाद मनस या चित्त को अधिक महत्व नहीं देता परंतु मनस को शरीर के समान या समानांतर नहीं माना जा सकता। मनस शरीर की अपेक्षा श्रेष्ठ है एवं

उच्चतर है क्योंकि शरीर का संचालन या नियंत्रण मनस के द्वारा ही होता है। मनस स्वतंत्र है और इसमें किसी भी कार्य को शुरू या कोई पहल करने की क्षमता होती है। मनस और शरीर की प्रकृति में अंतर होता है। चेतना में जहाँ एकता, तादात्म्यता (Identity) एवं अक्षुण्णता (continuity) है वहीं इसके विपरीत अचित्त में विभाजनशीलता होती है इन परस्पर विरोधी गुणों के कारण दोनों में समानांतरता की बात उचित नही लगती।

प्रत्ययवाद एवं जड़वाद दोनों विरोधी सिद्धांतों पर विचार करें तो हम पाते हैं कि प्रत्ययवाद 'अचित्' को भी चेतन मानने का झुकाव रखता है। वहीं जड़वाद 'चित्त' को भी जड़ स्वीकार करने की तरफ झुकाव रखता है। समानांतरवाद दोनों को समुचित महत्व देता है। किसी एक को स्वतंत्र तत्व न मानकर इन दोनों को परम द्रव्य 'ईश्वर' के गुण (Attributes) मानता है। अतः इसको स्वीकार करने पर मनस एवं शरीर की क्रियाओं में अंतर्क्रिया या संवाद स्थापित करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

9.6 पूर्वस्थापित सामंजस्य का सिद्धांत (Pre Established Harmony) -

लाइब्नीत्ज जो कि एक जर्मन दार्शनिक थे उनका मानना था कि सृष्टि के प्रारंभ में ही ईश्वर ने मनस एवं शरीर में इस प्रकार का सामंजस्य स्थापित कर दिया है कि ये दोनों सदा एक दूसरे के अनुरूप कार्य करते हैं। जिसके लिए ईश्वर को बार-बार हस्तक्षेप नही करना पड़ता। लाइब्नीत्ज के अनुसार मनस एवं शरीर परस्पर स्वतंत्र हैं और इनमें क्रिया प्रतिक्रिया नहीं होती लेकिन इनमें ईश्वर द्वारा पूर्व स्थापित संवादिता है। इसे एक उदाहरण द्वारा समझाया जा सकता है कि कोई घड़ीसाज दो घड़ियों का निर्माण करता है, उसी दौरान वह दोनों में एक ही समय निर्धारित कर देता है। कालांतर में बिना घड़ीसाज के निरंतर हस्तक्षेप किये और बिना एक दूसरे को प्रभावित किये दोनों घड़ियाँ एक ही समय बताती रहती हैं।

9.6.1 समीक्षा

पूर्व स्थापित सामंजस्य सिद्धांत में भी यथावसरवाद जैसा दोष है। यथावसरवार शरीरिक एवं मानसिक घटनाओं में संवादिता हेतु निरंतर ईश्वर- हस्तक्षेप की बात स्वीकर करता है। इस प्रकार वह इस संबंध में निरंतर अतिप्राकृतिक घटना (Miracle) के घटित होते रहने का प्रतिपादन करता है तो वहीं लाइब्नीत्ज पूर्व स्थापित सामंजस्य सिद्धांत में केवल एक बार अतिप्राकृतिक घटना (miracle) होने का प्रतिपादन करता है अर्थात सृष्टि के प्रारंभ में ही ईश्वर मनस और शरीर में सामंजस्य स्थापित कर देता है।

एक अन्य समस्या इस सिद्धांत के साथ यह है कि शरीर एवं मन दोनों चेतन अणुओं से बने हैं (जैसा कि लाइब्नीत्ज मानते है) और ये दोनों परस्पर क्रिया प्रतिक्रिया नहीं कर सकते। इन चिदणुओं का भी चिदणु ईश्वर है तो अब इन चिदणुओं अर्थात शरीर एवं मन पर परस्पर ईश्वर कैसे क्रिया कर सकता है? और उनमें सामंजस्य स्थापित होना कैसे संभव हो सकता है? क्योंकि कारणता एक बाह्य कारक है और लाइब्नीत्ज की व्याख्या में यह चिदणुओं पर लागू नहीं होगी तो चिदणुओं के चिदणु पर यह कैसे लागू हो सकती है?

9.7 अध्यात्मवाद /मनसवाद: (Idealism/ Mentalism) -

अध्यात्मवादी दृष्टिकोण भौतिकवादी दृष्टिकोण के विपरीत है। अध्यात्मवादी का मानना है कि विश्व की मूल सत्ता केवल आत्मा या मनस है। समस्त जड़ जगत यहां तक कि हमारा शरीर भी इसी आत्मा या मनस की अभिव्यक्ति है या इस आत्मा में ही कल्पित आभास है। अतः आत्मा या मनस की मूल सत्ता होने से शारीरिक क्रियाओं पर स्वतः ही इसकी प्रभावशीलता आ जाती है।

9.7.1 समीक्षा

आलोचकों के अनुसार भौतिकवादी विचारक जिस प्रकार से मन को भी जड़ मानकर शरीर एवं मनस संबंध की समस्या को नहीं सुलझा पाते वैसे ही अध्यात्मवादी-दार्शनिक शरीर को मन की अभिव्यक्ति बता कर इस समस्या को बिना सुलझाए ही

छोड़ देते हैं। शरीर एवं मनस दोनों को ही स्वतंत्र सत्ताएं मानना पड़ेगा। ज्ञान की प्राप्ति के लिए या उद्‌भव के लिए ज्ञेय (पुद्‌गल) एवं ज्ञाता (मन) दोनों ही आवश्यक हैं। यदि हम इनमें से किसी एक को भी स्वतंत्र सत्ता न मानें तो ज्ञान या अनुभव की संमुचित व्याख्या नहीं की जा सकती।

9.8 नव्योत्क्रान्तिवाद (Emergent Theory) -

इस सिद्‌धांत के प्रतिपादक लॉयड मॉर्गन के अनुसार सत्ता के तीन स्तर हैं - पुद्‌गल, जीवन और मनस।

सृष्टि के आरंभ में प्रकृति में कोई संगठन नहीं था। सर्वप्रथम परमाणुओं का संगठन हुआ व पुद्‌गल का विकास हुआ। इसके बाद पुद्‌गल के संगठन से जीवन का आविर्भाव हुआ तत्पश्चात जब कोशिकाओं (cells) का स्नायुमंडल में संगठन हो गया तब जीवन में मनस का विकास हुआ। पुद्‌गल की अपेक्षा जीवन उच्चतर तत्व है और जीवन की अपेक्षा मनस उच्चतर है। पुद्‌गल के नियमों की तुलना में जीवन के नियमन के नियम उच्चतर हैं और जीवन के नियमों की तुलना में मनस के नियमन के नियम उच्चतर हैं। नव्योत्क्रान्तिवाद के अनुसार शरीर और मनस दोनों का एक ही स्तर नहीं है। शरीर की पूर्णता वस्तुतः मनस है। मनस को एक ऐसा पदार्थ कहा जा सकता है जिसे शरीर प्राप्त करता है या शरीर के द्‌वारा प्रकृति प्राप्त करती है। मनस, चेतन स्वनियंत्रित व उद्‌देश्यात्मक होता है जबकि शरीर अचेतन, परनियंत्रित व निरुद्‌देश्य होता है। मनस शरीर को नियंत्रित करता है, शारीरिक क्रियाओं का संचालन करता है।

9.8.1 समीक्षा

नव्योत्क्रान्तिवाद शरीर एवं मन के संबंध की समस्या का एक अच्छा समाधान उपस्थित करता है किंतु इस सिद्‌धांत की कठिनाई यह है कि यदि पुद्‌गल पहले से ही जीवन रहित था तो पुद्‌गल से जीवन का प्रादुर्भाव हो कैसे सकता है? ठीक इसी प्रकार जब जीवन में मनस पहले से विद्‌यमान नहीं था तब जीवन से मनस का

विकास कैसे होता है? असत से या शून्य से किसी भी प्रकार की सत्ता कभी भी उत्पन्न नहीं हो सकती ।

9.9 उपोत्पादनवाद (Epiphenomenalism) -

यह सिद्धांत मानता है कि चैतन्य या मनस मस्तिष्कीय क्रियाओं के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली आनुषंगिक उत्पाद (By Product) है। प्रायः उपोत्पादनवाद जैसे अन्य भौतिकवादी दार्शनिक भी ऐसे ही विचार को स्वीकार करते हैं । जैसे किसी यंत्र के पुर्जे के आपसी घर्षण से अग्नि की चिंगारियां उत्पन्न हो जाती हैं उसी प्रकार मस्तिष्क के परमाणुओं के पारस्परिक संघर्ष से कुछ प्रकाश किरणें उत्पन्न होती हैं जिन्हें चेतना या मनस कहा जाता है। परंतु ये विचारक मनस के शरीर पर प्रभाव को स्वीकार नहीं करते। इनके अनुसार मनस शरीर की क्रियाओं को प्रभावित नहीं करता।

9.9.1 समीक्षा

इस सिद्धांत की सबसे बड़ी कमी यह है कि यह हमारे सामान्य अनुभव के विपरीत बातें करता है। हम प्रतिदिन के अनुभवों में हमारे जीवन, हमारे शरीर पर मनस की प्रभावशीलता का अनुभव करते हैं। हम अपने अनुभवों में यह पाते हैं कि मनस शरीर पर नियंत्रण करता है। मनस शारीरिक क्रियाओं का संचालन एवं निर्देशन करता है। शरीर की तुलना में मनस उच्चतर स्तर का प्रतीत होता है। अतः मनस को शरीर का उपोत्पाद या आनुषंगिक उत्पाद मात्र मानना उचित नहीं है।

9.10 सारांश

पाश्चात्य दर्शन में आत्मा व शरीर के बीच संबंध की व्याख्या डेकार्ट के द्वैतवाद की प्रमुख समस्या रही। विभिन्न दार्शनिकों द्वारा इसके समाधान दिये गये परंतु वे सिद्धांत उन दार्शनिकों की ज्ञानमीमांसा के ही प्रतिकूल प्रतीत होते हैं। स्पिनोजा का

समाधान उनके ज्ञानमीमांसा के अनुकूल प्रतीत होता है। स्पिनोजा ने चित्त एवं शरीर को एक ही द्रव्य के दो गुण मानकर इनमें समन्वय दिखाने का प्रयास किया है।

यदि हम दो तत्वों को स्वतंत्र माने तो हम तर्कतः गलत हो सकते हैं क्योंकि एक की स्वतंत्रता को दूसरा सीमित कर देता है और इस प्रकार दोनों ही स्वतंत्र नहीं कहे जा सकते। वहीं यदि हम एक ही द्रव्य को स्वतंत्र माने तो उसके अनेकों गुण माने जा सकते हैं और यहां कोई तार्किक विसंगति नही प्रतीत होती। एक द्रव्य अनेक गुणों से युक्त हो सकता है और हम अपने दैनिक अनुभव में किसी द्रव्य के विभिन्न गुणों में समन्वय में देखते हैं।

परंतु उनके समानांतरवाद में कमियां है। चेतना अत्यंत जटिल स्नायुमंडल में पाई जाती है न की जड़ में। यदि अचित्त और चित्त दो समानांतर धाराएं हैं और अचेतन के समानांतर ही अगर चैतन्य भी पाया जाता है तो पेन, लोहे के टुकड़े, पत्थर इत्यादि में भी इनके समानांतर चैतन्य होता ! जो की सत्य नहीं है।

9.11 बोध प्रश्न

1. मन - शरीर संबंध की समस्या क्या है? प्रकाश डालें।
2. मन - शरीर संबंध की समस्या से संबंधित विभिन्न सिद्धांतों की समीक्षात्मक विवेचना कीजिए।

अति लघु /लघु उत्तरीय प्रश्न

1. मशीन में स्थित प्रेत सिद्धांत क्या है?

9.12 उपयोगी पुस्तकें

1. पाश्चात्य दर्शन का उद्भव और विकास - डॉ हरिशंकर उपाध्याय, अनुशीलन प्रकाशन, प्रयागराज ।
2. पाश्चात्य दर्शन - चंद्रधर शर्मा, मोतीलाल बनारसी दास, नई दिल्ली ।

3. पाश्चात्य दर्शन का समीक्षात्मक इतिहास - या० मसीह, मोतीलाल बनारसी दास, नई दिल्ली ।
4. पश्चात दर्शन का इतिहास - डॉ० दया कृष्ण, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर।
5. पाश्चात्य दर्शन का समीक्षात्मक विश्लेषण - डी० आर० जाटव, मलिक एण्ड कंपनी, जयपुर।

----------00000----------

ईकाई 10 : ज्ञान की उत्पत्ति और सीमा

ईकाई की रुपरेखा

1.1 उद्देश्य

1.2 प्रस्तावना

1.3 पृष्ठभूमि

1.4 बुद्धिवादियों के अनुसार ज्ञान

1.5 अनुभववादियों के अनुसार ज्ञान

1.6 आलोचनावाद (काण्ट)

1.7 ज्ञान की सीमा

1.8 सारांश

1.9 संभावित प्रश्न

प्रस्तुत ईकाई में हमारा उद्देश्य आपको ज्ञान की उत्पत्ति के पक्ष से अवगत करने के साथ ही ज्ञान प्राप्ति हेतु बुद्धिवादी , अनुभववादी तथा काण्ट के आलोचनावाद को समझाते हुए, ज्ञान की सीमाओं से भी अवगत करना है।

1.2 प्रस्तावना

ज्ञान का संबंध विषय (object) और विषयों (Subject) दोनों से है। सामान्यतः दार्शनिकों के अनुसार ज्ञान का स्वरूप इन्द्रियानुभविक (Empirical) होने के साथ - साथ अतीन्द्रिय (Transcendental) भी होता है। ज्ञान का आनुभविक पक्ष वस्तुनिष्ठ और अतीन्द्रिय पक्ष आत्मनिष्ठ (Subjective) होता है। इस प्रकार जहाँ एक ओर ज्ञान की समस्या आनुभविक पहलू से संबंधित है वहीं दूसरी ओर अतीन्द्रिय पक्ष को भी स्पर्श करती है। इसके अतरिक्त आत्मा अथवा अहं प्रत्येक ज्ञान की तार्किक प्रागपेक्षा (presupposition) है। यहां आत्मा का अर्थ मनोवैज्ञानिक जीवा ता है। ज्ञाता के बिना किसी विषय का ज्ञान संभव नहीं है। यहीं कारण है , कि संशजवादियों को छोड़कर सभी ज्ञानमीमांसको ने निर्विवाद रूप से ज्ञाता की सत्ता को स्वीकार किया है।

1.3 पृष्ठभूमि

पाश्चात्य दर्शन में ज्ञान के अनेक साधनों का उल्लेख किया गया है। डेकार्ट के अनुसार, 'तथ्यों के संज्ञान के लिए दो तत्वों अर्थात ज्ञाता और ज्ञेय पर विचार करना आवश्यक है। हमारी आत्मा में ऐसे चार संकाय हैं जिसका उपयोग हम इस प्रयोजन के लिए कर सकते हैं - बुद्धि, कल्पना, ज्ञानेन्द्रियों और स्मृति' । किंतु इनमें से किसे ज्ञान का सर्वश्रेष्ठ स्त्रोत माना जाय, इस विषय में ज्ञानमीमांसक एकमत नहीं है।

1.4 बुद्धिवादियो के अनुसार ज्ञान

ज्ञान के प्रमुख स्त्रोत के रूप में इंद्रियानुभव , तर्कबुद्धि और अंतः प्रज्ञा को स्वीकार किया गया है। कुछ दार्शनिक बुद्धि को प्राथमिक और अनुभव को गौण महत्व देते हैं। वह दार्शनिक विचारधारा जिसके अनुसार दार्शनिक ज्ञान अथवा प्रभा का अंतिम स्त्रोत बुद्धि है, बुद्धिवाद के नाम से जानी जाती है। बुद्धिवादियो के अनुसार हमारे ज्ञान की सार्वभौमिकता और अनिवार्यता का आधार बुद्ध है। प्लेटो के अनुसार ज्ञान का सर्वोत्तम साधन विशुद्ध रूप से बौद्धिक रूप से बौद्धिक अन्तर्दृष्टि है।

प्लेटो और डेकार्ट दोनों ऐसे बुद्धिवादी दार्शनिक है , जिनके अनुसार वास्तविक ज्ञान विशुद्ध रूप से एक बौद्धिक क्रिया है। बौद्धिक अन्तर्दृष्टि के द्वारा ही अनुभव की सार्थक भूमिका का मूल्यांकन किया जा सकता है। इससे स्पष्ट है, कि बुद्धिवादी यह नहीं कहता है , कि इन्द्रियानुभव की ज्ञान- प्राप्ति में कोई भूमिका नहीं है। श्रोत से सून कर, घाण से संघू करके , चक्षु से देख करके इत्यादि , हम बाह्य जगत् का ज्ञान प्राप्त करते हैं। किंतु यह केवल विशिष्ट वस्तुओं के स्थान रूप का सतही ज्ञान है। इसे दार्शनिक ज्ञान नहीं कहा जा सकता है। स्पिनोजा के अनुसार इन्द्रियानुभव से उत्पन्न ज्ञान कल्पनात्मक ज्ञान है।

आधुनिक बुद्धिवादियों ने गणित को ज्ञान का आ दर्श स्वीकार किया। उनकी प्रणाली निगमनात्मक है। वे आगमन को निगमन की अपेक्षा गौ ण स्थान देते हैं। उनके अनुसार आगमन निगमन पर आधारित है। निगमन के द्वारा प्राप्त निष्कर्ष अनिवार्य होता है। इस स्पष्ट , विवेकपूर्ण और अनिवार्य ज्ञान का उपयुक्त उदाहरण गणित हैं। निगमन के आधार पर स्वयंसिद्धियों के द्वारा कुछ अन्य नियम स्थापित किये जाते हैं , चूँकि ये नियम स्वयंसिद्धियों के द्वारा निगमित किये जाते

हैं, इसलिए उनमें भी सार्वभौमिकता और अनिवार्यता होती है। सभी बुद्धिवादी अन्तः प्रज्ञा को ज्ञान का सर्वोत्तम स्रोत मानते हैं।

डेकार्ट ने केवल कुछ प्रत्ययों को आजानिक मा ना था, वहाँ स्पिनोजा और लाइ बनीज ने सभी प्रत्ययों को आजानिक मा ना। लाइबनीज़ के दर्शन में बुद्धिवाद अपनी पराकाष्ठा पर पहुँचा जाता है । उसकी प्रसिद्धि शक्ति है- 'बुद्धि को छोड़कर, बुद्धि में ऐसा कोई प्रत्यय नहीं है, जो पहले इन्द्रियानुभव में रहा हो, अर्थात् बुद्धि के मूल तत्वों की खोज इन्द्रियानुभव में नहीं की जा सकती है। लाइबनीज इससे भी आगे बढ़कर मानव-मन में विद्यामान प्रत्ययों के विश्लेषण के साथ-साथ विज्ञान के प्रत्ययों के विश्लेषण पर भी बल देता है।

बुद्धिवादियों ने ज्ञान का मूल आजानिक प्रत्ययों को स्वीकार किया। ज्ञान के मूलतत्व बुद्धि में निहित है , यह सिद्धांत बुद्धिवादियों की दर्शन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण देन है। किन्तु हमारी चेतना विषयोन्मुख होती है। ज्ञान वस्तु तंत्र होता है। अत: कोटी बुद्धि ही ज्ञान का आधार नहीं हो सकती है। यदि प्रागनुभविक और विश्लेषणात्मक निर्णयों को ही ज्ञान का प्रतिमान माना जाए तो हमारा वस्तुजगत् का ज्ञान 'ज्ञान' की संज्ञा से ही वंचित हो जायेगा। ज्ञान के लिए सार्वभौमिकता और अनिर्वायता के के साथ- साथ नवीनता भी आवश्यक है। ज्ञान की वस्तुनिष्ठता और नवीनता बिना अनुभव के संभव नहीं है।

1.5 अनुभववादियों के अनुसार ज्ञान

ज्ञान के सबसे अधिक लोकप्रिय , स्पष्ट और प्रचलित साधन इन्द्रियाँ हैं। ज्ञानेन्द्रियों की संख्या पाँच है , जो क्रमश: चक्षु , जिह्वा, त्वक, प्राण और श्रोत हैं। इनके द्वारा क्रमश, रूप, रम, स्पर्श, गंध और शब्द का अनुभव प्राप्त होता है । ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ बाह्येन्द्रियाँ कहीं जाती हैं। इनके द्वारा हमें बाह्य जगत् का अनुभव प्राप्त होता है। बाह्य ज्ञानेन्द्रियों के अतिरिक्त एक आंतरिक इन्द्रिय को भी स्वीकार किया गया है। न्याय-वैशेषिक, सांख्य और मीमांसा में अन्य बाह्येन्द्रियों के समान मन को भी अचेतन माग गया है। उनके अनुसार चेतना का संबंध केवल 'आत्मा से है। मन अन्य इन्द्रियों की अपेक्षा अधिक सूक्ष्म है। किन्तु पाश्चात्य दार्शनिकों ने मांइड को 'चेतन' माना है।

ज्ञानमीमांसा में अनुभववादी परम्परा का प्रारंभ सोफि स्टों के समय से माना जा सकता है। उनके अनुसार ज्ञान प्रत्यक्ष है। ज्ञान का एक मात्र साधन अनुभव है। आधुनिक दर्शन में अनुभववादी ज्ञानमीमांसा का प्रारंभ लॉक-दर्शन से होता है?, अर्थात् ज्ञानमीमांसीय समस्याओं की ओर दार्शनिकों का ध्यान आकर्षित करने का श्रेय लॉक को है। लॉक के अनुसार जगत् को जानने के पूर्व हम क्या और कितना जान सकते हैं, पर विचार करना चाहिए। बुद्धिवादी अपने ज्ञान के सीमाओं, शर्तों, और साधनों पर बिना विचार किये ही देखा, आत्मा तथा जगत् की सत्ताओं को जानने का प्रयास करने के कारण बुद्धिवादियों को रूढ़िवादी कहा गया है। यह रूढ़िवाद काण्ट के आलोचनावाद से भिन्न है।

अनुभववाद एक ऐसी दार्शनिक पद्धति है , जिसके अनुसार समस्त ज्ञान का स्त्रोत इन्द्रियानुभव है। मानव - मन में कोई प्रत्यप पहले से आजानिक (Innate) नहीं है। वास्तविक तथ्यों का ज्ञान प्राप्त करने के लिए दर्शनशास्त्र को इन्द्रियानुभविक पर आधारित होना चाहिए। यहां अनुभव को अधिक व्यापक अर्थ में ग्रहण किया गया है। यह संवेदन तक सीमित नहीं है। उसके अंतर्गत स्वसंवेदन भी समाहित हो जाता है। आत्मा स्वरूपत ज्ञान शु न्य है। क्योंकि समस्त ज्ञान में संवेदन और स्वसंवेदन के द्वारा उत्पन्न होता है। सरल प्रत्यय मन के लिए प्रदत्त है। उनके ग्रहण में आत्मा निष्क्रिय रहती है। किंतु स रल प्रत्ययों से जटिल प्र त्ययों के निर्माण में उसे सक्रिय होना पड़ता है।

परम्परागत अनुभववाद की पराकाष्ठा हयूम का संशयवाद है। उनकी मान्यता यह है , कि अनुभव के द्वारा सार्वभौम और अनिवार्य ज्ञान असंभव है। चूँकि बाह्य जगत के ज्ञान का स्त्रोत इन्द्रियानुभव है , इसलिए हमारा बाह्य जगत् का ज्ञान केवल प्राप्ति है। ह्यूम के अनुसार समस्त मानव ज्ञान को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है-

1. आकारिक ज्ञान अर्थात् प्रत्ययों के पारस्परिक संबंधों का ज्ञान
2. तथ्यात्मक ज्ञान

ज्ञान के उद्भव, सीमाओं और प्रामाणिकता का निरुपण करने के लिए लॉक ने जिस अनुभववाद की आधारशिला रखी थी , ह्यूम का संशयवाद ने उसकी विसंगतियों को उद्घाटित कर दिया। संशयवाद के आगमन में ज्ञान का पलायन स्वभाविक हो जाता

है। ज्ञान और संशय, प्रकाश और अंधकार के समान है, जो एक साथ नहीं रह सकते हैं।

1.6 आलोचनावाद (काण्ट)

आधुनिक दर्शन में काण्ट के आलोचनावाद को ज्ञानमीमांसा का प्रतिमान कहा जा सकता है। उसका आलोचनावाद रूढिवादी या बुद्धिवादी तथा अनुभववादी ज्ञानमीमांसा के साथ- साथ- अंतः प्र ज्ञावाद से भी भिन्न है। काण्ट की सुप्रसिद्ध कृति 'शुद्ध बुद्धि की आलोचना ज्ञानमीमांसा का एक प्रमुख ग्रंथ है। काण्ट ने 'आलोचनावाद' पद का प्रयोग शाब्दिक अर्थ में नहीं किया है। इसके अंतर्गत किसी सिद्धांत का निराकरण अथवा 'खण्डन 'आलोचना' के शाब्दिक अर्थ में नहीं किया गया है। इसमें बुद्धिवादी और अनुभववादी ज्ञानमीमांसा में अन्तर्निहित गुणों और दोषों का निरूपण किया गया है।

काण्ट के अनुसार बुद्धि भले ही ज्ञान का एक प्रमुख आधार हैं , किन्तु वह किसी वस्तु को साक्षात् रूप से जानने का साधन नहीं है। बुद्धि के द्वारा उसी ज्ञान का परीक्षण और मूल्यांकन किया जाता है, जो ज्ञान हमारे पास पहले से ही विद्यमान है। गणित का अस्तित्व सिद्ध करता है , कि जहाँ एक ओर हमा रा ज्ञान यथार्थ और संश्लेषणात्मक होता है। वहीं दूसरी ओर सार्वभौम और अनिवार्य भी है। हमें बाह्य जगत से संबंधित तथ्यों के बारे में नवीन सूचना प्राप्त होने के साथ- साथ सार्वभौम और अनिवार्य ज्ञान भी प्राप्त होता है। इन्द्रियानुभव के द्वारा वस्तुजगत् से संबंधित केवल कुछ विशिष्ट तथ्यों के बा रे में सूचना मिल सकती है। अनुभव से सभी तथ्यों के बारे में कोई प्रमाणिक ज्ञान नहीं प्राप्त हो सकता है।

यहाँ पर काण्ट बुद्धिवादी और अनुभववादी ज्ञानमीमांसा के आंशिक सत्य को स्वीकार करता है। जब वह अपनी आलोचना के प्रारंभ में कहता है - नि: संदेह हमारा प्रत्येक ज्ञान अनुभव से प्रारंभ होता है, तो यह अनुभववाद के सत्यांश का समर्थन है। इसके बाद वह बुद्धिवाद के इस सत्यांश को स्वीकार करता है , 'यद्यपि ज्ञान अनुभव से प्रारंभ होता है, तथापि इसकी उत्पत्ति अनुभव से नहीं होती है। इस संदर्भ में प्रो ए. सी. मुखर्जी का यह कथन तर्कसंगत है , कि का ण्ट के लाइबनीज के दर्शन का मूल्यांकन ह्यूम की दृष्टि से और ह्यूम के दर्शन का मूल्यांकन लाइबनीज की दृष्टि से करके अपने आलोचनावाद का प्रतिपादन किया।

1.7 ज्ञान की सीमाएँ

आधुनिक दर्शन में ज्ञान की सीमाओं को निर्धारित करने का प्रयास सबसे पहले जान लॉक ने किया। उसके अनुसार तत्वमीमांसीय समस्या पर चिंतन करने से पहले हमें अपनी बुद्धि तथा अनुभव की सीमा और क्षमता पर विचार करना चाहिए। हमारी बुद्धि की क्षमता क्या है? यह स्पष्ट होना चाहिए, कि विचारणीय समस्याएँ हमारी बुद्धि और अनुभव की सीमा के अंतर्गत आती है अथवा नहीं।

दार्शनिकों ने धर्मशास्त्रीय सिद्धांतों का प्रतिपादन दार्शनिक पद्धति से किया । जिन सत्ताओं को श्रुति के आधार पर स्वीकार किया जाता था, बुद्धिवादियों ने उसे तर्क से पुष्ट करने का प्रयास किया। उदाहरण के लिए , डेकार्ट और लाइबनीज ने ईश्वर की सत्ता को सिद्ध करने के लिए अनेक युक्तियाँ दी । किंतु वे तर्क बुद्धि और तर्क-प्रक्रिया की सीमाओं को भूल ग ये। बाद में चलकर का ण्ट ने ईश्वर को सिद्ध करने के लिए दी गयी इन युक्तियों को दोषपूर्ण ठहराया ।

लॉक के अनुसार ज्ञान प्रत्ययों की अनुकूलता अथवा प्रतिकूलता का प्रत्यक्ष है। सभी प्रसयों का आधार अनुभव है। अतः हमारे समस्त ज्ञान की सीमा अनुभव पर आश्रित केवल तीन प्रकार के ज्ञान- अन्त: प्रज्ञा त्मक ज्ञान, यौक्तिक ज्ञान, और बाह्येन्द्रिय प्रत्यक्ष को ही निश्चायक कहा जा सकता है। किन्तु ये तीनों प्रकार के ज्ञान सीमित है।

एक प्रत्यय से दूसरे प्रत्यय का निगगन करने में हम कभी - कभी निगमना त्मक युक्ति के अंतर्गत उत्तरवर्ती सोपान का अन्त: प्रज्ञात्मक ज्ञान प्राप्त करने में विफल हो जाते हैं। हम जब तक इस युक्ति के अंतर्गत आने वाले सभी सोपानों के प्रति प्रातिभ रूप से निश्चित न हो , तब तक इस प्रकार की युक्ति आगे नहीं बढ़ सकती है। बाह्य प्रत्यक्ष का क्षेत्र और विस्तार भी अत्यन्त संकुचित है। हमे केवल इन्ट्रियों के समक्ष प्रस्तुत विषयों का ही ज्ञान हो सकता है। हमारी इन्द्रिया संख्या और शक्ति दोनों में सीमित है।

1.8 सारांश

इन्द्रियानुभव और वैज्ञानिक पद्धति से हमें बा ह्य जगत् अर्थात् वस्तुओं के ढ़ाचे का केवल सतही ज्ञान ही प्राप्त हो सकता है। अनुभव के द्वारा वस्तुओं के आंतरिक गुणों का ज्ञान नहीं हो सकता है। हम यह जानते हैं , कि हमारा अनुभव भौतिक

जगत् का एक मानचित्र प्रस्तुत करता है। हम जानते हैं , कि एक ऐसी कुंजी है , जिसके द्वारा आनुभविक सत्य को भौतिक जगत् से संबंधित रुपान्तरित किया जा सकता है। किन्तु जिस कुंजी से हमें इसका ज्ञान होता है, हम उसे नहीं जानते है।

1.9 संभावित प्रश्न

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-

1. ज्ञान के संदर्भ में अनुभववादियों के विचारों को स्पष्ट करें ।
2. काण्ट अपने 'आलोचनावाद' में कैसे बुद्धिवादी व अनुभवादी विचारों को समाहित करते हैं। समझाएं
3. बुद्धिवादियों के अनुसार ज्ञान का आधार बुद्धि क्यों? व्याख्या करें।

लघु उत्तरीय प्रश्न-

1. अनुभववाद को स्पष्ट करें।
2. संक्षेप में ज्ञान की सीमा बताएं।
3. बुद्धिवादियों के ज्ञान की सीमा बताएं।

इकाई 11 : सत्ता दृश्यता है

इकाई की रूपरेखा

11.0 उद्देश्य

11.1 प्रस्तावना

11.2 सत्ता दृश्यता है

11.3 अध्यात्मवाद

11.4 व्यक्तिगत अध्यात्मवाद

11.5 अस्तित्व का सीधा संबंध प्रत्यक्ष से है

11.6 सर्वाहंवाद या आत्मनिष्ट प्रत्ययवाद

11.7 समीक्षा

11.8 सारांश

11.9 बोध प्रश्न

11.10 उपयोगी पुस्तक एवं संदर्भ ग्रंथ

----------0000----------

11.0 उद्देश्य

बर्कले के पूर्ववर्ती दार्शनिक लॉक ज्ञान में तीन अवयवों का होना अनिवार्य मानते हैं। 1. 'बाह्य वस्तुएं' 2. मन में स्थित प्रत्यय 3. मानसिक प्रत्यय व बाह्य वस्तुओं के बीच 'संवादिता' का होना। जगत का ज्ञान तभी हो सकता है जब ज्ञाता के मन में किसी रूप में इसका प्रतिनिधित्व हो।

बर्कले लॉक के इस सिद्धांत को अस्वीकार करते हैं क्योंकि बर्कले के अनुसार हमारा ज्ञान केवल प्रत्ययों तक सीमित है। लॉक द्वारा एक अदृश्य जड़ जगत में विश्वास करना त्रुटि पूर्ण है। बर्कले का मानना है कि वास्तविक जगत वह है जो अनुभवगम्य हो। अनुभव का एकमात्र विषय प्रत्यय है। इस प्रकार आत्मा और उसके प्रत्ययों के अतिरिक्त किसी वस्तु की सत्ता नहीं मानी जा सकती। ज्ञाता को ज्ञेय का ज्ञान साक्षात ही प्राप्त होता है।

प्रत्यय चेतन या मानसिक होते हैं जबकि तथाकथित वस्तुएं अमानसिक या अचेतन होती हैं। अतः प्रत्यय वस्तुओं के अनुरूप हो ही नहीं सकते हैं। मानसिक अमानसिक के समान नहीं हो सकता है। यदि हम यह मान भी ले कि मानसिक प्रत्यय बाह्य वस्तुओं के अनुरूप होते हैं तो प्रश्न उठता है कि दोनों के बीच संवाद होने का ज्ञान कैसे संभव हो सकता है। प्रत्ययों को वस्तुओं का चित्र या प्रतिबिंब भी कहा जाता है। किंतु प्रत्ययों को वस्तुओं का प्रतिबिंब तभी कहना उचित रहेगा जब प्रत्ययों से स्वतंत्र रूप में अनेक बिम्बों की सत्ता हो या उनके अनुरूप वस्तुएं जानी जा सके अर्थात अनेक बिम्ब (वस्तुओं) को स्वतंत्र रूप में जाना जा सके। परंतु लॉक के पास प्रत्ययों से स्वतंत्र रूप में बाह्य वस्तुओं को जानने का कोई अन्य साधन नही है। इस प्रकार बर्कले मानसिक प्रत्ययों के कारण के रूप में जड़ पदार्थ को स्वीकार नहीं करते हैं। बर्कले मूलगुण व उपगुण के भेद को भी स्वीकार नहीं करते। ये दोनों ज्ञाता पर ही आश्रित हैं। अर्थात दोनों प्रत्ययात्मक या आत्मनिष्ठ है।

इस प्रकार से आगे हम यह देखेंगे कि बर्कले कैसे यह दर्शाते हैं कि ज्ञाता (आत्मा) और ज्ञेय (प्रत्यय) के अतिरिक्त कोई वस्तु नहीं होती है।

11.1 प्रस्तावना

अनुभववादी बर्कले के अनुसार केवल वह ही सत् हो सकता है। जो अनुभव का विषय है। अनुभव का विषय प्रत्यय हैं और प्रत्ययों का अनुभव करता कौन है? वह है आत्मा। लॉक के प्रत्यय बाह्य वस्तुओं के मूल गुणों के प्रतिबिंब थे परंतु बर्कले के प्रत्यय आत्मनिष्ठ (Subjective) हैं। बर्कले चूँकि की मानते कि तथाकथित जड़ वस्तुओं की सत्ता ही नहीं होती। बर्कले के अनुसार किसी वस्तु के अस्तित्व युक्त होने का तात्पर्य है कि वह दृश्य या अनुभव का विषय है। आत्मा तो 'है' क्योंकि उसके बिना तो कोई ज्ञान संभव ही नहीं होगा परंतु बाह्य वस्तुएं वस्तुतः हमारे मन के आंतरिक प्रत्यय हैं, तथाकथित बाह्य वस्तुएं अनेक संवेद्य प्रत्ययों के संघात हैं। ये रूप, रस, स्पर्श, गंध आदि गुणों के समूह हैं। ये गुण अनुभवकर्ता आत्मा पर आश्रित है। इस प्रकार तथाकथित बाह्य वस्तुएं आत्मा के ही प्रत्यय हैं। 'सत्ता दृश्यता है' कथन के द्वारा वे यह दर्शाते हैं कि वस्तुएं स्वरूपतः भौतिक या जड़ नहीं हैं बल्कि प्रत्ययों के परिवार हैं।

11.2 सत्ता दृश्यता है

बर्कले अध्यात्मवादी (Spiritualist) थे वे भौतिकवाद एवं नास्तिकतावाद को पसंद नहीं करते थे। उनके अनुसार विश्व की समस्त वस्तुएं एक सर्वोच्च सत्ता या निःश्रेयस (Supreme God) से संचालित होती हैं।। अपने पूर्ववर्ती लॉक के दर्शन में उन्होंने कमी पाई। उनके अनुसार भौतिकतावाद के खंडन मात्र से आध्यात्मवाद स्वतः स्थापित हो जाएगा।

बर्कले के अनुसार रूप, गंध, स्पर्श आदि सरल एवं विशेष गुणो से हमारा ज्ञान शुरू होता है। सर्वप्रथम हम अपने संवेदनों में प्रत्यक्ष रूप से विभिन्न गुणों को प्राप्त करते हैं या फिर इनके प्रतिबिंब या प्रतिमाओं को जानते हैं। ज्ञान में इन सरल

प्रत्ययों के अतिरिक्त कोई और प्रत्यय होता ही नहीं। इन सब प्रत्ययों की निर्भरता हमारे मन पर है। जो कुछ भी हम अनुभव करते हैं वह मानसिक है या मन पर आश्रित है। इस बात को बर्कले अपनी उक्ति में 'esse est percipi' 'दृश्यते इति वर्तते' के रूप में व्यक्त करते हैं अर्थात किसी वस्तु का होना (अस्तित्व) मन के प्रत्यय या प्रतीति पर निर्भर करती है। जो देखा नही गया कभी, जो कभी किसी के द्वारा सुना नही गया वह निरर्थक है। बर्कले के अनुसार अज्ञात या प्रत्यय के रूप में कोई भी वस्तु संभव नहीं हो सकती है। यहां एक प्रश्न उठता है कि कुछ वस्तुओं की जानकारी हमें कालांतर में या भविष्य में होती है, अभी हमारे लिए दृष्ट नहीं है तो क्या इसकी सत्ता भी नही स्वीकार की जा सकती? यहां बर्कले का उत्तर होगा कि यह भी प्रत्यय है जो साक्षात प्रत्यय के द्वारा अनुमित होते हैं। बर्कले के अनुसार विश्व की समस्त वस्तुएं प्रत्यय होने के कारण मानसिक हैं और प्रत्ययों के अतिरिक्त किसी की सत्ता संभव नही है।

इसके आगे बर्कले कहते हैं चूँकि प्रत्यक्य निष्क्रिय हैं, इसलिए संवेदित प्रत्ययों के अतिरिक्त कोई और सत्ता भी होनी चाहिए जो इन प्रत्ययों को ग्रहण करती है। परंतु वह स्वयं प्रत्यय नहीं है और यही आत्मा है। प्रत्ययों की सत्ता दृश्यता (Percipi) में और आत्मा की सत्ता (Perceiving) या क्रिया में है। इस प्रकार आत्मा ही एक पदार्थ है और प्रत्यय उसे पर निर्भर करते हैं। इसलिए आत्मा और आत्मा के प्रत्ययों के अतिरिक्त किसी की सत्ता नही है।

अस्तित्व का अर्थ है प्रत्यय का विषय होना। बर्कले के अनुसार मन के बिना पदार्थ की सत्ता नही होती। किसी वस्तु के अस्तित्व का अर्थ है कि वह मेरे मन या अन्य किसी मन या नित्य आत्मा द्वारा प्रत्यक्ष किया गया है।

लॉक द्वारा प्रतिपादित प्रमुख एवं गौड गुणों के भेद का बर्कले ने खंडन किया।

लॉक ने माना कि प्रमुख गुण जैसे विस्तार, आकार, गति, ठोसपन वस्तुओं में होते हैं और गौण हमारे मन में इन वस्तुओं के प्रभाव मात्र हैं। गौण गुण का अस्तित्व वस्तुओं में नहीं होता बल्कि हमारे मन में होता है।

परंतु बर्कले के अनुसार गौड गुण की भांति प्रमुख गुण भी मेरे मन के ही संवेदन है। मैं अपने बिस्तर के प्रत्यय (मूल गुण) को रंग के प्रत्यय (उपगुण) तथा अन्य गौड़ गुणों से अलग नहीं कर सकता। हम कभी भी ऐसी विस्तारमय वस्तु का प्रत्यक्ष नही करते जिसमें कोई रंग न हो अथवा रंग हो तो बिस्तर न हो। अतः प्रमुख गुण और गौड़ गुणो में वस्तुओं में अभिभाज्य संबंध है। दोनों प्रकार के गुणों को अलग नही किया जा सकता। प्रमुख गुण भी मन पर उतना ही आश्रित रहता है जितना गौड़ गुण। इस प्रकार प्रमुख गुण एवं गौड़ गुण दोनों मानसिक है।

लॉक ने कहा था कि गौड गुण में सापेक्षता है इसलिए वे मन पर आश्रित हैं। जैसे कोई वस्तु किसी को अधिक गर्म तो किसी को कम गर्म लग सकती है (गौड गुण के उदाहरण में) लेकिन बर्कले के अनुसार यही सापेक्षता, आकार, गति जैसे प्रमुख गुणों के उदाहरण में भी देखने को मिलती है। एक दिशा में चल रही ट्रेनों की गति उसमें बैठे यात्रियों को काम जबकि विपरीत दिशा में चल रही ट्रेनों की गति उनमें बैठे यात्रियों को अधिक प्रतीत होती है। इस प्रकार प्रमुख गुण भी सापेक्ष है और गौड गुण की भांति मन पर आश्रित है।

पुनः लॉक का यह भी मानना था कि गुणों का कोई आधार द्रव्य तो होना ही चाहिए क्योकि बिना आधार के गुणों का अस्तित्व असंभव है। परंतु बर्कले यह भी अस्वीकार करता है कि इन गुणों का कोई अज्ञात आधार (द्रव्य है) जिस द्रव्य को हम देख नही सकते उसे कैसे स्वीकार किया जा सकता है? द्रव्य की कोई स्वतंत्र सत्ता नहीं होती। जब भी हम किसी द्रव के प्रत्यक्ष की बात करते हैं तो वह संवेदना एवं आत्म निरीक्षण के आधार पर और यहां मुख्यतः किसी गुण, रंग, स्पर्श, भाव, उद्वेग आदि की ही प्राप्त होती है। आंखों द्वारा किसी रंग के, कान द्वारा किसी आवाज के प्रत्यक्ष की ही बात करते हैं। स्वयं लॉक का मानना है कि भौतिक द्रव्य इंद्रियों से नही जाना जा सकता क्योंकि वह अज्ञात है। यदि भौतिक द्रव्यों का प्रत्यक्ष हो तो वह प्रत्यय (संवेदन या स्वसंवेदन) ही होगा और सब प्रत्यय मानसिक होते हैं। अतः भौतिक या जड़ द्रव्य मन से परे स्वतंत्र सत्ता न होकर मानसिक ही है।

लॉक के अनुसार भौतिक द्रव्य को प्रत्यक्ष ना मानकर अनुमानित सत्ता कहा जा सकता है। अगर यह प्रश्न किया जाए कि मन और द्रव्य में क्या संबंध है? तो लॉक का उत्तर होगा कि यह संबंध बुद्धिगम्य नही है।

बर्कले के अनुसार भौतिक द्रव्य को मानसिक प्रत्ययों का कारण नही माना जा सकता क्योंकि कारण कार्य में समानता होनी चाहिए और इनके पारस्परिक संबंध को बुद्धिगम्य तो होना ही चाहिए। हर कोई जड़ पदार्थ को निष्क्रिय समझता है। अतः जड़ द्रव्य मासिक प्रत्यय का उत्पादक कारण नही माना जा सकता। केवल सक्रिय सत्ता ही उत्पादक हो सकती है। यही कारण है कि भौतिक पदार्थों को प्रत्ययों का अनुमानित उत्पादक कारण नही माना जा सकता।

भौतिक द्रव्य की धारणा से कोई सैद्धांतिक लाभ नही है और न कोई बौद्धिक तथा व्यवहारिक संगति ही है।

बर्कले का मानना है कि भौतिक द्रव्य की धारणा लाभ की बजाय हानि पहुंचती है। भौतिक जड़ को शाश्वत समझने से ईश्वर की सत्ता की असीमितता में कमी आती है। आम लोगों को यह भी भ्रम होने लगता है कि जगत की घटनाएं जड़ द्रव्य के नियमों द्वारा संचालित होती हैं। इस जड़वादी विचारधारा को स्वीकार करने पर नास्तिकवाद की भावना का प्रसार होने लगता है। ईश्वर में लोगों की आस्था कम होने लगती है। बर्कले के अनुसार ईश्वर समस्त कल्याण/ ज्ञान/ प्रकाश का स्रोत है. ईश्वर से विमुख होने के कारण मानव अंधकार में फंस जाता है।

बर्कले का मानना है कि बाह्य जड़ द्रव्य की स्वतंत्र धारणा का त्याग करके हमें अनुभूत विषय को अपनाने पर बल देना चाहिए। अनुभूत विषय आत्म एवं उसमें विद्यमान प्रत्यय है। आत्मा एवं उसके प्रत्यय आध्यात्मिक सत्ताएं हैं। इस प्रकार बर्कले के अनुसार आत्मवाद एवं प्रत्ययवाद ही एकमात्र न्याय संगत सिद्धांत है।

11.3 अध्यात्मवाद (Idealism)

आदर्शवाद, अध्यात्मवाद या प्रत्ययवाद दर्शन की वह वैचारिक प्रणाली है जो आत्मा, मन, चैतन्य या प्रत्यय को विश्व की मूलभूत सत्ता या तत्व मानती है। यहां

माना जाता है कि समस्त भौतिक पदार्थ का मूल मनस या आत्मा है। इसमें यह माना जाता है कि आत्म तत्व जड़ तत्व का किसी न किसी रूप में आधार है।

अध्यात्मवाद जड़वाद का विपरीत सिद्धांत है। जड़वाद में जड़ या भौतिक तत्व को इस संसार का मूल कारण माना जाता है एवं जड़ की स्वतंत्रता सत्ता को स्वीकार करता है।

11.4 व्यक्तिगत अध्यात्मवाद (विज्ञानवाद) (Subjective Idealism)

आइरिश दार्शनिक बर्कले के प्रत्ययवाद (विज्ञानवाद) को व्यक्तिगत अध्यात्मवाद (विज्ञानवाद) कहा गया है। उनके अनुसार विषय व्यक्ति के ज्ञान पर आधारित है। ऐसा कोई विषय नही है जो व्यक्ति के ज्ञान से परे कहा जा सकता हो। जगत की वस्तुएं प्रत्यक्ष करने वाले अतःकरणों के व्यक्तिक विचार मात्र है, अन्य कुछ नही। जड़ मन के विचारों का समूह मात्र है और मन से स्वतंत्र।

11.5 अस्तित्व का सीधा संबंध प्रत्यक्ष से है

बर्कले के अनुसार कोई वस्तु है, का तात्पर्य है कि उस वस्तु का प्रत्यक्ष हो रहा है। यदि यह कहा जाए कि कोई वस्तु थी तो इसका तात्पर्य है कि इसका प्रत्यक्ष किया गया था और यदि यह कहा जाए की कोई वस्तु होगी तो इसका अर्थ है कि भविष्य मे उसे वस्तु का प्रत्यक्ष होगा। इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि किसी वस्तु का अस्तित्व होना इसका प्रत्यक्ष होना है। इसलिए बर्कले कहते हैं 'Esse est percipi'

किसी वस्तु के प्रत्यक्ष के अभाव में उसके अस्तित्व की कल्पना नही की जा सकती है। हम जब भी किसी वस्तु के विषय में सोचते हैं तो उसे मनस से संबंधित या मनस पर आधारित पाते हैं। आत्मा या मनस से असंबंधित वस्तु का विचार आत्म व्याघाती है। अतः बर्कले के अनुसार हम कह सकते हैं कि बाह्य वस्तुएं हमारे विचार मात्र हैं और कुछ नहीं। जिसे हम द्रव्य के नाम से पुकारते हैं वह कुछ गुण का समूह मात्र है चूँकि प्राथमिक एवं गौड दोनों गुण हमारी आत्मा/ मनस के

विचारों के अतिरिक्त कुछ और नही है। इसलिए हम तथाकथित बाह्य जड़ द्रव्य को भी विचारों के अतिरिक्त कुछ नहीं मान सकते।

काल्पनिक वस्तु एवं व्यावहारिक जगत में भेद कैसे होगा? बर्कले के उपरोक्त विचारों को यदि स्वीकार कर लिया जाए तो यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जगत के पदार्थ एवं काल्पनिक वस्तुओं में कोई भेद है या नही? यहां बर्कले का उत्तर होगा कि जगत (व्यावहारिक) के पदार्थ परमात्मा द्वारा मनुष्यों के सीमित अंतःकरण पर नियमित ढंग से अंकित की हुई संवित्तियाँ है और काल्पनिक पदार्थ वे प्रतिछाया है जिनको मनुष्य का सीमित अंतःकरण स्वयं उत्पन्न करता है। संवित्तियाँ अधिक सबल, स्पष्ट एवं व्यवस्थित होती हैं और कल्पनिक विचार (काल्पनिक पदार्थ) अस्पष्ट, निर्बल एवं अव्यवस्थित होते हैं। ध्यातव्य है कि संवित्ति और कल्पित विचार भिन्न होते हैं। फिर भी दोनों व्यक्तिगत हैं और मनस पर आश्रित है। अंतःकरण से स्वतंत्र उन दोनों का कोई अस्तित्व नही होता। हमारी संवित्तियाँ कितनी भी सुस्पष्ट हो फिर वे रहेंगे विचार ही अर्थात उनका अस्तित्व मनस में ही है या मनस के द्वारा ही उनका प्रत्यक्ष होता है। यह ठीक उसी प्रकार से होता है जैसे मनस के द्वारा उत्पन्न विचारों का। वास्तविक वस्तुओं और काल्पनिक वस्तुओं में भेद होता तो है परंतु दोनों के अस्तित्व का आधार अन्तःकरण ही है।

11.6 आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद या व्यक्तिगत अध्यात्मवाद या सर्वाहंवाद

बर्कले के दर्शन को प्रायः उपर्युक्त नाम से पुकारा जाता है क्योंकि वे जगत की वस्तुओं के अस्तित्व को मनस से निरपेक्ष या स्वतंत्र नही मानते। तथाकथित भौतिक वस्तुएं प्रत्यक्ष करता मनस के विचार ही है। परंतु बर्कले सर्वाहंवादी हैं या नहीं यह जानने के लिए हमें सर्वाहंवाद को समझना होगा। सर्वाहंवाद के अनुसार संसार में मात्र 'मैं और मेरे विचारों का ही अस्तित्व है' अन्य किसी की सत्व नही है। परंतु बर्कले का मानना है कि मेरे मनस के अलावा अन्य अंतःकरणों का अस्तित्व भी है। जगत में अनेक वस्तुएं जिनका प्रत्यक्ष मैं नहीं कर रहा उनका अस्तित्व इसलिए स्वीकार किया जाता है क्योंकि अन्य अंतःकरणों के द्वारा उनका प्रत्यक्ष हो रहा है।

बर्कले परमात्मा को भी मानते हैं। बर्कले के अनुसार जगत की तथाकथित वस्तुओं की संवित्तियाँ सीमित अंतःकरण नहीं उत्पन्न करते उन्हें परमात्मा सीमित अन्तःकरणों में कुछ निश्चित नियमों के अंतर्गत उत्पन्न करता है। इसलिए बर्कले के दर्शन को सर्वाहंवाद कहना अनुचित है।

11.7 समीक्षा

नव्य वस्तुस्वतंत्रवादी मूर का कहना है कि किसी वस्तु का अस्तित्व उसके प्रत्यक्ष पर नहीं आधारित होता बल्कि वस्तु का प्रत्यक्ष उसके अस्तित्व पर आधारित होता है। एक स्थल पर हमें लाल रंग का और दूसरे स्थल पर नीले रंग का प्रत्यक्ष होता है तो उसे लाल और नीले रंग में अंतर का कारण हमारा ज्ञान नहीं बल्कि ज्ञान के विषय ही होते हैं। ज्ञान का विषय हरा है तो हरे का प्रत्यक्ष होगा पीला है तो पीले का। इस प्रकार मूर ने व्यक्तिगत अध्यात्मवाद का विरोध किया है।

बर्कले के अनुसार वस्तु एवं उसकी संवित्ति में तादात्म्य है क्योंकि उनका एक दूसरे से अलग प्रत्यक्ष हम नहीं कर सकते। किंतु प्रत्यक्ष के अपृथक्त्व से तादात्म्य की सिद्धि नहीं हो सकती। यदि हम दो वस्तुओं का प्रत्यक्ष सदा साथ-साथ करते हैं तो इससे यह सिद्ध नही हो जाता कि दोनों अभिन्न है। बर्कले का मानना है कि बाह्य वस्तुएं विचारों के सदृश्य हैं तो वे वस्तुतः विचार ही है। असंगत युक्ति है क्योंकि सदृश्य का अर्थ तादाम्य नही होता। अलेक्जेंडर का मानना है कि यह तो ठीक बात है कि जब हम कभी किसी वस्तु का ज्ञान प्राप्त करते हैं तो उसे ज्ञात वास्तु के रूप में ही जानते हैं। किंतु बर्कले का यह तर्क देना कि क्योंकि वस्तु का ज्ञान मनस पर निर्भर करता है इसलिए वस्तु का अस्तित्व भी मनस पर ही निर्भर है अनुचित है। वस्तु के ज्ञान एवं वस्तु को एक ही नही माना जा सकता है।

बर्कले प्रत्यक्ष की प्रक्रिया में प्रत्यक्षकर्ता की 'मानसिक अनुभूति' तथा प्रत्यक्ष की जाने वाली 'वस्तु' इन दोनों में भेद नहीं कर पाते। पहली क्रिया या अनुभूति है तो दूसरी पदार्थ या वस्तु है। कभी तो बर्कले का संवित्ति एवं विचार से अभिप्राय मानसिक क्रिया से होता है, तो कभी मन में उपस्थित वस्तु से। इस प्रकार वे भ्रामक

रूप में संवित्ति एवं विचार का प्रयोग करते हैं। बर्कले ने स्वप्न में होने वाली अनुभूतियों एवं जागृत अवस्था में होने वाली अनुभूतियों दोनों को संवित्ति कहा एवं एक समान माना है। परंतु यह अनुचित प्रतीत होता है। स्वप्न में होने वाली अनुभूतियों की रचना स्वयं मनस कर देता है। इसके उत्पन्न होने के लिए बाह्य पदार्थों के साथ ज्ञानेंद्रियों एवं मनस के संपर्क की आवश्यकता नही होती। अतः उन्हें जागृत अवस्था की संवित्तियो के समान नहीं कहा जा सकता क्योंकि जागृत अवस्था की संवित्तियाँ ज्ञानेंद्रियों एवं मनस पर बाहर से आरोपित की जाती हैं। जो ज्ञाता पर निर्भर नही करती। ज्ञाता सापेक्ष नहीं होती।

सर्वाधिक महत्वपूर्ण संप्रत्यय जिस पर बर्कले का दर्शन अपना ध्यान आकृष्ट करता है वो ये है कि बाह्य जगत जिसका कि हम सबको अनुभव होता है जिसे प्रायः संवित्ति कहा जाता है। इन संवित्तियों के बारे में बर्कले का मानना है कि ये संवित्तियाँ सीमित अंतरकरणों में ईश्वर के द्वारा उत्पन्न कर दी जाती हैं।

बर्कले एक अनुभववादी दार्शनिक है। अतः प्रश्न उठता है कि ज्ञानेंद्रियों के अतिरिक्त ज्ञान का कोई अन्य साधन वे मान नहीं सकते तो फिर कैसे वे एक अतीन्द्रिय सत्ता 'ईश्वर' के अस्तित्व को पा सकते हैं या सिद्ध कर सकते हैं। राल्फ बार्टन पेरी जो एक नव वस्तु स्वतंत्रवादी दार्शनिक थे, ने बर्कले के दर्शन को आत्मकेंद्रित दुर्दशा (Egocentric Predicament) से ग्रस्त बताया है। आत्मकेंद्रित दुर्दशा की स्थिति में हम किसी ऐसे पदार्थ को जान ही नहीं सकते जो हमारे मन से संबंधित न हो। बर्कले ने ऐसा ही किया कि जिस वस्तु का मनस से प्रत्यक्ष नही होता उसका अस्तित्व भी नही है। यद्यपि यह मानना उचित है कि हम स्वभावतः अपने अनुभव से परे जाकर विचार नही कर सकते किंतु इसका यह तात्पर्य नही है कि बाह्य वस्तुओं का अस्तित्व हमारे ज्ञान या अनुभव पर आश्रित होता है।

वस्तुनिष्ठ प्रत्ययवादी के अनुसार ज्ञान प्रक्रिया के लिए ज्ञाता एवं ज्ञेय दोनों की स्वतंत्रता सत्ता मानना आवश्यक है। यदि हम ज्ञाता को ज्ञेय या विषय का ही एक रूप नही मान सकते वैसे ही हम ज्ञेय या विषय को ज्ञाता या मनस का ही रूप नही कह सकते। ज्ञाता एवं ज्ञेय एक दूसरे से स्वतंत्र एवं वास्तविक हैं। यद्यपि बर्कले

को आत्मनिष्ट प्रत्ययवादी एवं सर्वाहंवादी नही कहा जा सकता क्योंकि उन्होंने अपने अंतःकरण के अतिरिक्त दूसरे अंतःकरणों तथा ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार किया है तथापि एक अनुभववादी दार्शनिक होने के कारण वे ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार करें यह न्याय संगत नही है।

11.8 सारांश

लॉक ने जड़ तत्व का प्रत्यक्ष अनुभव न होने के बावजूद जड़ तत्व को स्वीकार कर लिया जो कि अनुचित था और यह संशयवाद का कारण बना। केवल प्रत्यय जगत को मानकर बर्कले ने लॉक के इस द्वैतवाद को खत्म कर दिया। वह अंतर्बोध को आत्मज्ञान व सामान्यों के ज्ञान का साधन मानता है। इस प्रकार हमारा ज्ञान मात्र अनुभव सापेक्ष प्रत्यय तक ही सीमित नही है। हमारा ज्ञान बौद्धिक होने के साथ ही पारमार्थिक भी है। बर्कले के द्वारा यह स्पष्ट नही किया जाता कि यदि आत्मा और उसके प्रत्यय (प्रत्यक्ष के विषय) ही सत्य हैं, तो हम भिन्न-भिन्न समझी जाने वाली वस्तुओं में अंतर किस आधार पर कर पाते हैं?

11.9 बोध प्रश्न

1. आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद क्या है?
2. बर्कले का प्रत्ययवाद किस प्रकार लॉक के दर्शन की विसंगतियों को दूर करने का प्रयास करता है?
3. 'सत्ता दृश्यता है' सिद्धांत की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए।

11.10 उपयोगी पुस्तकें एवं संदर्भ ग्रंथ

1. पाश्चात्य दर्शन का उद्भव और विकास - डॉ हरिशंकर उपाध्याय, अनुशीलन प्रकाशन, प्रयागराज ।
2. पाश्चात्य दर्शन - चंद्रधर शर्मा, मोतीलाल बनारसी दास, नई दिल्ली ।

3. पाश्चात्य दर्शन का समीक्षात्मक इतिहास - या० मसीह, मोतीलाल बनारसी दास, नई दिल्ली ।

4. पाश्चात्य दर्शन का इतिहास - डॉ० दया कृष्ण, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर।

5. पाश्चात्य दर्शन का समीक्षात्मक विश्लेषण - डी० आर० जाटव, मलिक एण्ड कंपनी, जयपुर।

----------0000----------

MAPH 102(N) पाश्चात्य दर्शन

खण्ड 3

बुद्धिवाद और अनुभववाद

इकाई 12 कारणता की समस्या

12.0 प्रस्तावना

12.1 उद्देश्य

12.2 प्रत्ययों के बीच संबंध

12.3 आगमन की समस्या

12.4 कारण-कार्य में अनिवार्य संबंध का अभाव

12.5 कारणता का निष्कर्ष

12.6 ह्यूम के दर्शन की समीक्षा

12.7 सारांश

12.8 बोध प्रश्न

12.9 उपयोगी पुस्तक एवं संदर्भ ग्रंथ

----------000----------

12.0 प्रस्तावना

ह्यूम एक अनुभववादी दार्शनिक थे जिनकी मान्यता है कि अनुभव के आधार पर हम किसी भी प्रकार के अतींद्रिय सत्ता अथवा तत्व मीमांसा जैसे कि ईश्वर , जगत

अथवा आत्मा की स्थापना नहीं कर सकते । यही कारण है कि ह्यूम के अनुभववाद को विशुद्ध ज्ञानमिमांसीय सिद्धांत कहा जा सकता है । बर्कले एवं लाॅक आदि भी अनुभववाद को यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति का एकमात्र साधन मानते हैं परंतु वे अनुभववाद का तार्किक रूप से अनुपालन नहीं कर पाते और कहीं ना कहीं उन्होंने कल्पनाओं का सहारा लिया है।

लाॅक द्रव्य ,आत्मा , ईश्वर की कल्पना कर लेते हैं । वहीं पर बर्कले जड़ द्रव्यों का खंडन करते हैं परंतु प्रत्यय के आश्रय के रूप में आत्मा एवं परमात्मा की कल्पना करते हैं परंतु ह्यूम अनुभववाद को तार्किक पराकाष्ठा पर पहुंचते हैं और क्योंकि तत्व मीमांसा का हमें अनुभव नहीं होता अतः उन्होंने तत्व मीमांसीय सत्ता जैसे आत्मा, ईश्वर , द्रव्य इत्यादि की सत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगाया।

12.1 उद्देश्य

इस इकाई के अंतर्गत हम यह जान पाएंगे कि ह्यूम के अनुसार केवल प्रत्यक्षों का ही अनुभव होता है अतः केवल प्रत्यक्ष अर्थात इंद्रिय-संस्कार एवं प्रत्यय की सत्ता को ही तार्किक रूप से हम स्वीकार कर पाते हैं।

इस इकाई के अंतर्गत हम यह जानने का प्रयास करेंगे कि किस प्रकार ह्यूम यह दिखाते हैं कि वस्तुस्थिति विषयक संबंधों का ज्ञान अनिवार्य और सार्वभौमिक रूप से सत्य नहीं हो सकता एवं ह्यूम के अनुसार केवल प्रत्ययों से संबंधित ज्ञान निश्चित एवं संदिग्ध होता है

12.2 प्रत्ययों के बीच संबंध

लाक के चिन्तन में विकसित अनुभववाद को तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाने का श्रेय डेविड ह्यूम को है। वह अनुभववाद की मूल मान्यता को स्वीकार करके ज्ञान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हैं। जिसके मूल घटक 'संस्कार' एवं 'प्रत्यय' हैं। संस्कार ही प्राथमिकता है जो संवेदन एवं स्वसंवेदन द्वारा मिलते हैं। किसी वस्तु को देखने सुनने आदि से मन में जो त्वरित प्रभाव पड़ता है वह संस्कार है। वाह्य ज्ञानेन्द्रियों

से प्राप्त संवेदन एवं उस पर आधारित स्वसंवेदन को सम्मिलित रूप में ह्यूम संस्कार कहते हैं।

इसके अन्तर्गत सभी प्रकार की अनुभूतियां सम्मिलित है। इन्द्रिय संवेदन के साथ ही आंतरिक गतिविधियों को लिए ह्यूम आंतरिक प्रत्यक्ष का भी उल्लेख करते हैं। संस्कारों की अनुकृतियां प्रत्यय हैं इसलिए संस्कारों की अपेक्षा प्रत्यय क्षीण एवं कम स्पष्ट होते हैं। यहां प्रत्ययों से ह्यूम का आशय चिन्तन स्मृति आदि रूपों में संस्कारों की धंुधली प्रतिमाओं से है। संस्कार ही प्रत्ययों के जनक हैं जिनके अभाव में प्रत्यय संभव नहीं है।

स्पष्टतः सभी सरल प्रत्ययों के रूप में कोई न कोई संस्कार अवश्य रहता है। सरल प्रत्ययों को प्राप्त करने के पश्चात उससे जटिल प्रत्यय बनते हैं इसके लिए अब संस्कार आवश्यक नहीं होते हैं। अतः कोई भी सरल प्रत्यय जन्मजात नहीं हो सकता। ह्यूम से अलग बुद्धिवादियों ने प्रत्यय को जन्मजात माना था। उनके अनुसार ज्ञान का विशय प्रत्यय जन्म से बुद्धि में विद्यमान होते हैं। जबकि लाक प्रत्ययों की अनुभववादी व्यख्या से सहमत हैं। तथापि उनकी व्याख्या में संस्कार की बजाय संवेदन व सवसंवेदन का निर्माण होता है।

ह्यूम के अनुसार, संस्कार सरल अणुरूप् व एक दूसरे से स्वतंत्र होते हैं। प्रत्येक सरल प्रत्यय की विशेष एवं स्वतंत्र सत्ता है। तात्पर्य है कि किन्ही दो संस्कारों या प्रत्ययों में कोई अनिवार्य संबंध नहीं है और उनके बीच तार्किक निगमन भी असंभव है। इसी अवधारणा को 'मनोवैज्ञानिक या आनुभविक अणुवाद' के रूप में जाना जाताहै। यहां समस्या है कि प्रत्येक प्रत्यय स्वतंत्र एवं विशिष्ट है और उसमें कोई अनिवार्य संबंध नहीं है तो इस स्थिति में उन्हें कैसे सम्बोधित किया जाता है? अर्थात् यदि समस्त ज्ञान संस्कार जन्य है और संस्कार परस्पर स्वतंत्र है तो उनमें क्रमबद्धता कैसे आती है?

यहां ह्यूम का स्पष्टीकरण है कि प्रत्ययों के मध्य आन्तरिक व अनिवार्य संबंध न होकर वाह्य संबंध ही संभव है। ऐसे मनोवैज्ञानिक संबंध को साहचर्य कहते

हैं। जिसका आधार मानव मन में निहित सादृष्यता, देषकाल समीपता एवं कारण-कार्य भाव है। यदि दो प्रत्यय परस्पर सादृष्य होते हैं, तो सादृष्य के कारण एक वस्तु के प्रत्यय के स्मरण से दूसरी वस्तु की स्मृति हमारे मन में सजीव हो जाती हैं यदि एक घटना दूसरी घटना के बाद एक ही स्थान पर हो हो इसमें देष, काल संबंधित समीपता स्थापित हो जाती है। इसके साथ ही कारण कार्य भाव से एक प्रत्यय के उपस्थित होने पर दूसरे प्रत्यय की उपस्थिति हो जाती है। अर्थात् इनमें पूर्ववर्ती एवं परवर्ती का संबंध होता है।

इन तीनों नियमों अर्थात् सादृष्यता, समीपता, कारण कार्य भाव में से एक के होने पर भी प्रत्ययों में साहचर्य हो जाता है। यह तीनों नियम तार्किक न होकर मनोवैज्ञानिक हैं जिसका आाधार अनुभव है। इसलिए इसमें किसी प्रकार की अनिवार्यता नहीं पायी जाती है। यह हमारी आदत एवं कल्पना पर निर्भर करता है। अतः इन्द्रिय आधारित ज्ञान को पूर्णतः निश्चित एवं असंदिग्ध नहीं कहा जा सकता है।

इस आधार पर ह्यूम मानव ज्ञान को दो प्रकार से व्याख्यायित करते हैं प्रथम प्रत्ययों से सम्बन्धित ज्ञान द्वितीय तथ्यों से संबंधित ज्ञान। ह्यूम के अनुसार प्रत्ययों से संबंधित ज्ञान तर्क एवं चिन्तन द्वारा प्राप्त होता है। प्रत्ययों द्वारा चिन्तन करके तर्कशास्त्र व गणित का ज्ञान प्राप्त किया जाता है। जैसे दो और दो चार होते हैं। ऐसा ज्ञान प्रत्ययों के पारस्परिक संबंध पर आधारित होता है। इसके लिए आनुभविक परीक्षण एवं प्रयोग की आवष्यकता नहीं होती। द्वितीय प्रकार का ज्ञान तथ्य जगत व वस्तुओं से संबंधित है जिसका आधार अनुभव है इसके लिए आनुभाविक निरीक्षण की आवष्यकता होती है क्योंकि यह ज्ञान इन्द्रिय अनुभव पर आधारित है। इन्द्रियों से हमें केवल विषेश घटनाओं या पदार्थों का ज्ञान हो सकता है। जिसमें अनिष्चिचता एवं असंदिग्धता हो सकती है। अतः ऐसा ज्ञान संभाव्य होगा। इस व्याख्या से ह्यूम इस निश्कर्श पर पहुंचते हैं कि हमारा वस्तु जगत का ज्ञान अनिवार्य व सार्वभौम रूप से सत्य होने के बजाए सांयोगिक होता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय दर्शन में चार्वाक भी प्रत्यक्ष को एकमात्र प्रमाण स्वीकार

कर विषेशाोंं से सामान्य का ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया को मात्र सांयोगिक मानते हैं।

12.3 आगमन की समस्या

यहां प्रश्न है कि यदि हमारा समस्त ज्ञान संभाव्य है तो विषेशों के आधार पर सार्वभौम नियमों को कैसे स्थापित किया जा सकता है। इसे दर्शन जगत में आगमन की समस्या कहते हैं। ह्यूम के अनुसार कुछ विषेश घटनाओं के निरीक्षण परीक्षण के आधार पर हम भविश्य के लिए किसी सार्वभौम ज्ञान की स्थापना नहीं कर सकते क्योंकि तथ्य जगत पर आधारित आनुभविक ज्ञान सदैव सम्भाव्य ही होगा। इसी प्रकार, आत्मा एवं ईष्वर जेसी सत्ताएं हमारे अनुभव में नहीं आती इसलिए इनसे संबंधित ज्ञान संभव नहीं है।

ज्ञान के क्षेत्र में अनिवार्य एंव सार्वभौम नियमों को प्राप्त करने की संभावना पर ह्यूम ज्ञानमीमांसीय चिंतन के आधार पर प्रष्नचिन्ह लगाते हैं। परम्परागत रूप से प्रचलित कारणता संबंधी मान्यता की समीखा करके ह्यूम आगमन की समया का स्वरूप निर्धारित करते हैं। कारण-कार्य को सार्वभौम नियम माना जाता है। जिसके आधार पर दर्षन के क्षेत्र में वस्तुवाद प्रत्ययवाद एवं ईष्वरवाद आदि सिद्धांतों की स्थापना के प्रयास हुए हैं। आगमन की समस्या का संबंध तथ्यों से संबंधित ज्ञान से है। जब हम कुछ विषेशों के आधार पर सामान्य नियम बनाते हैं तो इस प्रक्रिया को आगमन कहते हैं। जैसे कुछ कोवों को देखकर यह निश्कर्श निकालना कि कौवे काले होते हैं। यह आगमन विधि है। यह आगमन दो प्रकार का होता है। पहले प्रकार के आगमन को सरल आगमन कहते हैं जो कि सीमित संख्या वाले तथ्यों के प्रेक्षण एवं गणना पर आधारित होता है।

दूसरे प्रकार के आगमन में तथ्यों में संख्या विशाल होती है। तथा इनका संबंध भूत वर्तमान एवं भविश्य तीनों से होता है। इस स्थिति में सभी तथ्यों का अनुभव कर पाना संभव नहीं हो पाता। यद्यपि अधिक से अधिक तथ्यों का निरीक्षण करने का प्रयास किया जाता है फिर भी हम सीमित उदाहरणों के आधार पर सामान्य नियमों

का निर्माण करते हैं जो कि आगमन है। आगमन की समस्या कारण-कार्य के आधार पर व्याख्यायित की जाती है। ह्यूम के अनुसार समान्यतः कारण कार्य नियम को अनिवार्य एवं सार्वभौम माना जाता है। लाक ने कारणता के आधार पर ही जड़ द्रव्य का अस्तित्व सिद्ध किया था। उनके अनुसार, जड़वस्तु में कारणता की षक्ति है क्योंकि ज़ वस्तु ही प्रत्ययों का कारण है। ह्यूम के चिंतन की पृष्ठभूमि वर्कले तैयार करते हैं। जब वे कहते हैं कि एक प्रत्यय से दूसरे प्रत्यय का जन्म नहीं दिया जा सकता क्योंकि इसमें कारणता की शक्ति नहीं होती। इसी क्रम मंे ह्यूम कहते हैं कि यदि कोई व्यक्ति ऐसा है जिसे अग्नि का कभी प्रत्यक्ष नहीं हुआ हो वह केवल अग्नि को देखकर यह नहीं बता सकता कि अग्नि में जलाने की शक्ति है। ह्यूम एक अन्य तर्क में कहते हैं कि जब मैं अपना निरीक्षण करता हूं तो पाता हूं कि पहले हाथ ऊपर उठाने की इच्छा हुई फिर हाथ ऊपर उठाने का प्रत्यक्ष हुआ। इच्छा होना और हाथ उठाना पृथक-पृथक घटनायंे हैं जिसके मध्य कारणता की कोई भूमिका नहीं है।

12.4 कारण-कार्य में अनिवार्य संबंध का अभाव

ह्यूम के अनुसार कारण-कार्य में कोई अनिवार्य संबंध नहीं होता। इनमें केवल संयोगिक संबंध होता है जिसका ज्ञान अनुभव से होता है। यह तार्किक संबंध नहीं है। कार्य एवं कारण अलग अलग घटनायंे हैं और उनके संस्कार भी अलग-अलग प्राप्त होते हैं। कारणता का ज्ञान संस्कारों से मिलता है। अनुभव में जब कारण-कार्य संबंध का उल्लेख किया जाता है और जब हम इस संबंध का निरीक्षण करते हैं तो इसकी तीन विषेशतायें सामने आती हैं। प्रथम विषेशता के अन्तर्गत दैशिक और कालिक निकटता के कारण हम दो घटनाओं में कारणता का संबंध मान लेते हैं। जहां निकटता सीधे नहीं है। वहां मध्यवर्ती वस्तुओं के माध्यम से होती है। द्वितीय विषेशता के अन्तर्गत दो घटनाओं में पूर्ववर्ती एवं उत्तरवर्ती का संबंध माना जाता है अर्थात् जो कार्य है वह बाद में घटित होता है।

ह्यूम के अनुसार उपर्युक्त दोनों विषेशतायें आवश्यक है किन्तु पर्याप्त नहीं है इसके अनिवार्यता का संबंध होना आवष्यक है। जब हम दो घटनाओं को बारम्बार घटित होते देखते हैं तो पुनरावृत्ति के कारण यह अनुभूति उत्पन्न होती है कि जब भी घटना 'अ' घटित होती है तो उसके बाद 'ब' घटित होती है और धीरे-धीरे यह एक विष्वास के रूप में हमारे मन में अनिवार्यता का रूप धारण कर लेता है। वास्तविक रूप से यह अनिवार्य न तो तार्किक है और न ही वस्तुओं में निहित है। बल्कि यह एक मनोवैज्ञानिक अनिवार्यता है जिसको हमारी बुद्धि घटनाओं पर आरोपित कर देती है।

यहां समस्या है कि यदि कारणता अनिवार्य संबंध नहीं है और वस्तु में वे षक्ति के रूप में भी नहीं है तो क्या वस्तु अकारण है। ह्यूम का स्पश्टीकरण है कि मैं यह नहीं कहता कि वस्तुएं अकारण है या फिर असत् से सत् की उत्पत्ति होती है। मैं केवल यह कहना चाहता हूं कि कारणता को अनुभव या बुद्धि के द्वारा सिद्ध नहीं किया जा सकता। कारणता सम्बन्धी ह्यूम की विवेचना आगमन की समस्या का स्वरूप निर्धारित करती है। उनके अनुसार भूत व वर्तमान अनुभवों के आधार पर भविश्य की व्याख्या करने को तार्किक नहीं माना जा सकता। आगमन के आधार पर जो सामान्य विचार स्वीकार किये जाते हैं उनका कोई औचित्य नहीं होगा। दूसरे षब्दों में भूतकाल के उदाहरणों के आधार पर भविश्य के लिए निकाले गये निश्कर्शों के औचित्य को सिद्ध नहीं किया जा सकता।

पुनः ह्यूम कहते हैं कि आगमन केवल गणना एवं भूतकाल की घटना अथवा अनुभवों पर आधारित नहीं होता बल्कि प्रकृति की एक रूपता के कारण इसका औचित्य सिद्ध किया जाता है। किन्तु प्रकृति की एकरूपता का ज्ञान न हो तो गणितीय नियम है और न ही प्रत्ययों से सम्बन्धित नियम है बल्कि यह तथ्यों पर आधारित नियम है जो कि स्वयं भूतकाल के अनुभवों का परिणाम है इसलिए इसमें सार्वभौमिकता एवं अनिवार्यता नहीं हो सकती। चूंकि प्रकृति की एकरूपता का नियम स्वयं एक आगमनात्मक नियम है अतः इसके माध्यम से आगमन के औचित्य को सिद्ध नहीं किया जा सकता।

कुछ दार्षनिक आगमन के औचित्य को प्रसम्भाव्यता के नियमों के आधार पर सिद्ध करने का प्रयास करते हैं जिसे ह्यूम स्वीकार नहीं करते। उनके अनुसार प्रसम्भाव्यता की सापेक्ष आवृत्ति सिद्धांत स्वयं पिछले अनुभव पर आधारित होता है इसके अन्तर्गत आंकड़े एकत्रित कर निरीक्षण द्वारा यह पता लगाया जाता है कि यह नियम कितनों पर लागू होता है। यह स्वयं अनुभव पर आधारित होता है इसलिए इससे आगमन के औचित्य को सिद्ध नहीं किया जा सकता है। स्पश्ट है कि ह्यूम की ज्ञानमीमांसा और उस पर आधारित आगमन की समस्या का निश्कर्श संषयवाद के रूप में प्रस्तुत होता है। ह्यूम के अनुसार तथ्य के विशय में कभी भी निष्चित ज्ञान नहीं प्राप्त किया जा सकता है। यह व्याख्या संशयवाद का मार्ग पषस्त करती है।

12.5 कारणता का निष्कर्ष

वस्तुतः आगमन का औचित्य व्यावहारिक उपयोगिता से स्पष्ट किया जाता है। अर्थात् आगमन सही है या नहीं इसका एक मात्र आधार यह हो सकता है कि जब तक आगमन सिद्धांत हमारे व्यवहार में उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं तो उसे स्वीकार करना ही बुद्धि संगत है। आगमन की सफलता ही इसका प्रमाण है किन्तु यह भी स्पश्ट है कि ह्यूम ने जिस रूप में इस समस्या को उठाया है उस स्वरूप में इसका कोई समाधान नहीं है। व्यावहारिक उपयोगिता ही आगमन के औचित्व को सिद्ध करती है।

यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति के असंभव घोशित करने वाली प्रवृत्ति संषयवाद है जो कि दर्षन की उत्पत्ति के साथ ही विद्यमान रहती है। प्राचीन ग्रीक दर्शन में सोफिस्ट सम्प्रदाय एवं पाइरो आदि के चिंतन में संषयवाद स्पश्ट उभरता हे जो कि ज्ञान की सम्भावना पर प्रष्न चिन्ह लगाता है। सोफिस्ट दार्षनिक प्रोटोगोरस का प्रसिद्ध कथन है कि मनुश्य सभी वस्तुओं का मापदण्ड है। अर्थात् कोई भी ज्ञान सभी के लिए सत्य नही होता एवं प्रत्येक ज्ञान व्यक्ति सापेक्ष होता हैं चूंकि संवेदनाओं का स्वरूप स्थित नहीं है। अतः हमें किसी भी वस्तु का वास्तविक ज्ञान नहीं मिल सकता।

स्पष्ट है कि ग्रीक दर्शन से संषयवाद की प्रवृत्ति मिलने लगती है किन्तु आधुनिक दर्षन में इसका आरम्भ लॉक से माना जाता है जिसे तार्किक रूप से चरमोत्कर्श पर पंहुचाने का श्रेय डेविड ह्यूम को है। आधुनिक दर्षन में संषयवाद का उल्लेख डेकार्ट के चिंतन में मिलता है। किन्तु यह संषय सत्य ज्ञान की प्राप्ति का एक साधन है। डेकार्ट सत्य ज्ञान की सार्वभौमिकता एवं निष्चयात्मकता को स्वीकार करते हैं। इसलिए संदेह पद्धति को स्वीकार करने के बावजूद संषयवादी नहीं है।

बुद्धिवाद से भिन्न अनुभव को ही ज्ञान का एकमात्र आधार-स्वीकार करने वाली आधुनिक अनुभववादी प्रवृत्ति से संषयवाद स्वाभाविक रूप से सामने आता है। अनुभववादी दार्षनिक लाक ने जन्मजात प्रत्ययों का निराकरण करके समस्त ज्ञान को अनुभवजन्य स्वीकार करके ज्ञान का मूलस्रोत संवेदन एवं स्वसंवेदन को घोशित किया। उनके अनुसार आत्मा को किसी भी विशय का ज्ञान साक्षात रूप से नहीं बल्कि तार्किक एवं मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों को मिला देते हैं। यह कहकर लॉक तार्किक एवं मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों को मिला देते हैं जिसके फलस्वरूप अनका प्रत्यक्ष पर आधारित 'प्रत्यय प्रतिनिधि सिद्धांत' विसंगतियों से ग्रस्त हो जाता है।

लॉक संवेदन के स्रोत के रूप में बाह्य जगत की सत्ता सिद्ध करते हैं किन्तु संवेदन तक अनुभववाद को सीमित करने के कारण मूल द्रव्य को अज्ञेय कहते हैं। वस्तुतः लॉक के दर्षन में संवेदनों एवं स्वसंवेदनों को ज्ञान का एकमात्र स्रोत मानना अनुभववाद की प्राथमिक भूल रहा है क्याोंकि इसके आधार पर अनिवार्य एवम् सार्वभौम ज्ञान नहीं प्राप्त किया जा सकता है।

अनुभववादी चिंतन क्रम मंे लॉक के उपरान्त बर्कले की अनुभववादी प्रवृत्ति विकसित होती है जिसमें जड़द्रव्य का खण्डन किया गया है। बर्कले के अनुसार जब हमें वास्तविक वस्तु का कोई अनुभव प्राप्त नहीं है तो हम कैसे कह सकते हैं कि यह विषेश प्रत्यय, विषेश वस्तु का प्रतिनिधित्व करता है। बर्कले का आधार यह था कि हम केवल प्रत्यय को ही जानते हैं वास्तविक वस्तु को नहीं। इसलिए यदि लाक के प्रत्यय प्रतिनिधित्ववाद को माना जाय तो ज्ञान विशय और वास्तविक विशय में

द्वैत पैदा होगा, जिसका स्वाभाविक परिणाम संषयवाद ही होगा। किन्तु बर्कले द्वारा प्रत्यय को ही ज्ञान का विशय मान लेने से भ्रम एवं ज्ञान के बीच अन्तर करना कठिन हो जाएगा। पुनः उनके प्रत्ययवाद से ईष्वर, आत्मा आदि का ज्ञान संदिग्ध हो जाता है। यद्यपि बर्कले अन्तरबोध को स्वीकार करते हैं कि अनुभववादी विसंगतियों से वह बच नहीं पाते जिससे ह्यूम के दर्षन में 'संषयवाद' स्पश्ट रूप से उभरता है। फलतः कुछ दार्षनिक बर्कले को 'अपूर्ण ह्यूम' कहते हैं।

लॉक एवं बर्कले के उपरान्त अनुभववादी आधार पर ह्यूम का चिंतन विकसित होता है। ह्यूम एक मनोवैज्ञानिक अणुवादी दार्षनिक है जिनकी ज्ञानमीमांसा में समस्त ज्ञान संवेदन एवं सवसंवेदन द्वारा संस्कारों एवं प्रत्ययों से प्राप्त होते हैं। प्रत्येक प्रत्यय दूसरे प्रत्यय से भिन्न है उनके मध्य पारस्परिक संबंध सहचर्य नियमों के आधार पर निर्धारित होता है जिसके माध्यम से प्राप्त ज्ञान को दो कोटियों में विभक्त किया गया है। प्रथम कोटि प्रत्ययों से संबंधित ज्ञान है एवं द्वितीय कोटि तथ्यों के ज्ञान से संबंधित है। प्रत्ययों से संबंधित गणित, तर्कषास्त्र आदि ज्ञान को ह्यूम सार्वभौमिक एवं अनिवार्य कहते हैं जबकि तथ्यों से संबंधित ज्ञान को अनिवार्य एवं सार्वभौम न मानकर सम्भाव्य माना जाता है।

इस प्रकार वाह्य जगत के तथ्यों से संबंधित ज्ञान को सम्भाव्य मानकर ह्यूम संषयग्रस्त कर देते हैं और इस क्रम में अनिवार्य एवं सार्वभौम ज्ञान का आधार कारणता सिद्धांत को भी खण्डित करते हैं। उनके अनुसार कारण कार्य सिद्धांत तार्किक अनिवार्यता पर आधारित न होकर मनोवैज्ञानिक अनिवार्यता पर आधारित है इसमें एक घटना के बाद दूसरी घटना होती है जिसकी पुनरावृत्ति से एवं पूर्ववर्ती उत्तरवर्ती के संबंध से हमारे भीतर कारणता के प्रति अनिवार्यता का भाव पैदा होता है। अतः कारण- कार्य सिद्धांत सम्भावना पर आधारित है इसमें तार्किक अनिवार्यता नहीं होती।

इस आधार पर ह्यूम आगमन पर आधारित ज्ञान विषेशकर वैज्ञानिक सिद्धांतों का खण्डन करते हैं। उनके अनुसार आगमन औचित्य रहित संकल्पना है। बुद्धि या

अनुभव के आधार पर इसके सामान्य निश्कर्शों के औचित्य को सिद्ध नहीं किया जा सकता। ह्यूम का मानना है कि प्रकृति की एकरूपता एवं प्रासाम्भाव्यता का नियम भूतकाल के अनुभवों पर आधारित है अतः यह नियम स्वयं आगमन है इसलिए आगमन के आधार पर प्राप्त निश्कर्श संषयरहित नहीं हो सकता। इस प्रकार ह्यूम के चिंतन में वाह्य जगत आत्मा एवं ईष्वर का खण्डन हो जाता है एवं उनके विश में सदैव संषय की स्थिति बनी रहती है। ह्यूम स्वयं के ज्ञान सिद्धांत द्वारा कारणता वैज्ञानिक ज्ञान का आधार आगमन, वाह्य जगत, आत्मा एवं ईष्वर से संबंधित यथार्थ ज्ञान की सम्भावना पर प्रष्न चिन्ह लगाते हुए अपने सिद्धांत को संषयवाद में परिणित कर देते हैं। अर्थात् सत्ता के संबंध में यथार्थ ज्ञान नहीं प्राप्त हो सकता। दूसरे षब्दों में वस्तुओं एवं तथ्यों के विशय में हमारा ज्ञान सम्भाव्य ही रहता है।

संशयवाद के सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि क्या यह पूर्व के दार्षनिक चिंतन पर विकसित उग्र संषयवाद है? यथार्थ में ह्यूम ज्ञान को निष्चयात्मक अर्थ में लेते हैं। उनका संषयवाद ग्रीकदर्षन में विकसित उग्र संषयवाद सीमा पर बल देते हैं। वह जार्जियस या पाइरो की तरह ज्ञान को असम्भव नहीं मानते। वह केवल इतना कहते हैं कि वस्तुओं एवं तथ्यों के विशय में हमारा ज्ञान सम्भाव्य ही है अर्थात् केवल विष्वास के विशय जिसे प्रक्रिया द्वारा असंदिग्ध रूप से प्रमाणित नहीं किया जा सकता। ह्यूम ने स्वयं स्वीकार किया है कि वे पाइरो की तरह संषयवादी नहीं हैं। वस्तुतः ह्यूम दार्षनिक दृश्टि से ही संषयवादी है, व्यवहारिक रूप से नहीं।

12.6 ह्यूम के दर्शन की समीक्षा

1. ह्यूम का ज्ञान सिद्धांत अनुभववाद की पराकाश्ठा का उदाहरण है यद्यपि यह आलोचना का विशय रहा है। आधुनिक मनोवैज्ञानिक षोघों से यह सिद्ध हो चुका है कि ज्ञान हमें संघात के रूप में प्राप्त होते हैं। प्रत्यक्षों एवं प्रत्ययों को पृथक-पृथक मानना अनुभववाद की उपेक्षा करना है। विलियम जेम्स ने संवेदन एवं अनुभव का गहन अध्ययन करके कहा है कि हमें अनुभव एवं सेवेदन प्रवाह रूप में प्राप्त होते

हैं। यहां जेम्स का कथन महत्वपूर्ण है कि लॉक, वर्कले, ह्यूम अनुभववादी नहीं है क्योंकि यह सभी प्राग्नुभविक विचारों से प्रभावित हैं।

2. आलोचकों के अनुसार ह्यूम का यह सत् तार्किक नहीं है कि प्रत्येक संस्कार से कोई विशेश प्रत्यय प्राप्त होते हैं। अब यह सिद्ध हो चुका है कि प्रत्यय समान्य होते हैं। किसी वस्तु का अनुभव करते समय उसकी विषेशताओं को अलग-अलग रूप में संचित नहीं कर सकते। यदि ह्यूम कहते हैं कि हमारी कल्पना इस कमी को पूरा कर देती है जिसका संस्कार न मिला हो।

3. समीक्षकों के अनुसार कारणता ही व्याख्या के लिए निकटता का संबंध आवष्यक नही है। हम जिस तारे को आज देख रहे हैं हो सकता है कि आज वह उस विषेश स्थान पर न हो क्योंकि प्रकाष को हम तक पंहुचने में कई वर्श लग जाते हैं। यद्यपि बाद में ह्यूम ने दैषिक निकटता को अपने सिद्धांत से हटा दिया था फिर भी उसकी कारणता की व्यख्या संतोशजनक नहीं है।

4. कारणता की मनोवैज्ञानिक व्याख्या भी समस्या से ग्रस्त है। रसेल के अनुसार यदि एक घटना के बाद दूसरी घटना हो रही है तो उसका आधार कारणता ही है। जगत के विशय में जो समस्या ह्यूम उठाते हैं उसे मनोवैज्ञानिक संबंत तक सीमित करना अतार्किक है।

5. समीक्षावादी दार्षनिक काण्ट भी ह्यूम के अधिकांष विचारों से सहमत हैं किन्तु वे कारणता की व्याख्या बुद्धि के आधार पर करते हैं। काण्ट के अनुसार ह्यूम इस बात पर ध्यान नहीं देते कि क्यों 'अ' के बाद 'ब' घटित होता है यह नियम इसलिए है क्योंकि यह घटनायें पहले से ही कारणता के नियमानुसार घटित होती है।

6. आगमन की समस्या के साथ यह प्रष्न उठता है कि क्या इसका स्वरूप तार्किक है यह फिर क्या इसका समाधान संभव है? समकालीन दार्षनिक स्ट्रान्सन के अनुसार हम विषेश आगमनात्मक कथनों के औचित्य को आगमन आधार पर सिद्ध करते हैं। अब यदि ह्यूम यह प्रष्न करते हैं कि आगमन का औचित्य क्या है तो यह

एक गलत प्रष्न है। स्ट्रान्सन के अनुसार यदि हम ह्यूम के तर्कों को मान लेते हैं तो इसका कोई समाधान सम्भव नहीं है।

7. ह्यूम के आगमनात्मक सिद्धांत पर एच.जे. एअर का मत है कि ह्यूम आगमन को निगमन के आधार पर सिद्ध करना चाहते हैं जो कि ठीक नहीं है। ह्यूम बिल्ली को इसलिए दण्ड देते हैं क्योंकि वह कुत्ता क्यों नहीं है। ह्यूम के आगमनात्मक चिंतन की कमियों को रसेल ज्ञान के दिवालिएपान के रूप में व्यख्यायित करते हैं।

12.7 सारांश

अगर हम ह्यूम के कारण कार्य सिद्धांत की विवेचना के अनुसार चलें तो हम पाएंगे कि व्यावहारिक जीवन को ठीक प्रकार से हम नियमित नहीं कर पाएंगे। क्योंकि उनका मानना है कि कारण तो है लेकिन उसके बाद कोई निश्चित कार्य होगा यह नहीं कहा जा सकता। क्यों ? क्योंकि ह्यूम के अनुसार उनके बीच केवल सांयोगिक संबंध होता है। ह्यूम कहीं ना कहीं कारण कार्य सिद्धांत की व्याख्या करने में असंगत हो जाते हैं क्योंकि वह प्राकृतिक घटनाओं के संबंधों के बीच कारण कार्य को संयोगिक बताते हैं और मानसिक घटनाओं के संबंध में वह अनिवार्यता को लागू करते हैं। अब क्योंकि मानसिक घटनाएं भी प्राकृतिक घटनाओं के समान ही तथ्य हैं अतः मानसिक घटनाओं को भी हमें संयोगिक ही मानना पड़ेगा और तब स्थिति और खराब हो जाएगी । जगत में बहुत सी घटनाएं होती हैं जिनमें हम पुनरावृत्ति देखते हैं लेकिन इनके बीच कारण कार्य संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

ह्यूम कारण कार्य को आनुभविक मानते हैं परंतु हम देखते हैं कि कांट इसे बुद्धि के विकल्प के रूप में स्वीकार करते हैं और इसे अनिवार्य नियम मानते हैं

12.8 बोध प्रश्न

1. आगमन की समस्या क्या है समझाइए।

2. ह्यूम किस प्रकार से कारणता की आलोचना करते हैं विवेचना कीजिए।

12.9 उपयोगी पुस्तक एवं संदर्भ ग्रंथ

1.पाश्चात्य दर्शन का उद्भव और विकास - डॉ हरिशंकर उपाध्याय, अनुशीलन प्रकाशन, प्रयागराज ।

2.पाश्चात्य दर्शन - चंद्रधर शर्मा, मोतीलाल बनारसी दास, नई दिल्ली ।

3.पाश्चात्य दर्शन का समीक्षात्मक इतिहास - या० मसीह, मोतीलाल बनारसी दास, नई दिल्ली ।

4.पाश्चात्य दर्शन का इतिहास - डॉ० दया कृष्ण, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर।

5.पाश्चात्य दर्शन का समीक्षात्मक विश्लेषण - डी० आर० जाटव, मलिक एण्ड कंपनी, जयपुर।

खण्ड परिचय

समीक्षावाद के जनक इमैनुएल काण्ट विश्व के महानतम दार्शनिकों में से एक हैं जो महत्ता प्लेटो और अरस्तू को ग्रीक दर्शन में प्राप्त है वही महत्ता काण्ट को पाश्चात्य दर्शन में प्राप्त है। उन्होने तत्समय प्रचलित बुद्धिवाद एवं अनुभववाद की समीक्षा के उपरान्त उन्हें एकांगी एवं आंशिक सत्य पाया और दोनों का समन्वय अपने समीक्षावाद में करने का कार्य किया। काण्ट के दर्शन पर वुल्फ एवं लाइबनित्ज के बुद्धिवादए लाक एवं ह्यूम के अनुभववादए रूसो के भावुकतावाद एवं न्यूटन के भौतिकी के सिद्धांतों का प्रभाव स्पष्ट देखा जा सकता है। ह्यूम के संशयवाद के प्रभाव से ज्ञान को बचाने के लिए उन्होंने ज्ञान को अनिवार्यताए सार्वभौमिकता एवं नवीनता से युक्त माना। इस सम्बन्ध में संश्लेष्णात्मक प्रागनुभविक निर्णय की संभावना का सिद्धांत प्रमुख रूप से उल्लेखनीय है। द्वैतवाद एवं अज्ञेयवाद काण्ट के दर्शन के प्रमुख दोष हैं। किन्तु इन दोषों के बावजूद काण्ट की कीर्ति एवं महनीयता कम नहीं होती है। काण्ट के परवर्ती दार्शनिकों पर उनकी गहरी छाप है।

इकाई–13 आलोचनावाद

13.0 उद्देश्य

13.1 प्रस्तावना

13.2 आलोचनावाद की पृष्ठभूमि

13.3 आलोचनावाद का अर्थ

13.4 आलोचनावाद की विशेषताएं

13.5 आलोचनावाद, बुद्धिवाद एवं अनुभववाद का समन्वय है।

13.6 आलोचनावाद का मूल्यांकन

13.7 शब्दावली

13.8 प्रश्नावली

13.9 उपयोगी पुस्तकें

****

13.0 उद्देश्य

काण्ट का दर्शन आलोचनात्मक दर्शन है। आलोचना का सामान्य अर्थ खण्डन, गुण–दोष का विवेचन और मूल्यांकन होता है किन्तु काण्ट की कृतियों में आलोचना का यह अर्थ नहीं है। यह सामान्य ज्ञान-शक्ति या बुद्धि की आलोचना है। इन्द्रिय प्रत्यक्ष की सहायता के बिना बुद्धि जिस ज्ञान प्रकाश का अनुसंधान कर सकती है उनकी यह विवेचना है। इस प्रकार आलोचनावाद का उद्देश्य युक्तियुक्त ढंग से मानव बुद्धि की सीमा का निर्धारण करना है।

13.1 प्रस्तावना

किसी भी क्षेत्र में किसी भी विषय या समस्या के सन्दर्भ में युक्तियुक्त निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए व्यवस्थित प्रणाली, पद्धति या विधि का विशेष महत्त्व होता है क्योंकि यही वह मार्ग है जो निष्कर्ष को तार्किक, युक्तियुक्त एवं औचित्यपूर्ण सिद्ध करता है। इससे निष्कर्ष प्रमाणित एवं विश्वसनीय हो जाता है। दर्शन के क्षेत्र में भी विचारों की व्यवस्थित एवं तार्किक प्रस्तुति के लिए इस पद्धति का विशेष महत्त्व है। काण्ट द्वारा अपने विचारों की सम्यक प्रस्तुति के लिए तत्समय प्रचलित पद्धतियों–बुद्धिवाद एवं अनुभववाद से भिन्न एक नवीन पद्धति का अनुसरण किया गया। पाश्चात्य दर्शन में इस पद्धति को आलोचनावाद या समीक्षावाद के नाम से जाना जाता है। काण्ट का दावा है कि यह पद्धति अपनी पूर्ववर्ती पद्धतियों के दोषों से मुक्त है।

13.2 आलोचनावाद की पृष्ठभूमि

काण्ट के दर्शन के आविर्भाव से पूर्व पाश्चात्य दर्शन में प्रमुख रूप से प्रचलित दार्शनिक पद्धतियाँ बुद्धिवाद और अनुभववाद थी। बुद्धिवाद ज्ञान को अनिवार्य एवं सार्वभौम मानता है तथा ज्ञान प्राप्ति के एकमात्र स्रोत के रूप में बुद्धि को स्वीकार करता है। यह मानता है कि बुद्धि में ज्ञान प्राप्त करने की असीम क्षमता है और बुद्धि में जन्मजात रूप से ज्ञान निहित होता है। यह तर्क की निगमनात्मक विधि को विशेष महत्त्व देता है। बुद्धिवाद इन्द्रियानुभव की उपेक्षा करता है जिससे ज्ञान में यथार्थता एंव नवीनता का समावेश नहीं हो पाता है और अन्ततः बुद्धिवाद रूढ़िवाद की ओर अग्रसर हो जाता है। अनुभववाद ज्ञान को यथार्थता एवं नवीनता के गुणों से युक्त मानता है तथा ज्ञान प्राप्ति के एकमात्र स्रोत के रूप में इन्द्रियानुभव को स्वीकार करता है। यह तर्क की आगमनात्मक विधि को विशेष महत्त्व देता है। अनुभववाद ज्ञान प्राप्ति में बुद्धि को निष्क्रिय मानता है, जिससे ज्ञान में अनिवार्यता एवं सार्वभौमिकता का समोवश नहीं हो पाता है। अतः इन्द्रियानुभव से प्राप्त ज्ञान संभाव्य होता है, जिससे अनुभववाद की तार्किक परिणति संशयवाद में होती है।

दोनों विचारधाराओं की मान्यताएँ, दिशाएँ एवं प्रणालियाँ भिन्न थीं, जिससे दोनों विचारधाराओं में दीर्घकाल तक एक दूसरे का खण्डन–मण्डन का दौर चलता रहा। दोनों ही विचारधाराओं के पक्ष विपक्ष में समान रूप से प्रबल तर्क विद्यमान थे, जिससे किसी को निर्णायक बढ़त की अपेक्षा नहीं की जा सकती थी। दोनों ही यह मान चुके थे कि ज्ञान प्राप्ति हेतु उनका ही ज्ञान एकमात्र है। केवल उनकी ही दार्शनिक प्रणाली का अनुसरण करके ज्ञान की प्राप्ति की जा सकती है। इस क्रम में दोनों ने अपने मार्ग एवं प्रणाली का कभी निरीक्षण करना भी उचित नहीं समझा कि जिस प्रणाली का अनुसरण कर हम अन्तिम रूप से ज्ञान प्राप्ति का दावा कर रहे हैं उस प्रणाली में ज्ञान प्राप्ति की ऐसी सामर्थ्य है भी यह नहीं। बुद्धिवादियों ने कभी बुद्धि एवं अनुभववादियों ने कभी इन्द्रियानुभव की क्षमताओं को जांचने का प्रयास नहीं किया।

काण्ट ने बुद्धिवाद एवं अनुभववाद के सम्यक अध्ययन के उपरान्त पाया कि दोनों हठवाद एवं एकांगिकता के दोष से ग्रस्त हैं। काण्ट के अनुसार ज्ञान के स्वरूप, स्रोत, वैधता और ज्ञान की सेवाओं का मूल्यांकन किए बिना केवल बुद्धि या केवल अनुभव को ज्ञान का स्रोत एवं प्रतिमान मान लेना उचित नहीं है। इस पूर्वाग्रह के कारण ही बुद्धिवाद ने रूढ़िवाद और अनुभववाद ने संशयवाद को जन्म दिया। रूढ़िवाद एवं संशयवाद से बचने के लिए काण्ट समस्त पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर ज्ञान के स्वरूप एवं प्रामाण्य का विवेचन, विश्लेषण एवं मूल्यांकन करता है। काण्ट तत्त्व–चिंतन के लिए एक सामर्थ्यवान प्रणली की खोज का प्रयास करता है जो परम्परागत प्रणालियों के दोषों से मुक्त हो तथा ज्ञान में अनिवार्यता, सार्वभौमिकता के साथ यथार्थता एवं नवीनता का भी समावेश करे।

इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु काण्ट ने सर्वप्रथम बुद्धि एवं इन्द्रियानुभव की क्षमताओं को जांचने का कार्य किया। काण्ट ने बुद्धि के सम्प्रत्ययों की परीक्षा के लिए 'शुद्ध बुद्धि की समीक्षा' नामक शीर्षक से ग्रन्थ की रचना की, जिसमें बुद्धि की क्षमताओं का परीक्षण करने का कार्य किया। तदुपरान्त काण्ट ने ऐसी क्षमता से मुक्त प्रणाली के रूप में आलोचनावाद या समीक्षावाद को प्रस्तुत किया।

13.3 आलोचनावाद का अर्थ

आलोचना का सामान्य अर्थ किसी सिद्धांत या विचार का खण्डन करने, गुण दोष के आधार पर उसकी विवेचना करने या मूल्यांकन करने से है। काण्ट के आलोचनावाद के सन्दर्भ में देखा जाये तो आलोचना के उपर्युक्त अर्थ समीचीन प्रतीत नहीं होते हैं। काण्ट द्वारा रचित तीनों कृतियों के शीर्षकों में आलोचना शब्द का प्रयोग किया गया है। 'शुद्ध बुद्धि की आलोचना' एवं 'निर्णय की आलोचना'। इन कृतियों में काण्ट ने शुद्ध बुद्धि, व्यावहारिक बुद्धि या निर्णय का खण्डन भी नहीं किया है। इनका गुण दोष के आधार पर मूल्यांकन भी नहीं किया है और न ही ये कृतियाँ किसी सिद्धांत या ग्रन्थ की आलोचना में रची गयी हैं। 'शुद्ध बुद्धि की आलोचना' के प्राक्कथन में काण्ट स्वयं कहते हैं –इससे (आलोचना) मेरा तात्पर्य पुस्तकों और दार्शनिक मतों की आलोचना नहीं है अपितु सामान्य ज्ञान शक्ति या बुद्धि की आलोचना है। इन्द्रिय प्रत्यक्ष की सहायता के

बिना बुद्धि जिन समस्त ज्ञान प्रकारों का अनुसंधान कर सकती है, उनकी यहाँ विवेचना की गयी है। तत्त्व ज्ञान संभव है या असंभव?

काण्ट का आलोचनावाद एक ज्ञानमीमांसीय प्रणाली है। यह एक छानबीन है जो समस्त पूर्वाग्रहों से मुक्त है। काण्ट दार्शनिक चिंतन के क्रम में कुछ भी पूर्व रूप में स्वीकार नहीं करते हैं। उनका उद्देश्य आलोचनावाद के माध्यम से उसका उद्देश्य ज्ञान की प्रक्रिया में अनिवार्यरूप से आवश्यक मूलभूत तत्त्वों और शर्तों की खोज करना है। काण्ट बुद्धि को समस्त विषयों के ज्ञाता के रूप में स्वीकार करते हैं। साथ ही उनका मानना है कि बुद्धि आत्मपरीक्षण की क्षमता से युक्त है। किसी भी दार्शनिक सृजन से पहले बुद्धि द्वारा आत्म-परीक्षण अनिवार्य है ताकि बुद्धि के सबल एवं निर्बल पक्षों को भलीभाँति ज्ञात किया जा सके। इसके अभाव में दर्शन के हठवाद में परिवर्तित होने की संभावनाएं प्रबल हो जाती हैं। काण्ट ने यह भी बताया कि बुद्धि एवं इन्द्रियानुभव से केवल प्रकृति/बाह्य जगत का ही ज्ञान संभव है। अतीन्द्रिय सत्ताएं इन्द्रियानुभव के अभाव में ज्ञान का विषय नहीं हो सकती है। यहाँ काण्ट ज्ञान की सीमाओं का भी स्पष्ट उल्लेख करते हैं।

काण्ट के आलोचनावाद में बुद्धि विकल्पों की अहं भूमिका है। बुद्धि विकल्प ज्ञान की प्रागनुभविक प्रागपेक्षाएं हैं। बुद्धि विकल्प अनुभव का विषय नहीं है। इसलिए काण्ट इन्हें अतीन्द्रिय कहते हें। जब देश काल की प्रत्यक्ष अनुभूति के द्वारों के माध्यम से संवेदन प्राप्त होते हैं तो बुद्धि इन्हें अपनी कोटियों के द्वारा व्यवस्थित एवं नियमित कर ज्ञान में बदलती है। अतः हमारा ज्ञान वैसा ही होगा जैसा बुद्धि विकल्प निर्मित करेंगे। इसी सन्दर्भ में काण्ट की प्रसिद्ध उक्ति है–'बुद्धि प्रकृति का निर्माण करती है।' (Understanding makes Nature)। यहाँ काण्ट वस्तु-केन्द्रित ज्ञान की प्रचलित अवधारणा को बुद्धि केन्द्रित अवधारणा में बदल देते हैं। इसे दर्शन जगत में 'कोपरनिकसीय क्रांति' के रूप में जाना जाता है। यह एक ज्ञान मीमांसीय सिद्धांत है न कि तत्त्वमीमांसीय सिद्धांत क्योंकि बुद्धि ज्ञान के स्तर पर प्रकृति का निर्माण करती है।

इस प्रकार आलोचनावाद में काण्ट बुद्धिवाद एवं अनुभववाद के सबल पक्षों का समावेश करते हैं, जिससे आलोचनावाद के रूप में एक समन्वित दार्शनिक पद्धति का विकास हुआ और बुद्धिवाद एवं अनुभववाद में व्याप्त अन्तर्विरोधों के साथ दोनों के बीच का संघर्ष भी समाप्त हो गया।

13.4 आलोचनावाद की विशेषताएं

आलोचनावाद, बुद्धिवाद एवं अनुभववाद के दोषों को दूर करते हुए और इनके सबल पक्षों के समावेश से निर्मित दार्शनिक पद्धति है। इसकी प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित है–

(1) आलोचनावाद ज्ञान के लक्षण के रूप में अनिवार्यता, सार्वभौमिकता, वास्तविकता एवं नवीनता को स्वीकार करती है। ज्ञान में अनिवार्यता एवं सार्वभौमिकता बुद्धि विकल्पों से आती है तथा वास्तविकता एवं नवीनता इन्द्रियानुभव से आती है।

(2) आलोचनात्मक ज्ञान प्राप्ति के स्रोत के रूप में बुद्धि एवं इन्द्रियानुभव दोनों की भूमिका को स्वीकार करता है। ज्ञान का आरम्भ इन्द्रियानुभव (इन्द्रिय संवेदन) से होता है तथा ज्ञान को व्यवस्थित स्वरूप बुद्धि विकल्पों द्वारा दिया जाता है।

(3) आलोचनावाद के अनुसार मानवीय ज्ञान की सीमाएं हैं। मानव-बुद्धि द्वारा जागतिक विषयों का ही ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है, अतीन्द्रिय सत्ता या परमार्थ का ज्ञान संभव नहीं है क्योंकि ज्ञान के लिए इन्द्रिय संवेदन अनिवार्य है और इन्द्रिय-संवेदन जागतिक वस्तुओं के ही प्राप्त होते हैं। परमार्थ के इन्द्रिय संवेदन प्राप्त नहीं होते हैं। अतः परमार्थ अज्ञेय है। इसका तात्पर्य है कि मानव ईश्वर, आत्मा, स्वर्ग, नरक इत्यादि अतीन्द्रिय विषयों का ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता है। इससे काण्ट के दर्शन में अज्ञेयवाद का दोष (Fallacy of Agnosticism) आ जाता है।

(4) काण्ट ज्ञान को बुद्धि-केन्द्रित मानते हैं। इस सन्दर्भ में उनकी उक्ति है कि 'बुद्धि प्रकृति का निर्माण करती है।' यह ज्ञानमीमांसीय स्थापना है क्योंकि हमें प्रकृति का वैसा ही ज्ञान होता है जैसा बुद्धि द्वारा निर्मित होता है।

13.5 आलोचनावाद, बुद्धिवाद एवं अनुभववाद का समन्वय है।

काण्ट आलोचनावाद के प्रतिपादन से पूर्व बुद्धिवाद एवं अनुभववाद की परीक्षा करते हैं। इस क्रम में वे बुद्धिवाद के कुछ निर्बल पक्षों को उजागर करते हैं। उनके अनुसार बुद्धिवादियों ने दर्शन को गणित की नींव पर स्थापित करने का प्रयास किया। किन्तु यह उचित नहीं है क्योंकि गणित का सम्बन्ध अमूर्त प्रत्ययों से है। जिसका वस्तु जगत या वास्तविकता में कोई सम्बन्ध नहीं होता है जबकि दर्शन का सम्बन्ध वस्तु - जगत से है। इस प्रकार गणित की अमूर्तता एवं दर्शन की वास्तविकता के मध्य सम्बन्ध स्थापित नहीं किया जा सकता है।

बुद्धिवादी शुद्ध बुद्धि के सम्प्रत्ययों के आधार पर इन्द्रियानुभव की उपेक्षा कर इन्द्रियातीत विषयों का भी ज्ञान प्राप्ति का दावा करते हैं, वहीं अनुभववादी इन्द्रियानुभव को ज्ञान प्राप्ति का असीम साधन मानकर बुद्धि की तुलना कोरे कागज से करते हैं जिस पर अनुभव से ज्ञान अंकित होता है। अनुभववादी कारणता जैसे वैज्ञानिक सिद्धांतों में भी आन्तरिक सम्बन्ध की अनिवार्यता का निषेध करते हैं। वे कारणता को मनोवैज्ञानिक विश्वास घोषित करने का प्रयास करते हैं। काण्ट ने ज्ञान की सृष्टि के क्रम में शुद्ध सम्प्रत्यय और इन्द्रियानुभव दोनों के योगदान को स्वीकार किया है। काण्ट कहते हैं कि ज्ञान की सामग्री इन्द्रियानुभव से प्राप्त होती है जो अस्त-व्यस्त विश्रृंखल एवं क्षणिक होती है। काण्ट इन्हें इन्द्रिय संवेदन कहते हैं। बुद्धि देश-काल के माध्यम से प्राप्त इन इन्द्रिय-संवेदनों को बुद्धि-विकल्पों के द्वारा व्यवस्थित एवं नियमित करती है। इस प्रक्रिया से गुजर कर ज्ञान का निर्माण होता है।

इस प्रकार ज्ञान के निर्माण में बुद्धि एवं इन्द्रियानुभव दोनों का समान महत्त्व है। किसी एक के भी अभाव में ज्ञान की सृष्टि सम्भव नहीं ज्ञान के सृजन में बुद्धि एवं इन्द्रियानुभव की भूमिका को स्पष्ट करते हुए काण्ट कहते हैं कि 'बुद्धि के बिना इन्द्रिय संवेदन अंधे हैं जबकि इन्द्रिय संवेदनों के बिना बुद्धि पंगु (निष्क्रिय) है।' वस्तुतः बुद्धि मधुमक्खी के समान है। जिस प्रकार मधुमक्खी फूलों से रस प्राप्त करके उसे शहद में रूपान्तरित करती है। उसी प्रकार बुद्धि-विकल्प इन्द्रिय-संवेदनों से प्राप्त सामग्री को ज्ञान का आकार प्रदान करते हैं। अन्ततः कहा जा सकता है कि ज्ञान का प्रारंभ इन्द्रिय-संवेदनों से होता है और पूर्णता बुद्धि -विकल्प से प्राप्त होती हैं अतः आलोचनावाद बुद्धिवाद एवं अनुभववाद का समन्वय है।

13.6 आलोचनावाद का मूल्यांकन

काण्ट ने अपने आलोचनावाद का प्रतिपादन पूर्व प्रचलित दार्शनिक पद्धतियों के परीक्षण के उपरान्त किया किन्तु आलोचनावाद भी स्वयं आलोचना का विषय बन गया। आलोचनावाद के विरुद्ध निम्नलिखित आपत्तियां उठायी जाती हैं–

1. काण्ट ने ज्ञान को अनिवार्य, सार्वभौम, यथार्थ एवं नवीन माना है। यहाँ ज्ञान की नवीनता एवं यथार्थता की व्याख्या तो इन्द्रियानुभव के आधार पर की जा सकती है, किन्तु अनिवार्यता एवं सार्वभौमिकता की व्याख्या इन्द्रियानुभव के आधार पर नहीं की जा सकती है। ज्ञान के अनिवार्य एवं सार्वभौम गुण की व्याख्या के लिए इनका कारण बुद्धि के स्वरूप एवं संरचना को मानना पड़ेगा।

2. काण्ट का दर्शन अज्ञेयवाद के दोष से ग्रसित है क्योंकि काण्ट ज्ञान के लिए इन्द्रियानुभव एवं बुद्धि विकल्प दोनों को अनिवार्य मानते हैं। इन्द्रियानुभव के अभाव में ज्ञान की सृष्टि नहीं हो सकती है

किन्तु अतीन्द्रिय सत्ताओं जैसे ईश्वर, आत्मा, स्वर्ग, नरक इत्यादि विषयों के इन्द्रिय संवेदन प्राप्त नहीं होते हैं। अतः इनके ज्ञान की प्राप्ति नहीं की जा सकती है।

3. काण्ट इन्द्रियानुभव से ज्ञान के आरंभ की बात करते हैं जबकि बुद्धि-विकल्पों एवं देशकाल को अनुभव की प्रागपेक्षा के रूप में स्वीकार करते हैं। यहाँ बुद्धि विकल्प मानवीय बुद्धि के प्रागनुभविक आकार हैं तथा देश–काल प्रत्यक्ष अनुभूति के द्वार हैं, जिनके द्वारा बुद्धि इन्द्रिय-संवेदनों को ग्रहण करती है।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि काण्ट के आलोचनावाद ने दर्शन को समृद्ध करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक ओर जहाँ आलोचनावाद ने बुद्धिवाद एवं अनुभववाद को दोषों को दूर करने और दोनों के अच्छे गुणों को समन्वित करने का कार्य किया तो वहीं दूसरी ओर ज्ञान को वस्तु केन्द्रित से बुद्धि केन्द्रित सिद्ध कर दर्शन के क्षेत्र में कोपरनिकसीय क्रांति करने का भी कार्य किया। एडवर्ड केयर्ड के शब्दों में 'आलोचनावाद वह प्रक्रिया है जो रूढ़िवाद एवं संशयवाद का समन्वय करती है और फिर भी इन दोनों से भिन्न है।

13.7 शब्दावली

परमार्थ (Niumena)– जो अनुभव की सीमा से परे है।

अतीन्द्रिय (Transcendental)– इन्द्रियों से परे है।

13.8 प्रश्नावली

लघु-उत्तरीय प्रश्न

1 आलोचनावाद का क्या अर्थ है?

2 आलोचनावाद की पृष्ठभूमि की चर्चा करें।

3 आलोचनावाद की प्रमुख विशेषताएँ बताएं।

4 आलोचनावाद को पारिभाषित करते हुए इसके विरुद्ध आपत्तियों को दर्ज करें।

दीर्ध-उत्तरीय प्रश्न

1 आलोचनावाद पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखें।

2 आलोचनावाद, बुद्धिवाद एवं अनुभववाद का समन्वय है, सविस्तार वर्णन करें।

13.9 उपयोगी पुस्तकें

1 काण्ट का दर्शन : सभाजीत मिश्र

2 काण्ट का दर्शन : संगल लाल पाण्डेय

3 पाश्चात्य दर्शन का उद्‌भव और विकास : हरिशंकर उपाध्याय

इकाई 14 : देश काल, बुद्धि की कोटि, प्रज्ञा

इकाई की रूपरेखा

14.0 उद्देश्य
14.1 प्रस्तावना
14.2 देश–काल का अर्थ
14.3 देश–काल संबंधी न्यूटन का मत
14.4 देश–काल संबंधी लाइबनीज का मत
14.5 देश–काल संबंधी काण्ट का मत
14.6 काण्ट द्वारा देश–काल का निगमन
14.7 देश–काल का तात्त्विक निगमन
14.7.1 देश–काल अनुभव जन्य नही है
14.7.2 देश–काल प्रागनुभविक हैं
14.7.3 देश–काल सामान्य प्रत्यय नही है
14.7.4 देश–काल अनंत एवं अखण्ड है
14.8 क्या रिक्त देश एवं रिक्त काल संभव है
14.9 क्या देश–काल का तात्त्विक निगमन सुसंगत है
14.10 बुध्दि विकल्प की परिभाषा
14.11 बुध्दि के कार्य
14.12 निर्णय की परिभाषा
14.13 निर्णयों के प्रकार
14.14 बुध्दि विकल्पों के प्रकार
14.15 बुध्दि विकल्पों की विशेषताएँ
14.16 बुध्दि विकल्पों की अवधारणा का मूल्यांकन
14.17 संवृत्ति का आशय
14.18 परमार्थ का अर्थ
14.19 संवृत्ति एवं परमार्थ में भेद
14.20 स्वलक्षण वस्तु सिद्धान्त के विरुद्ध आपत्तियाँ

14.21 भ्रान्ति का तर्काभास

14.22 अनुभवावीत भ्रांति

14.23 अनुभवातील भ्रांति का अधिष्ठान – प्रज्ञा

14.24 तर्क बुद्धि एवं प्रज्ञा में भेद

14.25 शब्दावली

14.26 प्रश्नावली

14.27 उपयोगी पुस्तकें

.....000.....

14.0 उद्देश्य -

'देश काल का तात्त्विक निगमन' इकाई के अन्तर्गत काण्ट द्वारा देश–काल संबंधी पूर्ववर्ती मतों की समीक्षा करते हुए अपने देश–काल के सिद्धांत का प्रतिपादन किया गया है। तदुपरांत देश–काल की तत्त्वमीमांसीय व्याख्या या तात्त्विक निगमन प्रस्तुत किया गया है। इस संदर्भ में काण्ट द्वारा प्रस्तुत चारो प्रमाणों का सविस्तार वर्णन, विश्लेषण एवं मूल्यांकन किया गया है।

14.1 प्रस्तावना –

काण्ट संवेदन शक्ति के विवेचन के क्रम में देश काल के स्वरूप की व्याख्या करते हैं। वे कहते हैं कि हमारा समस्त ज्ञान, ज्ञान सामग्री के स्तर पर संवेदनों से प्रारंभ होता है। संवेदनों से प्राप्त सामग्री को बुद्धि विकल्पों द्वारा व्यवस्थित एवं नियमित कर ज्ञान का स्वरूप दिया जाता है। वाह्य जगत से प्राप्त संवेदना देश–काल रूपी प्रत्यक्ष आकारों से होकर बुद्धि द्वारा ग्रहण की जाती है। मानवीय बुद्धि ऐसे विषयों की संवेदना प्राप्त नहीं कर सकती है जो देश–काल में अस्तित्त्ववान न हों। काण्ट देश–काल की व्याख्या तात्त्विक एवं अतीन्द्रिय आधारों पर करते हैं किन्तु इससे पूर्व वे देश–काल के संबंध में अपने पूर्ववर्ती मतों की समीक्षा करते हैं।

14.2 देश–काल का अर्थ –

काण्ट देश (Space) एवं काल (Time) के संदर्भ में अपना मत प्रतिपादित करने से पूर्व देश–काल के संबंध में प्रतिपादित अपने पूर्ववर्ती मतों पर विचार करते हैं। इसमें भौतिक विज्ञानी आइजैक न्यूटन एवं बुद्धिवादी विचारक लाइनीज का विचार शामिल है। काण्ट दोनों मतों की समीक्षा करने के बाद अपना विचार प्रस्तुत करते हैं। उपर्युक्त तीनों मत इस प्रकार हैं–

14.3 देश–काल संबंधी न्यूनटन का मत –

न्यूटन देश–काल को निरपेक्ष सत् मानते हैं। न्यूटन देश की चार विमाओं की बात करते हैं, जिनमें काल भी एक विमा है। अन्य तीन विमाएँ –लम्बाई, चौड़ाई एवं ऊँचाई है। देश–काल वस्तुओं को धारण करते हैं अर्थात् सभी वस्तुएँ देश–काल में ही अस्तित्त्ववान होती है। देश–काल के अभाव में वस्तुओं का अस्तित्त्व संभव है किन्तु देश–काल के अस्तित्त्व के लिए वस्तुओं का अस्तित्त्ववान होना अनिवार्य नही है। यहाँ वस्तुओं का अर्थ देश–काल के सापेक्ष है जबकि देश–काल का अस्तित्त्व निरपेक्ष है। इस प्रकार देश–काल नित्य, विभु, अनन्त एवं निरपेक्ष द्रव्य है। देश–काल असीम है जिसमें सभी वस्तुएँ समाहित हैं।

काण्ट न्यूटन के मत से असहमति व्यक्त करते हुए अपनी कृति 'शुद्ध बुद्धि की आलोचना' (Critique of Pure Reason) में कहते हैं कि 'जो लोग यह मानते हैं कि देश–काल स्वाधीन और निरपेक्ष सत् है वो नित्य एवं अनन्त अभावों का मानते हैं काण्ट कहते हैं कि निरपेक्ष देश–काल द्रव्य नहीं हो सकते हैं। अतः देश–काल को अभाव मानना पड़ेगा किन्तु इन्हें अभावात्मक द्रव्य मानना व्याघाती (Contradictary) है।

पुनः न्यूटन ईश्वरवाद में भी विश्वास रखते है। यदि देश– काल नित्य, अनन्त एवं निरपेक्ष मान लिया जाये तो यह ईश्वरवादी धारणा के विरुद्ध होगा जो यह मानती है कि सभी द्रव्यों का अंतिम कारण ईश्वर है।

इस प्रकार न्यूटन के देश–काल सिद्धांत एवं ईश्वरवाद में अन्तर्विरोध उत्पन्न हो जाता है, जिसका समाधान करने का प्रयास लाइबनीज करते हैं।

14.4 देश काल संबंधी लाइनीज का मत –

लाइबनीज के मतानुसार देश–काल प्रपंचों (Phonomena) आभासों(Appearances) या प्रतिबिम्बों (Re Presentation) के संबंध है।। ये वस्तु के समान सत् न होकर बौद्धिक प्रत्यय है। देश–काल संवेदन है और ये वास्तविक वस्तुओं के शुद्ध प्रत्यय हैं। देश–काल अस्पष्ट या भ्रान्त प्रत्यय है। काण्ट लाइबनीज के देश–काल विचार से असहमति व्यक्त करते हुए कहते हैं कि संवेदन एवं प्रत्यय में मात्रात्मक अन्तर न होकर प्रकारता का अंतर है। वे या तो संवेदन है या प्रत्यय है। संवेदनों का अस्पष्ट प्रत्यय कहना भ्रम है।

14.5 देश काल संबंधी काण्ट का मत –

देश–काल संबंधी काण्ट का मत न्यूटन एवं लाइबनीज के देश–काल विचारों का समन्वय है। काण्ट के अनुसार देश–काल को आभास का आकार (Form of Appearances), संवेदना के आकार (Farm of Sensibility), प्रत्यक्ष के आकार (Form of intuition) और कुछ प्रागनुभविक प्रत्यक्ष (Pure mtuition) हैं। 'आभास का आकार' से तात्पर्य है कि प्रत्येक आनुभविक विषय देश–काल के संबंधों के अन्तर्गत व्यवस्थित हो सकता है। संवदेना के आकार का अर्थ देश–काल हमारी मानवीय संवेदना की प्रकृति में निहित है। इन्द्रियानुभव के पूर्व ये मन की संवेदना–शक्ति में अव्यक्त रूप में रहते हैं तथा जब इन्द्रियानुभव घटित होता है त्योंही वो उसकी घटना के व्यक्त आकार को स्वयं धारण कर लेते हैं। इस प्रकार देश–काल मन द्वारा इन्द्रियानुभविक विषयों पर आरोपित किए जाते हैं। 'प्रत्यक्ष के आकार' से तात्पर्य देश–काल की आभास के आकार या संवदेना के आकार में निश्चित होना है। शुद्ध प्रत्यक्ष के एकाधिक अर्थ है जिसमें प्रत्यक्ष के आकार को उसकी सामग्री से अलग करने पर शुद्ध प्रत्यक्ष प्राप्त होता है। इसके साथ ही शुद्ध प्रत्यक्ष स्वयं प्रत्यक्ष की सामग्री भी है।

देश–काल को शुद्ध प्रत्यक्ष मानना काण्ट का आलोचनावाद है। शुद्ध संवेदना नाम का कोई अनुभव नहीं है क्योंकि प्रत्येक संवेदना में बुद्धि का अनिवार्य योगदान होता है।

वास्तव में काण्ट देश और काल को ऐसे संस्थान मानता है जिनके प्रतिबिम्ब नहीं हो सकते किन्तु जिनके बिम्ब सम्भव है। उदाहरण के लिए हम देश को उस तरह नहीं प्रत्यक्ष कर सकते हैं जिस तरह एक मेज को करते हैं। किन्तु देश में स्थित सभी वस्तुओं को हटाकर हम अपने मन में देश का बिम्ब रख सकते हैं। यह बिम्ब ही इन्द्रियगोचर विषय की संवेदना की अनिवार्य शर्त है।

14.6 काण्ट द्वारा देश–काल का निगमन –

काण्ट देश–काल सिद्धांत की दो व्याख्याएँ या निगमन प्रस्तुत करते हैं– देश–काल का तात्त्विक या तत्त्वमीमांसीय निगमन एवं देश–काल का अतीन्द्रिय निगमन।

14.7 देश–काल का तात्त्विक निगमन –

किसी प्रत्यय की तात्त्विक व्याख्या का अर्थ किसी प्रत्यय का विश्लेषण करने के उपरान्त उसे प्रागनुभविक तत्त्व के रूप सिद्ध करना है। उपर्युक्त विश्लेषण का संबंध जब देश–काल के प्रत्ययों से होता है और उन्हें प्रागनुभविक सिद्ध किया जाता है, तो इसे देश–काल का तात्त्विक निगमन कहते हैं।

काण्ट कहते है कि देश (Space) बाह्य इन्द्रिय का आकार है तथा काल (Time) आंतरिक इन्द्रिय का आकार है। बाह्येन्द्रियाँ चक्षु, श्रवण, रसना, घ्राण एवं त्वक् हैं तथा आन्तरिक इन्द्रिय मन है। बाह्य इन्द्रियों से देश में स्थित वस्तुओं का संवेदन प्राप्त होता है तथा आन्तरिक इन्द्रिय से काल में घटित मन की स्थितियों का संवेदन प्राप्त होता है। इस प्रकार संयुक्त रूप से कहा जा सकता है कि बाह्य इन्द्रियों एवं मन से जो संवेदन प्राप्त होते हैं वे क्रमशः देश एवं काल में स्थित होते हैं।

काण्ट देश–काल की विवेचना प्रागनुभविक रूप से करते हैं तथा देश–काल के तात्त्विक निगमन (तत्त्वमीमांसीय व्याख्या) के लिए चार प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। इन प्रमाणों के माध्यम से काण्ट यह सिद्ध करने

का प्रयास करते हैं कि देश–काल आनुभविक न होकर प्रागनुभविक हैं। ये सम्प्रत्यय न होकर शुद्ध संवेदनाएँ (Pure Intuition) हैं। काण्ट द्वारा प्रस्तुत चार तर्क निम्नलिखित है–

14.7.1 देश–काल अनुभवजन्य नहीं है –

काण्ट कहते हैं कि देश–काल आनुभविक नहीं है क्योंकि जब देश–काल का अनुभव होता है, तो यह क्रमशः सह–अस्तित्त्व एवं अनुक्रम के रूप में होता है। सह–अस्तित्त्व से तात्पर्य दो से अधिक वस्तुओं का साथ–साथ अस्तित्त्ववान होना है तथा अनुक्रम का तात्पर्य एक घटना के बाद दूसरी घटना का घटित होना है। सह–अस्तित्त्व एवं अनुक्रम से देश एवं काल का प्रत्यय प्राप्त नहीं किया जा सकता है क्योंकि सह–अस्तित्त्व स्वयं किसी देश में रहता है और अनुक्रम स्वयं किसी काल में घटित होता है। इस प्रकार सह–अस्तित्त्व एवं अनुक्रम का अनुभव क्रमशः देश एवं काल के अभाव में नहीं हो सकता है।

काण्ट का मत है कि वस्तुएँ एक साथ तभी रह सकती है जब वे पहले से ही देश में स्थित हों। इसी प्रकार घटनाएँ अनुक्रम में तभी घटित हो सकती है जब वे पहले से ही एक काल में व्यवस्थित हों। अतः देश सह–अस्तित्त्व एवं काल अनुक्रम की प्रागपेक्षा है। देश के संबंध में सह–अस्तित्त्व सार्थक है और काल के संबंध में अनुक्रम सार्थक हैं। मानव जिस किसी विषय में देश–काल के प्रत्यय को प्राप्त करने का प्रयास करता है वह स्वयं किसी देश–काल में घटित होंगे। अतः इससे देश–काल का निगमन नहीं किया जा सकता है, जो यह सिद्ध करता है कि देश–काल अनुभवजन्य नही है बल्कि अनुभव स्वयं देश–काल पर निर्भर है।

14.7.2 देश–काल प्रागनुभविक प्रत्यय है –

काण्ट द्वारा देश–काल के संबंध में प्रतिपादित प्रथम तर्क निषेधात्मक है जो यह सिद्ध करता है कि देश–काल आनुभविक प्रत्यय नहीं है कि जबकि दूसरा तर्क भावात्मक है जो कि यह सिद्ध करता है कि देश–काल प्रागनुभविक है। काण्ट कहते हैं कि ऐसे देश–काल के विषय में सोचा जा सकता है जिसमें वस्तुएँ न हो किन्तु ऐसी वस्तुओं के विषय में नहीं सोचा जा सकता है जो देश–काल से स्वतंत्र हों। इसी प्रकार ऐसे काल के विषय में सोचा जा सकता है जिसमें कोई घटनाएँ न हों किन्तु ऐसी घटनाओं के विषय में नहीं सोचा जा सकता है जो काल रहित हों। दूसरे शब्दों में काण्ट कहते हैं कि रिक्त देश एवं रिक्त काल तो तभी संभव है किन्तु देश एवं काल से स्वतंत्र वस्तुओं और घटनाओं की संवेदना असंभव है। इस प्रकार देश–काल वस्तुओं और घटनाओं की संवेदना की तार्किक प्रागपेक्षा है। जो मानवीय प्रत्यक्षों में निहित होते हैं।

उपर्युक्त विश्लेषण को एक दृष्टांत के माध्यम से समझा जा सकता है। जैसे – हम किसी वृक्ष के संदर्भ में विचार करें तो उसके 'हरे या सूखे' 'लम्बे या छोटे' होने के विषय में सोचा जा सकता है किन्तु ऐसा नहीं सोचा जा सकता है कि वृक्ष देश में है या नहीं। इससे स्पष्ट होता है हरा, सूखा, लम्बा, छोटा इत्यादि वृक्ष के गुण है किन्तु देशीय होना किसी वृक्ष का गुण न होकर उसके अस्तित्त्व की अनिवार्य शर्त है। ऐसा ही विचार घटनाओं के संदर्भ में काल का है।

काण्ट जब यह कहते हैं कि रिक्त देश एवं रिक्त काल संभव है तो इसका तात्पर्य यह नहीं है कि रिक्त देश एवं रिक्त काल अनुभव के विषय होते हैं क्योंकि रिक्त देश एवं रिक्त काल विचार रूप में संभव है, किन्तु ये अनुभव का विषय वस्तु एवं घटनाओं के संबंध में ही होते हैं। यही कारण है कि काण्ट, न्यूटन के निरपेक्ष देश की अवधारणा का खण्डन करते हैं।

काण्ट द्वारा प्रतिपादित प्रथम एवं द्वितीय प्रमाण सम्मिलित रूप से यह स्थापित करते हैं कि देश–काल प्रागनुभविक है।

14.7.3 देश–काल सामान्य प्रत्यय नहीं है –

काण्ट का मत है कि देश–काल सामान्य प्रत्यय नहीं है। सामान्य किसी वर्ग के सभी विशेषों में पाये जाने वाला सारतत्त्व है। जैसे– मनुष्य एक वर्ग है, जिसके सभी विशेषों अर्थात् सभी मनुष्यों में 'मनुष्यत्त्व' नामक सामान्य पाया जाता है। दूसरे शब्दों में सामान्य का प्रत्यय पाये जाने के लिए उसके अनेक विशेष उदाहरणों का होना अनिवार्य है किन्तु देश एवं काल के अनेक विशेष नहीं होते हैं। ये दोनों अपने प्रकार के एकमात्र

प्रत्यय हैं। जब हम विभिन्न साधनों (देश) की बात करते हैं तो वे देश के उदाहरण नहीं है बल्कि उसके अंश हैं। इसी प्रकार जब हम विभिन्न कालों (ग्रीष्म काल, वर्षा काल, प्रातः काल, सायं काल इत्यादि) की बात करते हैं तो ये काल के उदाहरण नहीं अपितु काल के अंश हैं जो समग्रता में काल कहते जाते है। अतः देश–काल शुद्ध प्रत्यक्ष है। वे प्रत्यक्ष हैं क्योंकि वे विशेष है और ये शुद्ध हैं क्योंकि सर्वव्यापक हैं।

14.7.4 देश–काल अनन्त एवं अखण्ड है –

काण्ट कहते है कि देश–काल अनन्त,अखण्ड एवं अविभाज्य हैं। देश–काल अनन्त है। क्योंकि इन्हें किसी सीमा नहीं बाँध जा सकता है। देश–काल अखण्ड एवं अविभाज्य है क्योंकि देश एवं काल का विभाजन 'क्रमशः देश खण्डों एवं काल खण्डों में की नहीं किया जा सकता है। देश–काल का अनन्त, अविभाज्य एवं सर्वव्यापी होना उसे प्रागनुभविक बनता है जबकि विशेष होना प्रत्यक्ष का विषय बनता है इसलिए काण्ट देश–काल को प्रागनुभविक प्रत्यक्ष कहते हैं।

उपर्युक्त तर्क तृतीय तर्क के आधार को पुष्ट करता है। काण्ट देश–काल को 'प्रदत्त अनन्त महत्परिणाम (Unfinite Given Magnitude) कहते हैं। यदि देश–काल इन्द्रियानुभविक सम्प्रत्यय होते तो इन्हें अनन्त परिणाम वाला नहीं कहा जा सकता है क्योंकि इन्द्रियानुभविक सम्प्रत्ययों का परिणाम निर्धारित होता है किन्तु देश–काल के परिणाम को निर्धारित नहीं किया जा सकता है। अतः ये सम्प्रत्यय न होकर संवेदन है।

14.8 क्या रिक्त देश एवं रिक्त काल संभव है –

न्यूटन ने रिक्त देश एवं रिक्त काल को संभव माना है क्योंकि देश एवं काल से क्रमशः सभी वस्तुओं और घटनाओं को निकाला जा सकता है। किन्तु काण्ट न्यूटन के विचार से सहमत नहीं है। उनके अनुसार देश एवं काल की सार्थकता वस्तुओं और घटनाओं के संदर्भ में ही है। पुनः काण्ट कहते हैं कि यदि देश–काल से वस्तुओं और घटनाओं को निकाल दिया जायेगा तो उन्हें किसी न किसी देश–काल में रखना होगा क्योंकि देश–काल वस्तुओं एवं घटनाओं की पूर्वपेक्षा हैं।

हलॉकि न्यूटन के मत का खण्डन करने के उपरान्त भी काण्ट यह कहते हैं कि देश–काल के विषय में सोचा जा सकता है जिसमें वस्तुएँ एवं घटनाएं न हों इस संदर्भ में काण्ट के मत के संरक्षण में एच.जे.पेंटन ने अपनी कृति 'Kant's Metaphysies of Experience' में कहते हैं कि काण्ट का आशय सभी वस्तुओं एवं घटनाओं को देश–काल से हटाया नहीं है अपितु उनका आशय है कि कुछ वस्तुओं और घटनाओं को देश–काल से निकाल दिया जाये तब भी देश–काल रहेंगे लेकिन किसी वस्तु या घटना से देश–काल को निकाल दिया जाये तो वस्तु एवं घटना संभव नही है।

14.9 क्या देश–काल का तात्त्विक निगमन सुसंगत है?

काण्ट द्वारा प्रतिपादित देश–काल के तात्त्विक निगमन की सुसंगतता पर कुछ दार्शनिकों ने प्रश्न उठायें हैं।

(1) काण्ट ने देश–काल को एक–दूसरे से स्वतंत्र माना है किन्तु ऐसा संभव नही है। काल केवल आन्तरिक विषयों का निर्धारण करता है बाह्येन्द्रियों के प्रत्येक विषय का निर्धारण देश एवं काल दोनों से होता है। अतः देश–काल प्रत्यक्ष के दो परस्पर पृथक आकार न होकर एकाकार हैं।

(2) काण्ट द्वारा प्रतिपादित प्रागनुभविक प्रत्यक्ष की अवधारणा भ्रामक है क्योंकि जो प्रागनुभविक होता है वह प्रत्यक्ष का विषय नहीं हो सकता है क्योंकि प्रत्यक्ष होने के लिए आनुभविक होना अनिवार्य है।

(3) स्ट्रासन का मत है कि जिसका संवेदन प्राप्त होता है उसकी वास्तविक सत्ता हो, यह अनिवार्य नही है। जैसे– रेगिस्तान में मृग मरीचिका की संवेदना प्राप्त होती है किन्तु इसकी वास्तविक सत्ता नहीं है।

निष्कर्षत : कहा जा सकता है काण्ट देश–काल के संबंध में पूर्ववर्ती मतों की समीक्षा करने के उपरान्त अपने मत का प्रतिपादन करते हैं। वे देश–काल की तात्त्विक व्याख्या के संबंध में प्रमाणों को प्रस्तुत करते हैं। ये

प्रमाण आलोचना से मुक्त नहीं हैं किन्तु काण्ट की तात्त्विक व्याख्या तार्किक तत्त्वमीमांसा के रूप में दर्शन की समृद्धि में सहायक है।

14.10 बुध्दि –विकल्प की परिभाषा –

काण्ट बुद्धि–विकल्पों को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि इन्द्रियानुभव द्वारा प्राप्त संवेदनों को नियमित, प्रबन्धित एवं समन्वित करने वाले संसाधनों को बुद्धि विकल्प (Categories) कहा जाता है। बुद्धि–विकल्प नित्य साँचों के समान हैं जो इन्द्रिय संवेदनों को ज्ञान का स्वरूप प्रदान करते हैं।

हमारा समस्त ज्ञान इन्द्रिय संवेदन एवं बुद्धि–विकल्पों के योग से निर्मित होता है। इस प्रक्रिया में इन्द्रिय संवेदन उपादान का कार्य करते हैं तथा बुद्धि विकल्प नित्य साँचे के समान हैं जिसमें उपादान सामग्री ढलकर ज्ञान का स्वरूप प्राप्त करती है। ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार मिट्टी साँचे में ढलकर मूर्ति की स्वरूप प्राप्त करती है। इन्द्रिय संवेदन अस्त व्यस्त, विश्रृंखल व असम्बद्ध होते हैं। बुद्धि विकल्प इन्हें नियमित, व्यवस्थित व सम्बद्ध कर ज्ञान का रूप देते हैं। इसी सम्बंध में काण्ट की प्रसिद्ध उक्ति है इन्द्रिय संवेदनों के बिना बुद्धि विकल्प पंगु हैं तथा बुद्धि विकल्पों के बिना इन्द्रिय संवेदन अंधे हैं। हमारे ज्ञान में सत्यता एवं यथार्थता इंद्रिय संवेदनों से तथा अनिवार्यता एवं सार्वभौमिकता बुद्धि–विकल्पों से आती है। क्योंकि इंद्रिय संवेदन हमारे मन की रचना न होकर जगत के वास्तविक पदार्थों द्वारा उत्पन्न होते हैं इसीलिए हमारा ज्ञान इन्द्रिय संवेदनों तक ही सीमित होता है। इन्द्रिय संवेदनों के अभाव में सत्य एवं यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती है। परमार्थ के इंद्रिय संवेदना प्राप्त नहीं होते हैं इसलिए परमार्थ के सम्बंध में हम सत्य एवं यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं।

हमारे ज्ञान में अनिवार्यता एवं सार्वभौमिकता बुद्धि–विकल्पों से आती है। हमारी आत्मा सक्रिय रूप में इंद्रिय संवेदनों को ग्रहण कर बुद्धि में ज्ञान का स्वरूप देने हेतु प्रस्तुत करती है। बुद्धि अपने विकल्पों से संवेदनों को गुजारकर ज्ञान का स्वरूप प्रदान करती है। बुद्धि – विकल्प सार्वभौमिक एवं अनिवार्य रूप से सभी व्यक्तियों में समान रूप से पाये जाते हैं। जिससे सभी ज्ञान में निश्चितता, अनिवार्यता एवं सार्वभौमिकता समान रीति से पायी जाती है। परमार्थ के इंद्रिय संवेदन प्राप्त नहीं होते है। अतः इंद्रिय संवेदनों के अभाव में बुद्धि को व्यवस्थित एवं नियमित करने हेतु कोई सामग्री प्राप्त नहीं होती है। यही कारण है कि परमार्थ के विषय में अनिवार्य एवं सार्वभौम ज्ञान की प्राप्ति नहीं की जा सकती है।

इन्द्रिय संवेदनों को ज्ञान का स्वरूप प्राप्त करने के लिए बुद्धि – विकल्पों से गुजरना ही पड़ता है। बुद्धि विकल्पों इन्द्रिय संवेदन व देश–काल नामक दो मानसिक चश्मों के माध्यम से प्राप्त होते हैं। बुद्धि के नियम सार्वभौम, अनिवार्य एवं निश्चित होते हैं। ये नियम उत्पत्ति की दृष्टि से इन्द्रियानुभव –निरपेक्ष हैं किन्तु अभिव्यक्ति की दृष्टि से इन्द्रियानुभव सापेक्ष हैं। इस प्रकार कहा जा सकता है कि ज्ञान का आरम्भ अनुभव से प्राप्त इन्द्रिय संवेदनों से तथा पूर्णता बुद्धि द्वारा इन्द्रिय संवेदन को व्यवस्थित एवं नियमित करने से होती है। इस संदर्भ में काण्ट की प्रसिद्ध उक्ति है कि समस्त ज्ञान का आरम्भ अनुभव से होता है किन्तु इसकी प्राप्ति अनुभव से न होकर बुद्धि से होती है।

14.11 बुध्दि के कार्य –

बुद्धि इन्द्रिय संवेदनों के रूप में देश–काल के माध्यम से प्राप्त अस्त–व्यस्त, एवं अनियमित संवेदनों को बुद्धि–विकल्पों से गुजारकर व्यवस्थित एवं नियमित करने का कार्य करती है। बुद्धि किसी विषय–वस्तु के संवेदनों को व्यवस्थित कर निर्णय या परामर्श के रूप में प्रस्तुत करती है। काण्ट बुद्धि के कार्य को स्पष्ट करने के लिए दृष्टान्त का सहारा लेते हैं कि बुद्धि का कार्य को चीटियों के समान एकत्रित करना नहीं है, न ही मकडियों के समान सामग्री को अपने अन्दर से उत्पन्न करके जालों के निर्माण करने के समान है अपितु बुद्धि मधुमक्खियों के समान कार्य करती है। जिस प्रकार मधुमक्खियाँ फूलों से रस को एकत्रित करती हैं और उसे संसाधित कर मधु का रूप देती हैं। ठीक उसी प्रकार बुद्धि इन्द्रिय संवेदनों से प्राप्त सामग्री को बुद्धि विकल्पों

से नियमित एवं प्रबन्धित करके ज्ञान का स्वरूप देती हैं। यह ज्ञान किसी वस्तु के सम्बंध में निर्णय या परामर्श के रूप में जाना जाता है।

